CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 24°C

बरेली, शुक्रवार 18 जुलाई 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 233 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



स्वच्छता हमारी जीवनशैली का हिस्सा: राष्ट्रपति मुर्मू पेज 2



प्रगनानंदा ने वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को 39 चालों में हराया खेल टाइम्स



नस्लवाद को हराने वाला मानवता का योद्धा नेल्सन मंडेला सम्पादकीय



इजरायल में नेतन्याहू की सरकार गिरने की कगार पर पेज़ 12

## आकाश प्राइम डिफेंस सिस्टम का भारत ने किया सफल परीक्षण

### मिसाइल ने 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर उड़ रहे दो टारगेट मार गिराए

शाह टाइम्स ब्यूरो



- एक साथ 64 टारगेट को ट्रैक कर 12 को करेगा नष्ट
- चीन और पाकिस्तान के हमलों से बचाएगा

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित वायु रक्षा प्रणाली 'आकाश प्राइम' का सफल परीक्षण किया है।

इस एडवांस मिसाइल सिस्टम को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस सिस्टम ने पूर्वी लद्दाख में 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर उड़ रहे दो ड्रोन मार गिराए। 'आकाश प्राइम' एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण थल सेना की एयर डिफेंस विंग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। डीआरडीओ ने ही यह सिस्टम विकसित किया। यह प्रणाली लद्दाख के चुनौतीपूर्ण मौसम में सटीक प्रहार करने में सक्षम पाई गई। इस प्रणाली को डीआरडीओ ने ही विकसित किया है। यह प्रणाली लद्दाख के चुनौतीपूर्ण मौसम में सटीक प्रहार करने में सक्षम पाई गई। जल्द ही इसे दुश्मन की हवाई चुनौतियों का सामना करने के लिए मैदान में लाया जाएगा। यह सिस्टम 4500 मीटर से अधिक ऊंचाई पर काम करने के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

## बेंगलुरु भगदड़: कर्नाटक सरकार ने RCB को जिम्मेदार बताया

- कोहली का वीडियो डालकर लोगों को बुलाया, फ्री पास से भीड़ हुई बेकाबू

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री डे परेड पर हुई भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार की रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई।

रिपोर्ट में हादसे का जिम्मेदार आरसीबी को बताया गया है। इसमें कोहली का भी जिक्र है। कर्नाटक सरकार ने कहा है कि आरसीबी ने चिन्नास्वामी में आयोजित विक्ट्री परेड के लिए सरकार से कोई अनुमति नहीं ली थी। भीड़ ज्यादा होने से भगदड़ मची। जिसमें 11 लोगों की जान गई और 50 घायल हुए। हालांकि सरकार ने यह भी कहा कि आयोजन को अचानक रद्द करने से हिंसा भड़क सकती थी और शहर में कानून-व्यवस्था बिगड़ जाती। सरकार ने 15 जुलाई को हाईकोर्ट को रिपोर्ट सौंपी थी।

## भारत के साथ टैक्स फ्री व्यापार के मूड में ट्रम्प

### हमारे सामानों पर भारत टैक्स नहीं लगाएगा, लेटर भेजूंगा और इंडोनेशिया जैसा समझौता हो जाएगा

वाशिंगटन, वार्ता



इंडोनेशिया में अमेरिकी प्रोडक्ट पर जीरो प्रतिशत टैरिफ

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रेड डील को लेकर बड़ा दावा किया है। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी उत्पादों को जल्द भारत के बाजारों में पहुंच मिलने वाली है। उन्होंने दावा किया है कि इंडोनेशिया फॉर्मूले वाली डील भारत के साथ भी होगी। अमेरिकी उत्पादों पर भारत में भी जीरो टैरिफ लगेगा।

ट्रम्प ने इंडोनेशिया पर 19 फीसदी टैरिफ लगाया था। एक अगस्त से इंडोनेशिया से अमेरिका जाने वाले सामानों पर 19 फीसदी टैरिफ चुकाना होगा। वहीं, अमेरिकी सामानों पर इंडोनेशिया में कोई टैरिफ नहीं देना होगा। ट्रम्प ने कहा कि हमने कई बेहतरीन देशों के साथ समझौते किए हैं। हमारा एक और समझौता होने वाला है, शायद भारत के -शेष पृष्ठ दो पर

### पिछले छह महीने में अमेरिका से 1563 भारतीय नागरिक निर्वासित

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने विदेशी नागरिकों के प्रवास से संबंधित नियमों में बदलाव के बाद पिछले छह महीने में 1563 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है और इनमें से अधिकतर वाणिज्यक उड़ानों से भारत आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा कि अमेरिका ने 20 जनवरी से 15 जुलाई के बीच 1563 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है। उन्होंने कहा कि इनमें से अधिकतर वाणिज्यक उड़ानों से स्वदेश आए हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग अलग-अलग बैच में स्वदेश आए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग पिछले सप्ताह भी अमेरिका से लौटे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इनकी नागरिकता संबंधी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### तरनजीत संधू अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के बोर्ड के सलाहकार होंगे

**नई दिल्ली।** वाशिंगटन में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू गैर सरकारी संगठन, अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के बोर्ड के सलाहकार होंगे और मंच के भू-राजनीतिक संस्थान के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। राजनयिक के रूप में करीब चार दशक का अनुभव रखने वाले श्री संधू नई भूमिका में भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप-आर्थिक गलियारा, हिंद-प्रशांत चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता (क्वाड) और 'भारत, इज़राइल, अमेरिका और यूएई' (आई2यू2) जैसी पहलों पर मंच की रणनीतिक गतिविधियों का मार्गदर्शन करने के लिए अपनी कूटनीतिक कुशलता का इस्तेमाल करेंगे।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामला: संकट में घिरे रॉबर्ट वाड्रा, चार्जशीट दाखिल

शाह टाइम्स ब्यूरो



- मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में ईडी की चार्जशीट में कई और नाम भी किए गए हैं शामिल

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसाई रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में आरोप पत्र दायर कर दिया है। इसमें कई अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, ईडी ने शिकोहपुर भूमि सौदा मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक पूरक अभियोजन शिकायत दायर की है। मामला सितम्बर 2018 का है, जब सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में भ्रष्टाचार, जालसाजी और धोखाधड़ी सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। वाड्रा पर आरोप हैं कि उनसे जुड़ी कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। इस सौदे का म्यूटेशन भी असामान्य तरीके से कर दिया गया। आरोप है कि हरियाणा के तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार ने इस जमीन में से 2.70 एकड़ जमीन को कमर्शियल कॉलोनी के तौर पर डेवलप करने की इजाजत देते हुए रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी को इसका लाइसेंस दिया था। आवासीय परियोजना का लाइसेंस मिलने के बाद जमीन की कीमत बढ़ गई। बाद में वाड्रा से जुड़ी कंपनी ने ये जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ में बेच दी। आगे चलकर हुड्डा सरकार ने आवासीय परियोजना का लाइसेंस डीएलएफ को ट्रांसफर कर दिया। आरोप है कि इस पूरी डील में कई अनियमितताएं की गई। हरियाणा पुलिस ने 2018 में इस सौदे से जुड़े मामले में केस दर्ज किया। आगे चलकर ईडी ने भी इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की। रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े इस मामले में हुई कथित गड़बड़ी का खुलासा आईएएस अशोक खेमका ने किया था। इसके बाद वे सुर्खियों में आ गए थे। बीते एक दशक से रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ लगे आरापों का इस्तेमाल विपक्षी पार्टियों ने अलग-अलग चुनावों में कांग्रेस पर आरोप साधने के लिए किया है। दिसम्बर 2023 में ईडी ने इस मामले में यूएई स्थित व्यवसाई सीसी थंपी और ब्रिटेन के हथियार डीलर संजय भंडारी के रिश्तेदार सुमित चड्ढा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

### लापरवाही बरतने के आरोप में होम्योपैथी निदेशक निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थानांतरण सत्र शून्य होने के बावजूद डाक्टरों के ट्रांसफर पोस्टिंग समेत अन्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरते जाने के आरोप में निदेशक होम्योपैथी प्रो. अरविंद कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान उन्हें राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गाजीपुर से सम्बद्ध कर दिया गया है। आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रो. वर्मा के खिलाफ प्रेषित प्राथमिक जांच आख्या एवं स्थानांतरण सहित पदीय दायित्वों के निर्वहन में संदिग्ध भूमिका, कर्तव्यनिष्ठा का अभाव एवं भ्रामक तथ्यों को प्रस्तुत कर दिग्भ्रमित करने की प्रवृत्ति तथा शिथिल एवं सवेदनहीन कार्यशैली पाई गई है। जिसके आरोप में प्रो. वर्मा को तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय/ अनुशासनिक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कुमारस्वामी को दी राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को अदालती अवमानना कार्यवाही में आरोपी बनाने से संबंधित कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक आदेश पर गुरुवार को रोक लगाकर उन्हें राहत दी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने निर्देश दिया कि श्री कुमारस्वामी को अवमानना मामले में आरोपी बनाने संबंधी कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को स्थगित रखा जाए। पीठ ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पुत्र एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री तथा जनता दल सेक्युलर नेता की ओर से दायर एक याचिका पर गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'समाज परिवर्तन समुदाय' को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा।

### ईडी ने शुरू की छांगुर बाबा के ठिकानों पर छापेमारी

**लखनऊ।** उप्र में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की कार्रवाई गुरुवार सुबह शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार छापेमारी की कार्रवाई गुरुवार सुबह शुरू हुई। ईडी ने बलरामपुर में 12 और मुंबई में दो ठिकानों पर छापे मारे। ईडी ने 100 करोड़ रुपये के अवैध फंडिंग के मामले में यह कार्रवाई की है। छांगुर बाबा पर धर्मांतरण, विदेशी धन के दुरुपयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंचाना और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाली गतिविधियों के गंभीर आरोप हैं, जिसकी जांच के बाद ईडी ने छापेमारी शुरू की है।

### शुभांशु शुक्ला का स्वास्थ्य बेहतर

**चेन्नई।** इसरो ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से 18 दिनों के प्रवास के बाद वापस लौटे अंतरिक्ष यात्री, शुभांशु शुक्ला का स्वास्थ्य स्थिर और बेहतर है।

## अमरनाथ रूट पर लैंडस्लाइड से महिला की मौत, यात्रा रुकी

**नई दिल्ली।** यूपी में भारी बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं।

नदियों के आसपास की 5 लाख आबादी पानी से घिर गई है। श्मशान घाट में पानी भर गया है। सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है। उधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश की वजह से बुधवार को अमरनाथ यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड हुई। गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, तीन घायल हो गए। इससे यात्रा दिनभर के लिए रोक दी गई। हिमाचल में 20 जून से अब तक 109 लोगों की मौत हो चुकी है।

## जजों पर मुकदमे को लेकर सुप्रीम कोर्ट का सवाल

- याचिकाकर्ता से कोर्ट ने पूछा: ऐसा किस कानून के तहत संभव

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के वर्तमान न्यायाधीशों के खिलाफ उनके न्यायिक निर्णयों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर सवाल किया कि ऐसा किस कानून के तहत किया जा सकता है।

इसके साथ ही, न्यायालय ने इस पर सलाह देने के लिए न्यायमित्र नियुक्त किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने याचिका की सुनवाई की योग्यता पर सवाल उठाया वयाचिकाकर्ता के वकील से पूछा कि किस कानून के तहत न्यायाधीशों पर निर्णय देने के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है। सिर्फ इसलिए कि अवैध या विकृत याचिकाएं दायर की जा रही हैं। आप न्यायाधीशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग नहीं कर सकते। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल ने एक परीक्षा में टॉप किया था, लेकिन विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों ने उन्हें राहत देने से इन्कार कर दिया। इसके बाद उन्होंने उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई का अनुरोध किया।

## अमेरिकी अखबारों को कैप्टन सुमित के निर्णय पर संदेह

### अहमदाबाद ड्रीमलाइनर क्रैश मामला

अहमदाबाद, वार्ता



- कैप्टन ने बंद की फ्यूल सप्लाई,वॉल स्ट्रीट जर्नल के दावे पर भारतीय एक्सपर्ट ने किया सवाल: क्या उनके पास हमसे ज्यादा जानकारी

**अहमदाबाद में** 12 जून को क्रैश हुए एयर इंडिया के विमान के दोनों पायलटों के बीच आखिरी बातचीत को लेकर नया दावा सामने आया है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि विमान के कैप्टन सुमीत सभरवाल ने इंजनों में फ्यूल की सप्लाई रोकी थी।

डब्ल्यूएसजे ने बताया कि यह खुलासा दोनों पायलटों के बीच बातचीत की कॉकपिट रिकार्डिंग से हुआ है। वॉयस रिकॉर्डिंग से पता चला कि बोइंग विमान उड़ा रहे को-पायलट क्लाइव कुंदर ने कैप्टन सुमीत सभरवाल से पूछा कि आपने फ्यूल स्विच को कटऑफ पोजिशन में क्यों कर दिया। सवाल करते समय को-पायलट हैरान थे। उनकी आवाज में घबराहट थी, जबकि कैप्टन सुमीत शांत दिखे। कैप्टन सुमीत सभरवाल के पास 15,638 घंटे और को-पायलट क्लाइव कुंदर के पास 3,403 घंटे उड़ान अनुभव था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने यह बात जांच से जुड़े अमेरिकी सूत्रों के हवाले से दी है। हालांकि, इस पर भारतीय एजेंसियों ने कोई जवाब नहीं दिया है। वहीं, वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट आने के बाद एविएशन एक्सपर्ट संजय लजार ने जांच रिपोर्ट लीक होने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह हैरान करने वाली बात है कि अमेरिका का मीडिया भारत की संसद और नागरिक उड्डयन मंत्रालय से ज्यादा जानकारी रखता है। ये रिपोर्ट भारत में पूरी पारदर्शिता पर सवाल उठाती है। प्रधानमंत्री को मामले की जांच किसी हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवानी चाहिए।

## यमन में भारतीय नर्स निमिषा को माफी नहीं

सना, वार्ता



- मृतक का भाई बोला- मुआवजा नहीं चाहिए
- सजा में भले ही देरी हो, बदला लेकर रहेंगे

**यमन के** नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में फंसी भारत की नर्स निमिषा प्रिया को माफ करने से महदी परिवार ने इन्कार कर दिया है।

महदी के भाई अब्देल फत्तह महदी ने सोशल मीडिया पर साफ कहा कि मैं अपने भाई की हत्या के मामले में कोई माफी या समझौता नहीं चाहता। महदी ने कहा कि न्याय की जीत होगी, भले ही सजा में देरी हो, लेकिन बदला लेकर रहेंगे। चाहे कोई भी कितना दबाव डाले या मिन्नतें करे, हम क्षमा नहीं करेंगे और ब्लड मनी (खून के बदले दी जाने वाली रकम) नहीं लेंगे। निमिषा को मौत की सजा 16 जुलाई को होनी थी, लेकिन इसे फिलहाल टाल दिया गया है। महदी ने कहा कि हम शरियत कानून के तहत 'किसास' यानी बदले की मांग करते हैं। निमिषा को मौत की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर

### निमिषा की मदद को सरकार कर रही प्रयास

**नई दिल्ली।** यमन में फांसी की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया केस पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार निमिषा प्रिया की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि हमने कानूनी मदद उपलब्ध कराई है और उनके परिवार की सहायता के लिए एक वकील भी नियुक्त किया है। हम स्थानीय अधिकारियों और उनके परिवार के संपर्क में हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को मिल सकता है सेवा विस्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार मिल सकता है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के सेवा विस्तार का अनुरोध किया है। सिंह का 31 जुलाई, 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इनको दुर्गा शंकर मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद 30 जून, 2024 को राज्य के शीर्ष पद पर नियुक्त किया गया था। दरअसल मनोज कुमार सिंह से पहले यूपी के मुख्य सचिव रहे पूर्व आईएएस दुर्गाशंकर मिश्रा को दो बार एक-एक साल के लिए और तीसरी बार छह महीने के लिए सेवा विस्तार मिला था।

### बिहार में 125 यूनिट बिजली मिलेगी मुफ्त

**पटना।** बिहार सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का एलान किया है। बिहार विधान सभा चुनाव से पूर्व नीतीश सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का एलान किया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, सरकार शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रही है। अब तय किया गया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के कुल एक करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। यह भी तय किया गया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा।

# पिछले आठ साल में 238 अपराधी हुए ढेर

## मेरठ जोन में सबसे ज्यादा कार्रवाई, 7.69 अपराधी दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण ने गुरुवार को कहा कि 2017 के बाद से अपराधियों के साथ 14 हजार से अधिक मुठभेड़ों में पुलिस ने 238 दुर्दांत बदमाशों को मार गिराया जबकि नौ हजार से अधिक के पैर में गोली मारी गई।

इस अवधि में 30 हजार से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर अमल करते हुए पुलिस ने अपराध पर कड़ी कार्रवाई जारी रखी है। पिछले आठ वर्षों में 14 हजार 973 ऑपरेशन चलाए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 30 हजार 694 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से पुलिस पर हमला करने वाले नौ हजार 467 अपराधियों के पैर में गोली लगी, जबकि 238 मुठभेड़ों में मारे गए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ ज़ोन में सबसे ज्यादा कार्रवाई हुई, जहां 7,969 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 2,911 घायल हुए। आगरा ज़ोन में 5,529 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 741 घायल हुए। बरेली ज़ोन में 4,383 अपराधी पकड़े गए और 921 घायल हुए। वाराणसी ज़ोन में पुलिस ने 2,029 अपराधियों को गिरफ्तार किया और 620 घायल हुए। गौतम बुद्ध नगर कमिश्नरेट में सबसे ज़्यादा गिरफ्तारियां हुईं, जहां 1,983 अपराधी पकड़े गए और 1,180 घायल हुए। गाजियाबाद कमिश्नरेट में 1,133 गिरफ्तार किए गए और 686 घायल हुए, जबकि आगरा कमिश्नरेट में 1,060 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 271 घायल हुए। डीजीपी कृष्णा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के कार्यभार संभालने के बाद से उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता उत्तर प्रदेश से कानून का राज स्थापित करना और अपराधियों का सफाया करना है।

# स्वच्छता हमारी जीवनशैली का हिस्साः राष्ट्रपति

## दिल्ली में पुरस्कार समारोह को सम्बोधित करते हुए बोलीं द्रौपदी मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग है और सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है।

मुर्मू ने गुरुवार को यहां स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में अपने संबोधन में कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आवा. सन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए दुनिया का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण आयोजित किया, जिसमें विभिन्न हितधारकों, राज्य सरकारों, शहरी निकायों और लगभग 14 करोड़ नागरिकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है। अपने घरों, पूजा स्थलों और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे, स्वच्छता ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है।

वे स्वच्छता को धर्म, अध्यात्म और नागरिक जीवन की आधारशिला मानते थे। उन्होंने कहा कि वह अधिसूचित क्षेत्र परिषद की उपाध्यक्ष के रूप में प्रतिदिन वार्डों का दौरा करती थीं और स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण करती थीं।

### इंदौर लगातार 8वीं बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर

**सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे नंबर पर, लखनऊ की लंबी छलांग, 44वें से तीसरे स्थान पर पहुंचा**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर को लगातार आठवीं बार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला। ऐसे ही सूरत को दूसरा स्थान मिला। इससे पहले मध्य प्रदेश का इंदौर लगातार सात बार देश के सबसे स्वच्छ शहर बनने का खिताब हासिल कर चुका है। वहीं कचरा प्रबंधन में बेहतर सुधार करके लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में देशभर में लखनऊ को तीसरा स्थान मिला है। गुरुवार को दिल्ली में इसकी घोषणा हुई।

## जयपुर में आयोजित सहकारी एवं रोजगार उत्सव समारोह में बोले शाह

# मोदी ने किया देश को सुरक्षित करने का काम

**जयपुर, वार्ता**



■ सबसे बड़ा काम करते हुए समृद्ध एवं विकसित भारत के सपने को जमीन पर उतारने का किया: गृहमंत्री

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में लोककल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाने के साथ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर देश को सुरक्षित करने का सबसे बड़ा काम करते हुए समृद्ध एवं विकसित भारत के सपने को जमीन पर उतरने का काम किया हैं।

शाह गुरुवार को जयपुर जिले के दादिया गांव में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर आयोजित सहकार एवं रोजगार उत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश कांग्रेस के शासन में आतंकवादी हमलों से त्रस्त था, लेकिन मोदी ने जब पूरी में आतंकवादी हमला हुआ तो सर्जिकल स्ट्राइक की और जब पूलवामा हमला हुआ, तब एयर स्ट्राइक और पहलगाम आतंकवादी हमले होने पर ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के घर में जाकर आतंकवादियों के परखचे उड़ाकर पूरी दनिया को मजबूत संदेश भेजने का काम किया कि भारत के नागरिकों, सेना और सीमा के साथ छेड़खानी नहीं करते, तो यह नतीजे नहीं भुगतने पड़ते। उन्होंने कहा कि इस प्रकार मोदी ने देश को समृद्ध एवं विकसित भारत बनाने के सपने को जमीन पर उतरने एवं उसे सच्चा करने का काम किया हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश ग्यारहवें स्थान से चौथे स्थान पर आकर दूनियां का चौथा अर्थ तंत्र बन चुका है। मोदी ने पिछले ग्यारह साल में गेंहू सहित कई पफसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमसएपी) में वृद्धि करने का काम किया। इसके अलावा उन्होंने 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम भी किया, वहीं 60 करोड़ लोगों के घरों में शोचालय बनाने का काम किया गया। शाह ने कहा कि राजस्थान को ऊंटों की भूमि वाला प्रदेश के रूप भी जाना जाता है और सहकारिता का उपयोग ऊंट की नस्ल सुधारने एवं ऊंटनी के दूध का शोध भी शुरू किया गया जिससे आने वाले समय में ऊंट के संरक्षण पर कोई खतरा नहीं आएगा। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रदेश पेपर लीक से भी त्रस्त था, लेकिन एसआईटी गठन करके राज्य सरकार ने कठोर संद. `श पेपर माफिया के खिलाफ दिया है। शर्मा के नेतृत्व में वैश्विक निवेश सम्मेलन का आयोजन कर 35 लाख करोड़ के एमओयू किए गए और तीन लाख करोड़ के एमओयू पर काम शुरु हो गया है।

### राजस्थान के हर घर में पहुंच रहा है पानी

शाह ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के वैट में भी कटौती की गई और 450 रुपए में एलपीजी का सिलेंडर भी दिया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा से यमुना का पानी लाने के लिए डीपीआर मंजूर की गई और जलजीवन मिशन के तहत घरों में पानी पहुंचाने का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भजनलाल शर्मा अच्छा काम कर रहे हैं और प्रदेश में सहकारिता मजबूत हो रही है। केन्द्र सरकार और राजस्थान सरकार राजस्थान सहाकारिता आंदोलन को और मजबूत करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में 31 करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े हुए हैं और मोदी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना कर चार साल में कई प्रयासों से सहकारिता को मजबूत करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि गत सौ साल में सहकारिता ने देश के विकास में बड़ा विकास दिया हैं और आने वाले साल भी सहकारिता के साल हैं जिसमें हर गावं एवं हर किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार ने एक मंत्रालय स्थापित किया हैं।

# यूपी में खाद का भारी संकट कालाबाजारी चरम परः अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खाद का संकट है, जबकि निजी विक्रेता कालाबा. जारी कर रहे हैं। यादव ने गुरुवार को कहा कि किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है। खरीफ की फसल विशेष कर धान की रोपाई का सीजन चल रहा है। किसान को फसलों के लिए डीएपी, यूरिया की जरूरत है, लेकिन सहकारी समितियों में खाद नहीं है। निजी विक्रेता कालाबाजारी, मुनाफाखोरी और ओवर रेटिंग कर रहे हैं। विभाग और सरकार की लापरवाही और लचर रवैये से किसान मारा-मारा फिर रहा है। उन्होंने कहा कि गोंडा, बस्ती, हाथरस, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, समेत तमाम जिलों में खाद का संकट है। भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई है, तब से हर साल किसानों को खाद संकट का सामना करना पड़ रहा है। पुरुष किसानों के साथ-साथ महिलाओं को भी खाद के लिए सुबह से ही सहक. ारी समितियों पर लाइन लगानी पड़ रही है। कई घंटे लाइन में लगने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिलती है। किसानों का दर्द तब और बढ़ जाता है, जब खाद के बजाय उन्हें पुलिस की लाठियां और प्रताड़ना मिलती है। यादव ने कहा कि लखीमपुर खीरी के श्रीनगर की बहुउद्देशीय सहकारी समिति संकर भद्रा में 16 जुलाई को किसान खाद लेने के लिए पहुंचे। उनमें बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाएं थी। किसानों को खाद नहीं मिली। पुलिस ने लाठीचार्ज किया।



**सेंसेक्स** 82259.24
**निफ्टी** 25111.45



**सोना रु.** 97370
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 110937
प्रति किलो



# ट्रम्प के बयान से भारतीय शेयर बाजारों पर दबाव

**मुंबई, वार्ता**



भारतीय शेयर बाजारों में दो दिन की तेजी के बाद गुरुवार को गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 375.24 अंक यानी 0.45 प्रतिशत लुढ़ककर 82,259.24 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 100.60 अंक टूटकर 25,111.45 अंक पर रहा जो 0.40 प्रतिशत की गिरावट है। सुबह के कारोबार में बाजार हरे निशान में खुले थे, लेकिन कुछ ही देर बाद गिरावट में चले गए। दोपहर बाद बाजार की गिरावट बघ्ती गई। निफ्टी-50 ने 18. 70 अंक की बढ़त में 25,230.75 अंक पर शुरुआत की। यह 25,230.75 अंक तक चढ़ा, लेकिन फिर बाजार में बिकवाली हावी हो गई। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र की कंपनियों में निवेशकों ने बिकवाली की। आशिका समूह के आशिका स्टॉक ब्रोकिंग ने बताया कि आज के कारोबार में निवेशकों की धारणा में तेजी से बदलाव देखा गया। बाजार में ओवरऑल गिरावट के बीच रियलिटी, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और फार्मा सेक्टरों में तेजी रही। आईटी, बैंकिंग और वित्तीय सेवा सेक्टरों पर दबाव रहा। अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल की जमकर आलोचना की है। इससे पावेल के भविष्य और फेडरल रिजर्व की नीतियों को लेकर बाजार में अनिश्चितता पैदा हो गई है। इसके अलावा ट्रम्प ने यह भी कहा है कि भारत को लेकर टैरिफ के बारे में जल्द फैसला संभव है। इससे भी निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं। आशिका स्टॉक ब्रोकिंग के अनुसार फेड प्रमुख को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच वैश्विक स्तर पर निवेशकों का विश्वास डगमगाया है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट किया है कि पावेल को पद से हटाने का उनका कोई इरादा नहीं है, लेकिन इससे निवेश धारणा में कुछ खास सुधार नहीं हुआ है और निवेशक सावधानी बरत रहे हैं। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियां लाल निशान में रहीं। टेक्नोलॉजी कंपनी के शेयर सबसे ज्यादा 2.76 प्रतिशत लुढ़क गए। इंफोसिस में 1.61 प्रतिशत और एचसीएल टेक में 1. 20 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा स्टील के शेयर सबसे अधिक 1.62 प्रतिशत चढ़े। चौतरफा बिकवाली से एनएसई में ज्यादा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने सूचकांक भी दबाव में रहे। निफ्टी-100 में 0.37 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप-100 में 0.17 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 में 0.12 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्वास्थ्य, धातु, फार्मा और एफएमसीजी सेक्टरों में निवेशकों ने पैसा लगाया।

### सोना-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 130 गिरकर 97,370 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। जबकि चांदी की कीमत 263 कम होकर 1,10,937 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले चांदी 1,11,200 पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,150 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 रही। वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 रही। इनके अलावा भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,380 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,100 रही। ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# रुपया तीन महीने बाद 86 प्रति डॉलर से नीचे

**मुंबई, वार्ता**

कच्चे तेल और अमेरिकी मुद्रा में मजबूती के दबाव में रुपया गुरुवार को 14 पैसे टूट गया और कारोबार की समाप्ति पर अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में एक डॉलर का भाव 86.09 रुपए का रहा।

भारतीय मुद्रा इस साल अप्रैल के बाद पहली बार 86 रुपए प्रति डॉलर से नीचे उतरी है। वैश्विक कारकों में दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर का सूचकांक आज करीब 0.46 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा, घरेलू स्तर पर शेयर बाजारों की गिरावट से भी रुपए पर दबाव रहा। विदेशी निवेशकों की निकासी के कारण डॉलर की मांग बढ़ी है, जिससे भारती मुद्रा कमजोर हुई है। सुबह के कारोबार में रुपया दो पैसे की मजबूती के साथ 85.93 रुपए प्रति डॉलर पर खुला। एक समय यह 85.80 रुपए प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। बाद में डॉलर की मांग निकलने से रुपए पर दबाव आ गया और यह 86.13 रुपए प्रति डॉलर तक उतर गया। अंत में 14 पैसे की गिरावट के साथ 86.09 रुपए प्रति डॉलर बोला गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भी तेजी रही, जिससे तेल आयातकों की तरफ से डॉलर की मांग में तेजी रही। इसका असर भी रुपए पर देखा गया।

### बेंगलुरु में होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 से पहले मेगा रोड शो

**लखनऊ।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 से पूर्व 18 जुलाई को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू में मेगा रोड शो का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को कर्नाटक स्माल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सहयोग से यह रोड शो आयोजित किया जाएगा। इससे पहले नई दिल्ली और हैदराबाद में आयोजित रोड शोज ने निवेशकों, विदेशी प्रतिनिधियों और स्टार्टअप्स के बीच उत्तर प्रदेश के प्रति जबरदस्त उत्साह और विश्वास पैदा किया है। अब बेंगलुरू में होने जा रहा यह आयोजन दक्षिण भारत के टेक्नोलॉजी और इनोवेशन हब में उत्तर प्रदेश के कारोबारी विजन और नीतिगत स्पष्टता को पेश करने का एक बड़ा मंच बनेगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एमएसएमई, खादी व ग्रामोद्योग, हैंडलूम व टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान नेतृत्व करेंगे और 'टीम योगी' के प्रतिनिधि राज्य की कारोबारी क्षमताओं, अधोसंरचना, नीति सहयोग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस जैसे क्षेत्रों में हो रहे ऐतिहासिक परिवर्तनों की जानकारी साझा करेंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आकाश प्राइम...**बनाया गया है। यह सिस्टम किसी भी मौसम और भूभाग में बेहतर एक्यूरेसी प्रदान करता है। भारतीय सेना में आकाश वायु रक्षा प्रणालियों की तीसरी और चौथी रेजिमेंट में अब आकाश प्राइम को शामिल किया जाएगा। इससे देश का वायु रक्षा कवच और भी मजबूत होगा। यह सिस्टम 4500 मीटर से अधिक ऊंचाई पर काम करने के लिए बनाया गया है। आकाश प्राइम प्रणाली से एयर डिफेंस की तीसरी व चौथी रेजिमेंट का गठन होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान द्वारा ड्रोन के हमले करने के बाद से सेना की हवाई सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। बता दें कि सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के चीनी विमानों के साथ तुर्किए के ड्रोन हमले नाकाम किए थे। पर्वतीय क्षेत्रों व अत्यधिक ठंड में कारगर आक. ाश प्राइम एयर डिफेंस के लिए इस्तेमाल की जा रही मौजूदा आकाश प्रणाली का संशोधित रूप है। यह प्रणाली स्वदेशी सक्रिय रेडियो फ्रीक्वेंसी से लैस है। इसमें किए गए अन्य सुधार सुनिश्चित करते हैं कि इसका सटीकता से उच्चतम पर्वतीय इलाकों की अत्यधिक ठंड में इस्तेमाल हो सके। आकाश प्राइम की सटीक प्रति यूनिट कीमत सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं की गई है, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार, पूरी आकाश मिसाइल प्रणाली के विकास में लगभग 1,000 करोड़ रुपये (17 करोड़ डॉलर) की लागत आई है। यह अन्य देशों में विकसित ऐसी ही प्रणालियों के मुकाबले 8-10 गुना कम है।

**भारत के साथ...** साथ। मुझे नहीं पता, हम बातचीत कर रहे हैं। जब मैं लेटर भेजूंगा, तो वो समझौता हो जाएगा। ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका ने इंडोनेशिया के साथ एक व्यापार समझौता किया है, जिसमें 32 प्रतिशत टैरिफ घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। भारत और कुछ अन्य देशों के साथ भी ऐसा ही समझौता हो सकता है। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने तय किया है कि एक अगस्त से अधिकतर आयातों पर शुल्क बढ़ा दिए जाएंगे। जो देश अमेरिका के साथ जल्दी समझौता नहीं करेंगे, उनके सामानों पर अमेरिका ज्यादा टैक्स लगाएगा। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया था। तब उन्होंने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाया था। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया। रिपोर्ट अमेरिका के साथ हो रही ट्रेड डील में कुछ परेशानियां हैं, जिन्हें सुलझाने के लिए भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम अमेरिका पहुंची है। यह बातचीत सोमवार से शुरू हुई थी और गुरुवार तक चलने की उम्मीद है।

**यमन में...**यह भी कहा कि सिर्फ हत्या ही नहीं, बल्कि सालों तक चले इस केस की लंबी कानूनी लड़ाई ने भी हमारे परिवार को काफी नुकसान पहुंचाया है। इसलिए वे मुआवजे की कोई रकम नहीं लेना चाहते। महदी ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि कुछ भारतीय मीडिया संस्थान जानबूझकर ऐसे झूठे दावे फैला रहे हैं कि तलाल ने निमिषा का पासपोर्ट जब्त कर लिया था या उसका शोषण किया गया था, लेकिन यह पूरी तरह से गलत है। महदी ने दावा किया कि न तो खुद निमिषा प्रिया ने और न ही उसकी कानूनी टीम ने कभी अदालत में ऐसा कोई आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि निमिषा की पूरी कानूनी प्रक्रिया में भारतीय दूतावास की तरफ से नियुक्त वकील मौजूद थे और सभी कार्यवाही पारदर्शी रही। महदी ने भारतीय मीडिया पर यह आरोप लगाया कि वह दोषी को पीड़ित के रूप में प्रस्तुत कर रही है। उन्होंने लिखा कि इसका मकसद जनता को गुमराह करना और अपराधी के लिए झूठी सहानुभूति पैदा करना है।

# कांग्रेस की मनरेगा मजदूरी बढ़ाने के लिए 15 दिन में भुगतान करने की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि ग्रामीण इलाकों में लोगों को रोजगार मुहैया कराने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) की हाजिरी लगाने की प्रक्रिया को सरल किया जाना चाहिए। उन्होंने मजदूरी बढ़ाने और मजदूरों का भुगतान 15 दिन में करने की भी मांग की।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि मोदी सरकार मनरेगा मजदूरों के काम के तरीके और उनकी मजदूरी के भुगतान आदि को लेकर नए नए फरमान जारी कर मामले को उलझा रही है। काम की निगरानी के लिए तकनीकी इस्तेमाल आदि के कारण मजदूरों को दिक्कत हो रही है और समय पर उनकी मजदूरी का भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। इसमें फर्जी तरीके से आंकड़े अपलोड करने जैसे मामले भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मई 2022 में सरकार ने मनरेगा हाजिरी और काम की निगरानी के लिए नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम ऐप बनाया था और इस महीने 8 तारीख को एनएमएमएस से जुड़ी तमाम समस्याओं को औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। शुरुआत से ही यह स्पष्ट था कि मनरेगा कार्यस्थलों से फोटो अपलोड करने की व्यवस्था उन सचमुच में काम करने वाले मजदूरों को बाहर कर देगी, जिनके फोटो नेटवर्क या कनेक्टिविटी की समस्या के कारण अपलोड नहीं हो पाते।

### बिहार को लेकर चुनाव आयोग पर बरसे राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर बिहार में भारतीय जनता पार्टी की कठपुतली बनने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह चुनाव आयोग कम और भाजपा का 'चोरी आयोग' ज्यादा नजर आता है। गांधी ने सोशल मीडिया एक पर एक पोस्ट में गुरुवार को कहा षबिहार में चुनाव आयोग मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर रंगे हाथ वोट चोरी करता पकड़ा गया। काम सिर्फ़ चोरी, नाम 'एसआईआर' पर्दाफाश करने वाले पर प्राथमिकी होगी। उन्होंने चुनाव आयोग को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आयोग अब भी 'चुनाव आयोग' है या पूरी तरह भाजपा की 'चुनाव चोरी' शाखा बन चुका है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भाजपा नहीं चाहती, दलित-गरीब का बच्चा पढ़ेः संजय

## योगी सरकार का असली चेहरा आया जनता के सामने, शिक्षा के मन्दिर बचाने के लिए सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ेगी आप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि योगी सरकार का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है, यह सरकार नहीं चाहती की गरीब, दलित और वंचित वर्ग का बच्चा पढ़ लिख कर आगे बढ़ जाए। इसलिए शिक्षा को पूरी तरीके से तबाह किया जा रहा है।

आप की स्कूल बचाओ मुहिम के तहत जोया ब्लाक में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों के साथ पैदल मार्च निकाला गया। आप के राज्यसभा सांसद व प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि सरकार 27000 सरकारी स्कूल बंद करने व 27,308 शराब की दुकान खोलने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार कानून के तहत बच्चों का स्कूल 1 किलोमीटर के दायरे में होना चाहिए और बच्चों को स्कूल में हर मूलभूत सुविधा मिलनी चाहिए। लेकिन सरकार न केवल बाबा साहब के संविधान की धज्जियां उड़ा रही है बल्कि बच्चों का स्कूल दूर करके उन्हें अनपढ़ बनाने का काम कर रही है। योगी सरकार में नेता जज

**स्कूलों को बंद करने के विरोध में आप ने निकाला पैदल मार्च**

और आईएएस अधिकारी तो अपने बच्चों को विदेशों में पढ़ा रहे हैं और और देश के गरीब दलित और वंचित समाज के बच्चों के स्कूल खत्म कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं सरकार से क्या ऐसी कमरों में बैठे आईएएस, नेता और जजों के बच्चे इतनी दूर पैदल स्कूल चलकर जाएंगे। प्रदेश में प्राथमिक स्तर पर 1.93 लाख शिक्षकों के पद खाली हैं। लेकिन फिर भी उनकी भर्ती की कोई ठोस योजना नहीं चलाई गई। श्री सिंह ने कहा कि योगी सरकार का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है, यह सरकार नहीं चाहती की गरीब, दलित और वंचित वर्ग का बच्चा पढ़ लिख कर आगे बढ़ जाए। इसलिए शिक्षा को पूरी तरीके से तबाह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इस मामले को संसद में भी उठाऊंगा, सुप्रीम कोर्ट में उनके लिए याचिका दाखिल करूंगा और सड़क पर उनके साथ मिलकर लड़ाई लडूंगा। इस मौके पर रूहेलखंड प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर मोहम्मद हैदर, जिला प्रभारी मोहम्मद आमिर, जिला अध्यक्ष कुशल चौधरी, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य अमर सिंह खागी, नफीस अहमद, कविता कांत, अब्दुल समद, राजीव यादव, मोहम्मद जकी, मोहम्मद असलम, विजयपाल, तंजीम हुसैन, औसाफ खान, मुंतजिर कुरैशी, अर्पित शर्मा, उमर खान, शाहिद अली, इंतजार गुर्जर, सुरेंद्र सिंह, हुकुम सिंह, महबूब अली, शहवेज खान, सोमेंद्र सिंह, राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।



## बंदरों ने महिला चिकित्सक को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** सरकारी अस्पताल से निकलते समय महिला चिकित्सक पर बंदरों ने हमला कर घायल कर दिया। कस्बे में बंदरों का आतंक बढ़ रहा है। सीएचसी में तैनात डा. अंजलि आज 12 बजे चिकित्सालय से मरीजों को देखकर घर वापस जाते समय गेट पर बंदरों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। जिसमें डॉ अंजलि बुरी तरह घायल हो गई। शोर शराब सुनकर पहुंचे मरीजों एवं डॉक्टर ने बंदरों को भगाया। घायल चिकित्सक का इलाज चल रहा है। बताते चलें कि कस्बे में पिछले एक पखवाड़े में बंदरों द्वारा कई लोग घायल हो चुके हैं। पिछले सप्ताह में मोहल्ला इकबाल नगर में कुल्लू सैफी को बंदर बुरी तरह घायल कर दिया था।

# पशु व्यापारी के घर डकैती, कारोबारी की गर्दन काटी

## गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर, एक लाख की नकदी व जेवर लूट ले गए बदमाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** रहरा थाना क्षेत्र के गांव बुरावली में बीती रात आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने एक पशु व्यापारी के घर धावा बोलकर लाखों की नकदी और सोने के गहने लूट लिए। बदमाशों के हमले में पशु व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

यह दिल दहला देने वाली घटना बुधवार रात करीब 10:30 बजे की है, जब नकाबपोश बदमाश दीवार कूदकर पशु व्यापारी नसीम पुत्र जरीफ के घर में घुस गए। नसीम ने हाल ही में बाजार में दो भैंसें बेची थीं और एक लाख रुपये की नकदी अपनी जेब में रखी हुई थी। बदमाशों ने पहले नसीम की जेब से पैसे लूटने का प्रयास किया। जब नसीम ने



विरोध किया, तो बदमाशों ने धारदार हथियार से उनके गले पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इतना ही नहीं, बदमाशों ने नसीम के बेटे अमन की गर्दन पर पैर रखकर घर में प्रवेश किया और संदूक में रखी दो। लूटपाट के दौरान, पिता को बचाने आई बेटी सोफिया के साथ भी बदमाशों ने मारपीट की। वारदात को अंजाम देने के बाद, बदमाश परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के समय नसीम की पत्नी रुखसाना अपने मायके गई हुई थीं, जबकि उनकी बेटी सोफिया, साजिया, बेटा अमन और अनस घर पर सो रहे थे। पशु व्यापारी का घर गांव के बाहरी छोर पर जंगल की तरफ स्थित है, जिससे बदमाशों को वारदात को अंजाम देने में आसानी हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल नसीम को हायर सेंटर रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और बदमाशों की तलाश में जुट गई है। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है।

## एक नजर

### भ्रष्ट विद्युत कर्मियों पर कार्रवाई करें: महबूब



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** लोकलेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने विद्युत कर्मियों द्वारा किये जा रहे उपभोक्ताओं के उत्पीड़न पर नाराजगी जताते इस पर रोक लगाने की मांग की है। गुरूवार को आजाद रोड स्थित अपने आवास पर विद्युत अधिकारियों की बैठक लेते सदर विधायक महबूब अली ने उपभोक्ताओं के उत्पीड़न पर नाराजगी जताते अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह इसकी जांच कराकर दोषियों अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। विद्युत व्यवस्था में सुधार किया जाये। विद्युत विभाग ने सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर पूर्व एमएलसी परवेज अली, अधीक्षक अभियंता, अधिशासी अभियंता, एसडीओ मौजूद रहे।

### चार स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीता




**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** स्पोर्टस एकेडमी के खिलाड़ियों ने सीबीएसई नार्थ जोन वन में चार स्वर्ण पदक व एक कांस्य पदक जीता। स्पोर्टस एकेडमी के कोच निर्भय विश्नोई व ट्रेनर मनीषा सैनी ने बताया कि अंडर 14 में आयुष सैनी ने 28-30 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, अंडर-17 में हीरत ने 44-46 किलो व दिव्यांशी सैनी व युविका सिंह ने 54-57 किलो. ग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। अंडर-19 में आदित्य पूनिया ने 56-60 किलोग्राम में ब्राउन पदक जीता। श्री विश्नोई ने बताया कि सीबीएसई नेशनल बाक्सिंग चैम्पियनशिप में चार खिलाड़ियों क चयन हुआ है। इस मौके पर संजना गौरी, लकी, कौश्ल, लोकेन्द्र व निशांत आदि मौजूद रहे।

### योगासन प्रतियोगिता में चमके आरके के छात्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** आरके पब्लिक स्कूल के छात्रों ने प्रदेश स्तरीय योगसन प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीसरा व पांचवा स्थान हासिल किया। विद्यालय के युवा एथलीटों ने योगासन भारत के तत्वावधान में 12 से 14 जुलाई तक किसान भवन सिसौली, मुजफ्फरनगर में आयोजित छठी प्रदेशस्तरीय बालक वर्ग योगासन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 43 जिलों के 250 प्रतिभाशाली प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए कौशल और समर्पण का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शिव चौधरी, तरनजीत सिंह ने तीसरा व ऋषभ यादव, प्रशांत कुमार ने पांचवां स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य डा. शिक्षा सरदाना ने कहा कि हमें अपने एथलीटों पर गर्व है जिन्होंने ईमानदारी और खेल भावना के साथ विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया एवं युवाओं के बीच योगासन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। सरंक्षक अजय टंडन, प्रबंधिका श्रीमती अंजली टंडन, अदिती टण्डन ने छात्रों को बधाई दी।

# कांवड़ियों के आगमन से बढ़ी रौनक

## धनौरा रोड पर हुआ छोटे बड़े सभी तरह के वाहनों का डायवर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सावन माह के दूसरे सोमवार और शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिये हाइवे और धनौरा मार्ग कांवड़ियों के आवागमन के चलते गुलजार है। हाइवे और स्टेट हाइवे दोनों पर कांवड़ियों की रौनक बढ़ गई है। दिन रात कांवड़िए अपनी मंजिल की ओर बढ़ते नजर आ रहे हैं। कांवड़ मार्ग में रोशनी के लिये कई स्थानों पर व्यवस्था कराई गई है, हालांकि कुछ एक स्थान पर अभी भी अंधेरा पसरा है। कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। धनौरा बिजनौर मार्ग पर छोटे बड़े सभी वाहनों को डायवर्ट करते हुए दूसरे मार्ग से निकाला जा रहा है जबकि हाईवे पर कल (आज) शुक्रवार से भारी वाहनों का डायवर्जन करते हुए एक लेन पर कांवड़िए और दूसरी लेन पर छोटे वाहनों का संचालन होगा। यदि कांवड़ियों की संख्या अधिक रहती है तो हाइवे की दोनो लेनों को भी कांवड़ियों के लिये ही रिजर्व किया जा सकता है, क्योंकि दूसरे सोमवार और शिवरात्रि पर आसपास के सभी जनपदों के कांवड़ियों के बड़े बड़े बेड़े जल भरने आएंगे। उनके साथ डीजे आदि भी रहेंगे, ऐसे में पुलिस प्रशासन कांवड़ियों की संख्या ज्यादा होने पर हाइवे की दोनों लेन पर यातायात व्यवस्था जीरो कर सकता है।

### इन्दिरा चौक पर लगाए बैरियर

**गजरौला।** सावन माह की शिवरात्रि पर हरिद्वार से कांवड़ लाने वाले कांवड़ियों की संख्या काफी ज्यादा रहती है। इस कारण धनौरा रोड पर पुलिस ने बुधवार की शाम से ही छोटे बड़े सभी प्रकार के वाहनों को रूट डायवर्जन करके निकाला गया। इंदिरा चौक पर बैरियर लगाए गए हैं और यहां पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। ध्वनि विस्तारक यंत्र से भी लोगों को समझाया जाएगा।



गजरौला। ब्रजघाट से कांवर लेकर मंजिल की ओर बढ़ते कांवड़िये।



# ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर किसान की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम, बाइक पर सवार होकर जा रहे थे बैंक में पैसे जमा करने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** डीसीएम की टक्कर लगने के बाद सड़क पर गिरे किसान के सर पर ईटों से लदी ट्रैक्टर ट्राली के चढ़ने से दर्दनाक मौत हो गई। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम से मचा हुआ है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव खरखोदा निवासी महकार सिंह अपने मामा 55 वर्षीय रणवीर सिंह उर्फ रापट सिंह पुत्र इकबाल सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर नगर के गजरौला तिराहे पर स्थित जिला सहकारी बैंक में 32 हजार रुपये जमा करने जा रहे थे। इस दौरान बाईपास मार्ग पर संभल अड्डे के नजदीक रिलायंस पेट्रोल पंप के पास उनकी बाइक को एक डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मामा-भांजा दोनों बाइक से गिर गये और पास से गुजर रही ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे आ गये। दुर्भाग्यवश रापट सिंह का सिर ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आ गया जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद वहां हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।



पुलिस ने रापट सिंह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल भांजे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। रापट सिंह अपने पीछे पत्नी सुनीता, एक बेटा और चार में तीन अविवाहित बेटियां छोड़ गये है। किसान के आकस्मिक निधन से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परि. जनों का रो रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। ईटों से लदी ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है।

# आवारा कुत्तों ने बकरी को उतारा मौत के घाट

## ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** आवारा कुत्तों के हमले से एक बकरी की मौत हो गई। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से ग्रामीणों में दहशत फैली हुई है।

बुधवार की देर रात रहरा थाना इलाके के गांव फत्तेपुर खादर में आवारा कुत्तों के एक झुंड ने अफसर अली की बकरी पर हमला कर दिया। हमले में बकरी गंभीर रूप से घायल हो गई और सुबह होने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इस घटना का पता गुरुवार सुबह जब अफसर ने अपनी मृत बकरी को देखा तो उसके होश उड़ गये। इस घटना से फतेहपुर खादर गांव में आवारा कुत्तों के आतंक को लेकर ग्रामीणों में गहरी दहशत है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा कुत्तों के झुंड अक्सर पालतू जानवरों पर हमला करते हैं। जिससे उनके पशुधन को नुकसान हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण पाने और ग्रामीणों को इस खतरे से निजात दिलाने की मांग की है।

# कोई भी पात्र मतदाता सूची से न छूटे

## पंचायत चुनाव को लेकर डीएम ने ली समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित नहीं रहना चाहिए। सूची में किसी का भी नाम जोड़ने व हटाने से पहले सत्यापन अवश्य कर लें।

कलेक्ट्रेट सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में डीएम ने बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अर्ह नागरिक को अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराना चाहिये। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली किसी भी निर्वाचन की आधारशिला होती है। यह नामावली जितनी अधिक शुद्ध होगी उतना ही निष्पक्ष स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन होगा। कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित नहीं रहना चाहिये। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई से सभी पंचायतों में मतदाता पुनरीक्षण का काम शुरू हो जाएगा। इस दौरान मतदाता अपने वोट बनवा सकेंगे। 15 जनवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। डीएम ने निर्देश दिए कि मतदाता सूची में किसी का नाम जोड़ने या हटाने से पहले सत्यापन जरूर कर लें और यह प्रक्रिया किसी के कहने मात्र से नहीं होनी चाहिए। 18 जुलाई से 13 अगस्त तक बीएलओ व पर्यवेक्षकों को उनके कार्यक्षेत्र का आवंटन व स्टेशनरी का वितरण किया जाएगा। 14 अगस्त से 29 सितंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना ओर सर्वेक्षण करेंगे। 14 अगस्त से 22 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन, 23 से 29 सितंबर तक प्राप्त आवेदनों की घर-घर जाकर जांच की जाएगी। 30 सितंबर से छह अक्तूबर तक संशोधन व विलोपन का कार्य होगा। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम बृजेश त्रिपाठी, एसडीएम शशि भूषण पाठक, पुष्करनाथ चौधरी, विभा श्रीवास्तव, श्रीमती सुनीता, डीपीआरओ पारुल सिसौदिया, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कल्लू सिंह, खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बैठक लेती जिलाधिकारी निधि गुप्ता।

# उधार के पैसे मांगने पर टेलर को बेरहमी से पीटा

## पांच हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कपड़ो की सिलाई के पैसे मांगने पर दबंग आपा खो बैठा तथा उसने टेलर मास्टर की बेरहमी से पिटाई कर घायल कर दिया। बचाव के आये परिवार के लोगों को भी जमकर पीटा गया। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। जबकि घायल को हायर सैंटर रैफर किया गया है।

घटना थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर तुगलक.ाबाद की है। यहां पर पेशे टेलर सरफराज का परिवार रहता है। गांव में ही उनकी दुकान है। बताया जा रहा है कि गांव के रहने वाले इब्ले हसन पर सरफराज के कपड़ों की सिलाई के पैसे बकाया चल रहे थे। गुरुवार को सरफराज ने अपने पैसों को लेकर टोका तो इसी बात पर दोनों में कहासुनी हो गई। उस वक्त तो लोगों ने दोनों को समझाकर बीच-बचाव करा दिया लेकिक थोड़ी देर बाद इब्ले हसन अपने परिवार के लोगों और दोस्तों के साथ लाठी-डंडे लेकर सरफराज की दुकान पर पहुंच गया। अचानक हमला करते हुए आरोपियों ने सरफराज की जमकर पिटाई कर दी। शोर सुनकर बीच-बचाव कराने आए परिवार के लोगों को भी नहीं छोड़ा, उन्हें भी बेरहमी से पीटा गया। करीब आधा घंटा चली मारपीट में सरफराज गंभीर घायल हो गया। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने बमुश्किल बिगड़ती स्थिति पर काबू पाया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। मारपीट से जुड़े दो वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि मामले में सरफराज के भाई मोहम्मद वसीम की तहरीर पर इब्ले हसन, फुरकान, रिहान, शारिक व फरमान के खिलाफ मुक.दमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा। वहीं, घायल सरफराज की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया है

# भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** श्रीमदभागवत कथा के शुभारंभ के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। ज्योति पैलेस में प्रतिदिन सांय के समय तीन बजे से सात बजे तक कथा होगी।

बृहस्पतिवार को नगर के इंदिरा चौक गंगा प्याऊ शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में आध्यात्मिक विद्यालय हनुमत धाम नरौरा जिला बुलंदशहर से आए कथा वाचक आचार्य धर्मेंद्र महाराज भी सम्मिलित रहे। उन्होंने कलश यात्रा के महत्व का वर्णन करते हुए बताया कि कलश में ब्रह्मा, विष्णु, महेश एवं समस्त तीर्थो, नदियों, सप्त सागरों, चारों वेदों एवं 33 कोटी देवी देवताओं का वास होता है। इसलिए प्रत्येक यज्ञ, पूजन व कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के माध्यम से किया जाता है। मुख्य यजमान दीपक शर्मा ने बताया कि ज्योति पैलेस में प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे का आयोजन होगा। कलश यात्रा में सुजाता शर्मा, नीलू शर्मा, महक शर्मा, खुशबू पंत, सरिता देवी, रेखा त्यागी, मोनिका, शशि गिल, भूदेव शर्मा, पर्व जीत सिंह, अंकित यादव, आशीष गोयल आदि मौजूद रहे।

**■ ज्योति पैलेस में सात दिनों तक होगी भागवत कथा**

# चाईनीज मांझे से कटी छात्र की गर्दन

## गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर के वासुदेव मार्ग पर मंगलवार देर शाम चाइनीज मांझे की चपेट में आकर छात्र की गर्दन कट गई। छात्र को परिजन तुरंत निजी अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल, उसकी हालत अभी नाजुक बनी हुई है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरैशी में बाइक मिस्त्री सैफुल अंसारी का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा एक 15 वर्षीय बेटा अल समद है जो स्थानीय एक स्कूल में कक्षा नौ का छात्र है। मंगलवार शाम करीब सवा सात बजे अल समद बाइक पर सवार होकर मोहल्ले में ही एक मीनार की मस्जिद के पास स्थित मेडिकल स्टोर से दवाई लेने के लिए जा रहा था। रास्ते में वह चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया और उसकी गर्दन कट गई। गर्दन कटते ही बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और देखते ही देखते खून से लथपथ हुआ अल समद सड़क पर गिरकर तड़पने लगा। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। गर्दन पर कपड़ा लपेटकर अल समद को बिजनौर रोड स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने हायर सेंटर ले जाने का सुझाव दिया। इसके बाद परिजन उसे लेकर जोया रोड स्थित दूसरे निजी अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद डॉक्टर ने गंभीर घायल छात्र को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# ब्लॉक अधिकारियों व प्रधानों को दिया गया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत जनपद अमरोहा में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं प्रधानों की एक दिवसीय पंचायत विकास सूचकांक विषय पर कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक सभागार गजरौला में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ का ब्लॉक प्रमुख पति चौ.विरेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

**■ सभी बिंदुओं पर विस्तार से की गई चर्चा**

इस अवसर पर डीपीआरसी गजरौला के मैनेजर एवं कम फैकल्टी सत्येंद्र शर्मा द्वारा सर्वप्रथम कार्यशाला के उद्देश्यों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सभी विभागों को पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स की जानकारी देना है, जिससे कि सभी पंचायत का उत्तर सही प्रकार से भरा जा सके। इसमें ऑफलाइन एवं ऑनलाइन डाटा फीडिंग एवं डाटा प्वाइंट्स पर चर्चा की गई। राज्य प्रशिक्षक अब्दुल कादिर ने भी प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। ब्लॉक प्रमुख पति चौ.विरेन्द्र सिंह ने प्रशिक्षण की सराहना की और प्रशिक्षण में सिखाए गए बिंदुओं के अनुसार ही उत्तर देने का आह्वान किया। इस मौके पर राज्य प्रशिक्षक महेश, खुशी, रेखा सैन आदि मौजूद रहे।

# ब्लाक प्रमुख ने जल बचाने को किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** विकासखंड गंगेश्वरी के ब्लॉक परिसर रहरा में भू जल सप्ताह का सफल आयोजन किया गया। जिसका मुख्य संदेश जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित था। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गंगेश्वरी के ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़कवंशी ने

जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी राजकुमार, सहायक लेखाकार सत्य प्रकाश, वरिष्ठ लिपिक सचिन कुमार, ममता रानी, ग्राम सचिव पुष्पेंद्र सिंह, जेमी ओमवीर सिंह, बीटी देव कुमार सहित समस्त अधिकारीगण शामिल थे। सभी ने मिलकर जल सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन स्थानीय समुदाय में जल के उचित उपयोग और संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

## एक नजर

### बुरावली में पुलिस पिकेट बनवाई जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानू ने बुरावली गांव में पुलिस पिकेट न होने पर कड़ा रोष प्रकट करते हुए वहां पर पुलिस पिकेट चालू करवाये जाने की मांग की है। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन भानू ने पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत को ज्ञापन सौंप दिया। उन्होंने कहा कि गांव से थानाध्यक्ष ने पुलिस पिकेट को हटा दिया है। उन्होंने कहा कि बीती रात बदमाशों ने पशु व्यापारी नसीम पुत्र जरीफ के घर पर धावा बोलकर लूटपाट करने के साथ गले पर वार कर बुरी तरह से घायल कर दिया। उन्होंने कहा कि गांव बुरावली की पूरी मार्केट में पुलिस पिकेट नहीं है। जिससे ग्रामीणों में बदमाशों का भय बना हुआ है। मोहल्ला मनीहारान निवासी रामवती ने मुकदमा दर्ज करवाया था। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन भानू ने जो मांग की है। उसको जल्द पूरा किया जाये अन्यथा भाकियू आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालों में बबलू सिंह, जमशेद चौधरी, वाहाब, पुष्पेंद्र सिंह, लोकेश चौहान, हरपाल सिंह, तासिर बरकाती, अजय पाल सिंह कटारिया, नसीम चौधरी, जहांगीर चौधरी आदि मौजूद थे।

### रास्ते में फैली गंदगी साफ कराई जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को पत्र देकर रास्ते पर फैली गंदगी को साफ करवाये जाने की मांग की है। ज्यादा गंदगी होने के कारण उसमें वाहन भी फंस रहे हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला के ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को पत्र देकर कहा है कि गांव के रास्ते से नगर पालिका परिषद का ट्रैक्टर ट्राली कूड़ा लेकर जाता है। जिससे रास्ते में जगह-जगह गड्ढे हो गये हैं। बरसात का पानी भरने के कारण गड्ढो से भरी सड़क से निकलना दुश्वार हो गया है। इस रास्ते पर बाइक समेत अन्य वाहन फंस रहे हैं। उन्होंने कहा कि रास्ता खराब होने के कारण स्कूल जाने में छोटे-छोटे बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। उनका कहना है कि जल्द से जल्द खराब हो चुके रास्ते को ठीक कराया जाये। जिससे ग्रामीणों को उधर से निकलने में असुविधा का सामना न करना पड़े। पत्र पर हाजी नफीस अहमद चिश्ती, फिरोज अहमद, विमलेश, अनवरी, कमलेश, रोहिणी, जमील, शकील, राजू, कमलेश, फुरकान, सलमा, रजा, इकरामुद्दीन, जमील आदि के हस्ताक्षर थे।

### किसान आयोग का गठन किया जाए



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** भाकियू शंकर ने स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर किसान आयोग का गठन करने की मांग की। शिव मन्दिर आदमपुर में भाकियू शंकर की पंचायत हुई। जिसमें वक्ताओं ने किसान आयोग का गठन करने, जिले के विकास का प्राधिकरण का दर्जा देते हुए गजरौला में ट्रामा सैंटर जल्द स्थापित करने की मांग की। गंगेश्वरी क्षेत्र के सिरसा ऐतमाली से लेकर हरिबाबा बांध धाम का निर्माण किया जाये। अवारा पशुओं द्वारा किसानों की फसले बर्बाद करने की आलोचना करते हुए उन्हें पकड़कर गौशाला भेजा जाये। पूर्ति निरीक्षक गंगेश्वरी द्वारा ब्लाक की एक सूची दी गयी थी इस सूची के राशन कार्ड जल्द बनवाये जायें। सावन माह में कांवर यात्रा चल रही है कांवड़ियों को सुरक्षा प्रदान की जाये। क्षेत्र पंचायत जीबपुर मुस्तफ के मेन रास्ते का निर्माण कराया जाये। पंचायत में शीशपाल सिंह, मोमराज सिंह, प्रेमपाल सिंह, राधेकिशन, लल्लू सिंह, मुंशीलाल, गोकुल सिंह, योगेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को दूसरे गांव के स्कूल में पढ़ने नहीं भेजेंगे

## स्कूलों को मर्ज करने के विरोध में उतरे ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ग्रामीणों ने अपने बच्चों को दूसरे गांव में पढ़ने के लिए भेजे जाने से साफ इंकार करते हुए मुख्यमंत्री से पहले की तरह ही विद्यालयों को रहने देने की मांग की है।

बुधवार को गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव गंगाचोली की मढ़ैया के ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने विद्यालयों को मर्ज किये जाने के विरोध में नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव के विद्यालय को दूसरे गांव में मर्ज कर दिया गया है। दूसरा गांव उनके यहां से काफी दूर है। वहां बच्चों को जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीण एवं अभिभावकों ने साफ शब्दों में दूसरे गांव में अपने बच्चों को पढ़ने के लिए भेजे जाने से साफ इंकार कर दिया। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से विद्यालय को अन्य विद्यालय में मर्ज न किये जाने की गुहार लगाते हुए कहा कि उनको भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने इस दौरान मर्ज के विरोध में नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बुधिया, तारा, कुलदीप, जवाहर सिंह, कुसुम, उमराव सिंह, हिमांशी, हरनंदी, सोनू, कमलेश, प्रीति, राधा, जैनमती, वीरवती, पार्वती, मोहर सिंह, महावीर सिंह, कैसर आदि मौजूद थे

# युवक की रील वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** कोतवाली से सीज की गई बुलेट बाइक रिलीज कराके ले जा रहे युवक ने कोतवाली में रील बनाकर फिर से वायरल कर दी कि शेर फिर से मार्केट में आ गया है। बता दें कि तीन दिन पूर्व पुलिस ने तीन बुलेट बाइकों को पटाखे जैसी आवाज निकालने पर सीज की कार्रवाई करते हुए 69 हजार का जुर्माना लगाया था। इनमे से एक बुलेट बाइक को युवक रिलीज ऑर्डर लेकर कोतवाली पहुंचा और उसने कोतवाली में ही रील बनाई। रील में एक पुलिसकर्मी भी नजर आ रहा है। रील सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

# स्वच्छ भारत मिशन में अमरोहा को मिला पहला स्थान

## चेयरपर्सन व ईओ को लगा बधईयों का तांता



**शाह टाइम्स ब्यूरो, अमरोहा।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के जारी हुए नतीजो मे देश कि टॉप 100 शहरो में जनपद अमरोहा में एकमात्र स्थान बनाने वाली नगर पालिका परिषद अमरोहा रही। इस उपलब्धि के बाद चेयरपर्सन व ईओ को बधाईयों का तांता लगा है।

अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 मे सम्पूर्ण देश कि नगर निगम, नगर पालिका परिषद, व नगर पंचायतो द्वारा प्रतिभाग किया गया, सर्वेक्षण विभिन्न श्रेणियों मे था, जिसमे देश भर कि लगभग 4900 निकायों द्वारा प्रतिभाग किया गया। गत वर्ष हुए इस सर्वेक्षण मे पालिका ने 135 वा स्थान पाया था। इस वर्ष और अधिक विस्तृत व व्यापक रूप से आयोजित इस सर्वेक्षण मे पालिका द्वारा पूरी तैयारी के साथ प्रतिभाग किया गया। आज सर्वेक्षण के जारी हुए परिणाम मे नगर पालिका परिषद अमरोहा को उच्च रैंक प्राप्त करते हुए देश के टॉप 100 शहरों (नगर पालिका परिषद श्रेणी) मे 78वां एवं उत्तर प्रदेश मे (3 लाख तक जनसंख्या वाले निकाय) मे 5 वां स्थान प्राप्त हुआ है। यह अमरोहा नगर के लिए बहुत हर्ष व गर्व का विषय है। इसके साथ ही ओडीएफ प्लस प्लस एवं गर्बेज स्टार रेटिंग मे भी नपा अमरोहा को सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि यह सफलता मुख्यमंत्री के आशीर्वाद, नगर विकास मंत्री के नगरीय निकायों के आमूल चूल परिवर्तन किये जाने के निर्देशों एवं पालिका अध्यक्ष शशि जैन की विकासात्मक सोच का परिणाम है, साथ ही इस कार्य मे डीएम का योगदान भी उल्लेखनीय है जिनके द्वारा पालिका के स्तर को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे ले जाने हेतु सहयोग दिया गया। इस उपलब्धि पर पालिका स्टॉफ ने अध्यक्षा शशि जैन एवं ईओ डॉ.बृजेश कुमार को बधाई प्रस्तुत की।

# ड्रोन उड़ता देख ग्रामीणों में फैली दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** इलाके के कई गाँवो में रात के अँधेरे में आसमान में उड़ते हुए ड्रोन दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैली हुई है। भयभीत ग्रामीण रातों को जागकर पहरा देने को मजबूर हो गये है।

बुधवार कि रात थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव इकौदा में मस्जिद के नजदीक ग्रामीणों ने ड्रोन को उड़ते हुए देखा तो हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि चोर ड्रोन को उड़ा रहे हैं। किसी ग्रामीण ने उड़ते हुए ड्रोन की वीडियो भी बनाई। खबर लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों के संग मिलकर जंगल में कॉं.बंग की। हालांकि इस दौरान ड्रोन अचानक गायब हो गया। चोरी की आशंका के चलते ग्रामीणों ने जागकर रात गुजारी। उधर हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर मिलक डाके वाली डगरौली, रूखालू, हथियाखेड़ा, नवाबपुरा. मंगरौली, मंगरौला आदि गांवों में भी ड्रोन उड़ने की चर्चा जोरों पर रही। पुलिस इसे अफवाह करार दे रही है। पुलिस तर्क दे रही है कि चोरों को ड्रोन उड़ाने से कोई फायदा नहीं मिलेगा। क्योंकि इससे तो लोगों में जाग हो जायेगी। फिलहाल ड्रोन का उड़ाये जाना रहस्य बना हुआ है। उधर, कुछ लोग इसे ग्रामीणों में भय व्याप्त करने की शरारत भी बता रहे हैं। एक और ड्रोन उड़ाये जाने कि ग्रामीणों में दहशत दूसरी और पुलिस इस मामले को पूरी तरह से नकार रही है। तो फिर आखिरकार यह माजरा क्या है यह एक रहस्य बना हुआ है। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।


**खोया-पाया**

सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि 08 जुलाई 2025 को मेरा एक थैला गजरौला में कहीं गिर गया है, जिसमें मण्डी धनौरा तहसील में दर्ज मेरा बैनामा जिल्द संख्या 6729 के प्रष्ठ 261 से 288 तक बैनामा संख्या 13962 दिनांक 09.09.2019 वास्तव में गुम हो गया है।

**ब्रजपाल सिंह पुत्र मथुरा सिंह**
निवासी ग्राम पीपली दाउद थाना रजबपुर जिला अमरोहा

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरी बेटी समरीन पुत्री हमसाद ने एक वर्ष पूर्व स्वेच्छा से प्रेम विवाह कर लिया था। पिता हमसाद की मौत पर भी समरीन अन्तिम संस्कार में शामिल होने नहीं आयी थी। जिस कारण मैं उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे सभी तरह के संबंध विच्छेद करती हूं। उसके द्वारा किये गये गलत कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

महशर पत्नी स्व. हमसाद निवासी मौहल्ला जोई, जोया जिला अमरोहा


# परिवहन मंत्री ने किया रोडवेज बस अड्डे का निरीक्षण

## गजरौला में ठहरे तीन कैबिनेट व एक राज्य मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर में तीन कैबिनेट व एक राज्य मंत्री ठहरने के चलते पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। परिवहन मंत्री ने विधायक के साथ रोडवेज बस अड्डे का निरीक्षण करते हुए यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा भी लिया।

बिजनौर से लौटते समय परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व विधायक राजीव तरारा रोडवेज बस अड्डे पर पहुंचे, यहां पर उन्होंने यात्री सुविधाएं देखीं। विधायक ने रोडवेज बस स्टैंड की दशा सुधारने के लिये के परिहवन मंत्री से बजट अवमुक्त कराने की मांग की। जिस पर कैबिनेट मंत्री ने परिवहन निगम के अफसरों को निर्देश दिए कि प्रस्ताव बनाकर भेजें। उन्होंने अफसरों को यहां पर जल्द से जल्द कार्यशाला शुरू कराने के निर्देश दिए। परिहवन मंत्री ने बताया कि बसों को हाइटेक बनाया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरे से बसें लैस हो रही हैं तो वहीं जीपीएस की सुविधा भी बढ़ाई जा रही है। एक इमरजेंसी बटन भी लगाया जाएगा जिसे दबाने पर आसपास के थाने की पुलिस शीघ्र ही बस के पास पहुंचकर सहायता प्रदान करेगी। वहीं नगर के बस्ती में ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य अशोक कुमार कश्यप के आवास पर उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप का स्वागत किया गया। उन्होंने इस दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य अशोक कुमार कश्यप ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक हरपाल सिंह भी मौजूद रहे। वहीं उत्तर प्रदेश के नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा और अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग मंत्री एके शर्मा का हाइवे स्थित एक होटल में विधायक राजीव तरारा ने स्वागत किया। यहां पर पालिका के सभासद व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील शर्मा का शुक्लपुरी स्थित लायर्स चैम्बर पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरपाल सिंह, भाजपा नेता डॉ.राजीव शुक्ल, डॉ.रविन्द्र शुक्ल, मनमोहन सैन, हरिशंकर जिंदल, राकेश जिंदल, रवि कुमार, प्रमोद कुमार, दीपक कुमार, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं तीन कैबिनेट एवं एक राज्य मंत्री के आगमन के चलते पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा।



■ गजरौला। रोडवेज बस अड्डे का निरीक्षण करते परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, साथ में हैं विधायक राजीव तरारा।

# बाइकों की भिड़ंत में दो लोग हुए घायल, रेफर



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** गुरुवार को रानेट चौराहे के समीप दो बाईकों की जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची डायल 112 ने घायलों को बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया ।

हम आपको बता दें कि अरविंद पुत्र हरिद्वारी निवासी अतरपुरा थाना बिसौली अपनी बाइक पर सवार होकर बिल्सी की ओर किसी काम से जा रहे थे तभी सामने से आ रहे मनोहर पुत्र इंद्रलाल निवासी नगला वारह थाना इस्लामनगर बिसौली क्षेत्र के गंदरौली गांव में किसी रिश्तेदारी में आ रहे थे तभी अचानक से रानेट चौराहे के समीप दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई इसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना को देखकर आसपास के लोग एकत्र हो गए।

तभी सूचना पर पहुंची डायल 112 ने दोनों घायलों इलाज के लिए बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया जहां उपस्थित डॉक्टरों द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार कर एवं घायलों की गंभीर अवस्था को देखते हुए बदायूं जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया वहीं सूचना पर पहुंचे रानेट पुलिस चौकी प्रभारी तिलकराम ने घायलों के परिजनों को सूचित कर अग्रिम कार्रवाई में जुटे वहीं घटना की सूचना पाकर घायलों के परिजन भी मौके पर आ पहुंचे।

# 20 जुलाई से होगा ग्राम स्तरीय गन्ना सर्वे-सट्टा प्रदर्शन

## किसानों से आंकड़ों की पुष्टि एवं सुधार में सहयोग की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 शासन की पारदर्शी नीति के तहत जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने अवगत कराया कि पेराई सत्र 2025-26 के लिए ।

गन्ना सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है, जो 01 मई, 2025 से प्रारम्भ हुआ था। सर्वे के दौरान जो भी आंकड़े प्राप्त हुए हैं, उसके आधार पर गन्ना सट्टा आगणित करते हुये वर्तमान में ग्राम स्तरीय सर्वे एवं सट्टा प्रदर्शन कार्यकम 20 जुलाई, 2025 से 30 अगस्त, 2025 तक चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि गन्ना विभाग किसान के द्वार अभियान के अंर्तगत गन्ना विकास विभाग के कर्मचारी गन्ना कृषकों को उनके गन्ना सर्वे एवं सट्टे से संबंधित कुल 63 बिन्दुओं पर आंकड़े दिखाकर अभिमत प्राप्त करेंगे।

इस सम्बन्ध में उनके द्वारा विस्तृत जानकरी प्रदान करते हुए अवगत कराया कि यदि किसान को 63 कॉलम से संबंधित आंकड़ों में किसी बिन्दु पर आपत्ति है तो कृषक से आपत्ति प्राप्त करते हुए रजिस्टर में दर्ज कर यथोचित निस्तारण तत्समय ही किया जायेगा। उन्होनें किसानों से अपील की है, कि वे ग्राम स्तरीय सर्वे-सट्टा प्रदर्शन मेला में अपनी कृषि योग्य भूमि, गन्ना प्रजाति, मोबाईल नम्बर, बेसिक कोटा, बैंक खाता, आदि महत्वपूर्ण विवरणों की सही जानकरी कर लें और कोई विवरण गलत होने की स्थिति में गन्ना पर्यवेक्षकों को आवश्यक दस्तावेज एवं प्रार्थना पत्र देकर मौके पर ही अपडेट करा लें। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि ऐसे गन्ना किसान जो किन्ही कारणों से ग्राम स्तरीय सर्वे-सट्टा प्रदर्शन के दौरान मौके पर उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं या प्रदेश के बाहर अपनी सेवायें दे रहे हैं, उनके लिए 63 कालम का डाटा पोर्टल पर लाइव करा दिया जायेगा। इस दौरान यह भी जानकारी दी गई कि पेराई सत्र 2025-26 के लिए 30 सितम्बर, 2025 तक बनाये गये सदस्यों को गन्ना आपूर्ति की सुविधा मिलेगी। लगभग 1277 गन्ना ग्रामों में ग्राम स्तरीय सर्वे-सट्टा प्रदर्शन के दौरान कृषकों द्वारा उपज बढ़ौत्तरी हेतु अपना आवेदन पत्र भी 30 सितम्बर, 2025 तक निर्धारित शुल्क के साथ किये जा सकेंगे। सट्टा प्रदर्शन के समय गन्ना किसानों को उन्नत गन्ना खेती के सम्बन्ध में तकनीकी जानकारियां भी दी जायेगी। जनपद के गन्ना किसानों से अपील है कि 20 जुलाई, 2025 से प्रारम्भ हो रहे ग्रामवार सर्वे एवं सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम में पूर्ण सहभागिता करते हुए सर्वे/ सट्टा के आकड़ों को 63 कालम की सूचना के माध्यम से अवश्य देख लें एवं यदि कोई आपत्ति है तो उसे अवश्यक दर्ज करा दे। यदि कोई टीम निर्धारित तिथि के समय ग्राम में नहीं पंहुचती है तो मोबाईल नम्बर7081202506, 7081202226 पर सूचित करा दें।

# 16 वर्ष पूर्ण केक काटकर मनाया सीएससी स्थापना दिवस



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिला प्रबंधक नितिन शर्मा के नेतृत्व में जिलेभर में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन सीएससी संचालकों ने एक दूसरे को केक खिलाकर दी बधाई सीएससी के माध्यम से डिजिटल इंडिया को मिल रही नई पहचान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना हो रहा सरकार नितिन शर्मा आधार संशोधन से लेकर बिजली का बिल जमा करने तक राज्य सरकार और केंद्र द्वारा संचालित सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई नितिन शर्मा प्रतिभावान छात्रों को सीएससी के माध्यम से ओलंपियाड परीक्षा आयोजित कर दी जा रही स्कॉलरशिप बदायूं जिले की सभी तहसीलों में हुआ कार्यक्रमों का आयोजन इस मौका पर रहे गुलशन शर्मा राहुल कुमार पंकज कुमार पवन कुमार अमित कुमार आशीष कुमार शोभित यादव अजय प्रताप।

# टूटी सड़क से राहगीरों को परेशानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** बदायूँ-चन्दौसी बदायूँ मुख्य मार्ग से वार्ड 13 में जाने वाली सड़क को ठेकेदार ने उखाड़कर छोड़ दिया है।

जिससे मोहल्ले वालों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। जिम्मेदार लोग इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वार्ड तेरह के निवासी सेवानिवृत बैंक प्रबंधक सुरेश चन्द जी व सेवानिवृत सिब.ेदार कृष्णवीर सिंह यादव फौजी ने बताया कि मोहल्ले में में लोगों को आने जाने में बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा हैं। वार्ड निवासी ओमवीर शर्मा, सुरेशचंद्र शर्मा, राजकिशोर शुक्ला, महेश फौजी, अतराज सिंह गुरुजी, महेंद्र पाल गुप्ता, राकेश शर्मा आदि ने कहा कि शीघ्र ही सड़क का निर्माण नहीं



किया गया तो वार्ड निवासी आंदोलन करेंगे।ध्यान रहे यह सड़क नई तहसील को जोड़ती हैं।

# 24 जुलाई को जॉब रजिस्ट्रेशन व अन्य सेवाएं भी रहेंगी उपलब्ध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी ले0कर्नल संदीप सिंह (अ0प्रा) ने जनपद बदायूँ के भूतपूर्व सैनिकों एवं दिवंगत सैनिकों के परिवारों को जानकारी देते हुए बताया कि कि स्पर्श मेला जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास बदायूँ में 24 जुलाई 2025 को सुबह 10 बजे से सांय 03 बजे तक होने जा रहा है। उन्होंने बताया।

कि इस मेले में मुख्यालय उत्तर भारत एरिया बरेली वेटेरंस ब्रांच की टीम सेवा में उपस्थित रहेगी। स्पर्श मेला में विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध होंगी जैसे स्पर्श पर पंजीकरण, 64 के.बी. के ई.सी.एच.एस. स्मार्ट कार्ड का पंजीयन, जॉब हेतु पंजीयन, पेंशन व पारिवारिक पेंशन संबन्धी केस, पी.पी.ओ. का जैनरेशन, जीवित प्रमाण पत्र का अपडेशन, विवरण करेक्शन/अपडेशन, सम्बन्धित अभिलेख कार्यालय या पी. सी. डी. ए. पेंशन की समस्या का निदान, डिमाइज ग्रान्ट या अन्य ग्रान्ट के सम्बन्ध में जानकारी, पेनुरी ग्रान्ट की जानक.ारी, विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं नियमों की जानकारी इत्यादि। आप सभी इस मेले का लाभ अवश्य उठायें। अपने साथ लेकर आयें स्पर्श आई.डी. और पास वर्ड यदि सी.डी.ए. से प्राप्त है, पी.पी.ओ., बैंक पास बुक, डिस्चार्ज बुक, आधार कार्ड, पैन, पंजीकृत मोबा.इल नम्बर एवं पासपोर्ट साइज फोटो। किसी भी जानकारी के लिए आप 7060431974 मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने बिजली घर का किया घेराव



शाह टाइम्स संवाददाता

**उघैती।** विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने बिजली घर पर प्रदर्शन करते हुए अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया हैं।धरने के दौरान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।यूनियन के कार्यकर्ताओं ने बताया मांगें पूरी होने तक नहीं हुई तो आंदोलन जारी रहेगा।भाकियू ने स्थानीय बिजली घर पर धरना प्रदर्शन करते हुए उघैती करनपुर, महानगर,मेवली, बिल्सी इस्लामनगर रोड की मरम्मत।विधुत सप्लाई में सुधार की मांग की है।

आंदोलनकारी भाकियू नेता झाझन सिंह ने कहा कि अगर मांगे पूरी नहीं की तो धरना अनिश्चित कालीन रहेगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष रमाशंकर शंखधर,ब्लाक अध्यक्ष महिपाल सिंह, झाझन सिंह, प्रेमपाल सिंह, चौधरी सुरेंद्र सिंह, अजय पाल सिंह, अख्तर खां सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जेसीबी और डंपर कर रहे खनन

शाह टाइम्स संवाददाता

**उघैती।** उघैती थाना क्षेत्र के गांव बुद्धनगर के जंगल में बीते 11 दिनों से जेसीबी और डंपरों द्वारा पीली मिट्टी का खनन माफियाओं के द्वारा दिन रात जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है स जिससे राजस्व विभाग को लाखों की क्षति हो रही है।

जेसीबी द्वारा खनन करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है स ओवरलोड मिट्टी लेकर जा रहे हैं डंपरों से सड़क भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है स खनन माफिया के संबंध बड़े राजनेताओं से बताई जा रहे हैं जिसकी डर की वजह से स्थानीय लोग कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं लेकिन दबी जुबान लोगों का कहना है कि पुलिस और खनन अधिकारी हाईवे किनारे लगे सीसीटीवी कैमरा अगर चेक किए जाएं तो खनन माफिया के खेल का पर्दाफाश हो जाएगा द्य अगर सूत्रों की मां है तो कई बार खनन अधिकारी और पुलिस अधिकारियों को भी रात्रि में खनन की सूचना दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई स शिकायत का परिणाम भी यह हुआ शिकायत के बाद खनन माफिया ने दिन में भी खनन करना शुरू कर दिया स लोगों के अनुसार




थाना क्षेत्र में बुद्ध नगर से चाचीपुर मार्ग हो या फिर यह बुद्ध नगर से छिवऊ खुर्द मार्ग से मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर होता देखा जा सकता है । बिना किसी रोक टोक के माफियाओं द्वारा 20 से 30 फीट मिट्टी उठाकर अवैध खनन करके मिट्टी बेचने का गोरखधंधा जोरों पर चल रहा है ।

# दो विजिनिंग का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



शाह टाइम्स संवाददाता

**आसफपुर।** हाल ही में क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान पर चलाया जा रहा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मॉड्यूल 2 विजिनिंग का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बीते गुरुवार को देर शाम संपन्न हुआ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक राघवेंद्र सिंह , हेमलता राजपूत ने शिक्षा स्वास्थ्य व स्वच्छता विषयक संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी । प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन के दौरान संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार ने सभी महिला प्रतिभागियों को एक एक बैग व प्रमाण पत्र देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर बी एम एम अरुण कुमार , भावना यादव , प्रेमवती , कुमकुम , दानवती , लक्ष्मी , राम श्री , वीना यादव , लीलावती यादव , पूनम आदि उपस्थित रहे । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 जुलाई से 17 जुलाई 2025 तक चलाया गया। यह जानकारी संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने दी ।

# यज्ञ केवल अग्नि में आहुति नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि का माध्यम हैः राधेश्याम महाराज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** आदि माता काली शक्ति पीठ, शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित पंचकुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन दिव्य भंडारे के साथ भक्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सतना (मध्यप्रदेश) से पधारे पूज्य श्री श्री 1008 राधेश्याम महाराज के भावविभोर कर देने वाले प्रवचन रहे। उन्होंने कहा ष्यज्ञ केवल अग्नि में



आहुति नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और समाज के कल्याण का माध्यम है।ष महाराज जी ने भागवत, रामायण और पुराणों की कथाओं से उदाहरण देते हुए बताया कि भक्ति और सेवा ही मानव जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है। उनके वचनों ने जनमानस को आत्मचिंतन और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। श्रद्धालु भावविभोर होकर देर तक प्रवचनों में डूबे रहे।

संपूर्ण वातावरण जयघोष, मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन से गूं.जता रहा। इस अवसर पर सपा सांसद आदित्य यादव, जिलाध्यक्ष आशीष यादव, पूर्व चेयरमैन सुषमा मौर्य, इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह, एसएसआई सर्वेंद्र भदौरिया सहित अनेकों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बिसौली में मेगा कैंप में उपभोक्ताओं की उमड़ी भीड़



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** विद्युत वितरण खंड तृतीय पर लगे मेगा शिविर में बृहस्पतिवार को उपभोक्ता विभिन्न प्रकार की शिकायतें लेकर पहुंचे। इस पर अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर समाधान करने का आश्वासन दिया। वहीं कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर आयोजित मेगा कैंप में सुबह से ही उपभोक्ता पहुंचने शुरू हो गए। अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी ने बताया कि कैंप में उपभोक्ताओं की बिल संशोधन, खराब मीटर, नया मीटर लगवाने, बकाया बिलों का समाधान, नए कनेक्शन से जुड़ी समस्या, बिल जमा करने से संबंधित समस्या, लोड वृद्धि व घटाने समेत विभिन्न समस्याएं सुनी गई। उन्होंने बताया इसके अलावा नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि संशोधन भी किए गए। श्री चौधरी ने बताया कि पहले दिन 70 बिलों का निस्तारण किया गया है तथा 15 लोगों के यहां खराब मीटर बदले गए हैं। इस दौरान उपखंड अधिकारी बिसौली अमित कुमार, उपखंड अधिकारी आसफपुर सौरभ सैनी, जेई मो. मियां कुरैशी, दिलीप सिंह, थान सिंह, गौरव सक्सेना, उमेश, नवीन, मोहसिन, जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# बदायूं शहर संगठन कार्य प्रगति पर मंडल गठन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** 15 जुलाई 2025 आज पूर्व घोषित कार्यक्रम अनुसार शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जाहिद सिद्दीकी के कार्यालयमोहल्ला सोथा में आज शहर कांग्रेस कमेटी के वार्ड अध्यक्षों और पदाधिकारीयों की बैठक शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें कि आगामी संगठन सृजन पर विचार में किया गया बैठक में शहर कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर पवन कुमार सिंह एवं योगेश जौहरी जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक पर वार्ड अध्यक्षों और पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए



शहर कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर पवन कुमार सिंह ने कहा की शहर कांग्रेस कमेटी का संगठन संतोषजनक है लेकिन अभी इसमें तेजी लाने की आवश्यकता है जिससे कि हम मंडलों का जाति के सामंजस्य के अनुसार गठन कर सके। शहर कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर योगेश जौहरी ने कहा कि फ्रंटल विभाग और प्रकोष्ठों के अधिकतर अध्यक्षों के नाम मुझे मिल चुके हैं लेकिन जो बाकी रह गए हैं उनके नाम भी जल्दी से जल्दी सभी पदाधिकारी मिलकर दें जिससे कि फ्रंटल प्रकोष्ठ विभागों का गठन शहर कांग्रेस कमेटी में मजबूती से हो सके। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि मैं शहर कांग्रेस कमेटी में जहां सहयोग की आवश्यकता होगी मैं सहयोग करने के लिए तत्पर हूं। शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए शहर अध्यक्ष मुन्नालाल सागर ने कहा कि मैं सभी अपने पदाधिकारीयों का आभारी हूं कि जो मुझे अपना वेशकीमती समय निकालकर संगठन सृजन में समय दे रहे हैं। बैठक का संचालन बैठक के आयोजक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जाहिद सिद्दीकी ने किया।

## 22 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण 07 उर्वरक नमूने ग्रहित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिला कृषि अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ फसलों के उपयोगार्थ कृषकों को उच्च गुणवत्ता वाले उर्वरकों को निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 16 जुलाई 2025 को थोक विक्रेताओं, फुटकर विक्रेताओं, गोदामों एवं शीर्ष संस्थाओं पर छापा मार कार्यवाही आयोजित किये जाने के निर्देशो के अनुपालन में 22 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 07 उर्वरक नमूना ग्रहित किये गये तथा मै० शक्ति खाद बीज भण्डार बिल्सी, मै० जैन खाद भण्डार बिल्सी, मै० जय नारायण कृषि सेवा केन्द्र बिल्सी, मै० राधा कृष्णा खाद भण्डार बिल्सी, मै० राजा खाद भण्डार बिल्सी, मै० उपाध्याय खाद भण्डार बिल्सी, मै० अंकुर कृषि सेवा केन्द्र बिल्सी, मै० महालक्ष्मी कृषि सेवा केन्द्र उसहैत, मैं० आई०एफ०एफ०डी०सी० कृषक सेवा केन्द्र उसहैत, मै० शगुन कृषि सेवा केन्द्र उसहैत, मै० जय किसान खाद भण्डार ककराला आदि उर्वरक प्रतिष्ठान बन्द होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं तथा मै० जय गुरु कृपा बीज भण्डार उझानी के उर्वरक विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन चलाने में अनभिज्ञता दिखाने पर कारण बताओ नोटिस के माध्यम से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि न्यायपंचायत स्तर पर क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा उर्वरक प्रतिष्ठानों पर लगातार भ्रमण निरीक्षण करवाये जा रहे हैं तथा उर्वरक निरीक्षकों द्वारा भी क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण कर संदिग्ध उर्वरकों के नमूनें ग्रहित किये जा रहे हैं। जनपद में उर्वरक प्रतिष्ठानों के निरीक्षण दौरान अनियमितता पाये जाने पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी। जनपद में उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता है, कृषकों से आग्रह कि फास्फेटिक उर्वरक के रूप में डीएपी के साथ-साथ एनपीके, एसएसपी व नैनो डीएपी, नैनो यूरिया का भी प्रयोग करें, शासन स्तर से उर्वरकों की उपलब्धता लगातार सुनिश्चित करायी जा रही है।

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना

बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# अब ग्रामीण भी कर सकेंगे मैरिज हॉल में विवाह

**■ मांगलिक व सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु ग्रामों में होगा पंचायत उत्सव भवन का निर्माण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गुरुवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पंचायत उत्सव भवन की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।



बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद बरेली के ग्रामीण क्षेत्र की आबादी में मांगलिक एवं अन्य सामा. जिक कार्यक्रमों हेतु पंचायत उत्सव भवन निर्माण कराया जाएगा। पंचायत उत्सव भवन में एक हॉल स्टेज/मंडप सहित (100 लोगों की क्षमता का), तीन कमरे, जिसमें एक दिव्यांगजन का कमरा, भूतल पर पुरुष, महिला, दिव्यांगजन शौचालय, रसोई घर आदि निर्मित किया जाएगा।

उक्त भवन तीन हजार वर्ग मीटर जमीन पर बनेगा, इसका निर्माण 1. 41 करोड़ रुपये की लागत से होगा।

जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में पांच पंचायत उत्सव भवन निर्माण कराया जाएगा, जिसमें से तहसील मीरगंज के ग्राम ब लि ल या ं, तहसील फरीदपुर के ग्राम रसूलपुर वाहनपुर, तहसील नवाबगंज के ग्राम कटैया बलदेव सिंह, तहसील आंवला के ग्राम कमठेना तथा तहसील सदर में कराए जाने का प्रस्ताव रखा गया है। पंचायत उत्सव भवन हेतु ऐसी जगह का चयन किया जाना है, जहां अन्नपूर्णा भवन निकट स्थित हो। साथ ही आने-जाने का मार्ग व विद्युत सम्बन्धी व्यवस्थाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें। उक्त के क्रम में डीएम अविनाश सिंह ने निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों से भी उपयुक्त स्थल के चयन हेतु सुझाव प्राप्त कर लिए जाएं।

बैठक में डीएम ने समस्त उप जिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारियों को खाद समितियों को चेक करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को खाद की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कांवड़ मार्गों को ठीक कराने तथा लोकार्पण, शिलान्यास हेतु भवनों, परियोजनाओं का चयन करने के भी निर्देश दिए।

# नकाबपोश बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी को लूटा

**■ सीमा विवाद में उलझी रही पुलिस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी/देवरनियाँ।** देवरनियाँ इलाके में एक सर्राफ से मारपीट कर जेवर, नकदी और मोबाइल लूटने का मामला सामने आया है। विनोद कुमार रस्तोगी नामक सर्राफ ने बताया कि उसकी सर्राफा की दुकान ग्राम बंजरिया जागीर थाना शेरगढ़ में है। मंगलवार शाम लगभग 5 बजे वह दुकान बंद करके अपने घर धौरा टांडा जा रहा था, तभी तीन नकाबपोश बदमाशों ने उसे रोक लिया, और उसके साथ मारपीट की। बदमाशों ने उसका मोबाइल, पुराने जेवरों से भरा बैग, 70 हजार रुपये नकद और दुकान व बाइक की चाबी छीनकर फरार हो गए। यह मामला तीन थाना क्षेत्र का होने की वजह से देर रात तक तीनों थानों की पुलिस उलझी रही। इसके बाद मौके पर लेखपाल को बुलाया गया, तो मामला कोतवाली देवरनियाँ क्षेत्र का निकला। उसके बाद देवर. नियाँ पुलिस ने देर रात रिपोर्ट दर्ज की। बुधवार को बहेड़ी सीओ ने आठ टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। देवरनियाँ कोतवाली प्रभारी अशुतोष द्विवेदी ने दावा किया है कि तीन दिन में इस लूट का खुलासा कर देंगे। देवरनियाँ पुलिस इस मामले में चार संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

**भोजीपुरा पुलिस कर चुकी है लूट गैंग का भंडाफोड़**

भोजीपुरा पुलिस ने इससे पहले भी लूट गैंग का भंडाफोड़ किया है, और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया था कि आरोपियों ने 12 अप्रैल को भोजीपुरा रेलवे स्टेशन के सामने एक व्यक्ति से बैग और मोबाइल लूटा था। इसके अलावा, 16 मई को भी एक लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर युवती के साथ तीन साल तक किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवती ने आरोप लगाया है कि राजेश पुत्र शिव शंकर ने तीन साल पहले शादी का झांसा देकर उसे प्रेमजाल में फंसा लिया, और उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। जब उसने शादी की बात कही तो राजेश ने शादी से इंकार कर दिया।

युवती का आरोप है कि जब उसने राजेश के परिजनों से शिकायत की तो उन्होंने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की, और जान से मारने की धमकी दी। राजेश के परिजनों में शिवशंकर, हेमन्त कुमार, गुड्डी देवी और सरस्वती शामिल हैं। राजेश द्वारा शादी से इंकार करने पर युवती के परिजनों ने थाना बहेड़ी में अभियोग पंजीकृत कराया है। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है, और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। युवती के बयान दर्ज किए गए हैं, और आगे की कार्रवाई की जा रही है

### स्कूल से घर जा रही छात्रा को खींचकर दबंगों ने किया सामूहिक दुराचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के एक गांव की कक्षा 9 की छात्रा राजकीय हाईस्कूल परोथी से पढ़कर बुधवार को दोपहर करीब दो बजे अपने गांव जा रही थी, कि रास्ते में खड़े दो दबंग उसे खींचकर गन्ने के खेत में ले गए, और बारी-बारी से दोनों दबंगों ने उसके साथ दुराचार किया।

छात्रा की चीख पुकार सुनकर रास्ते से गुजर रहे लोगों ने जाकर गन्ने के खेत में देखा तो दबंग आपत्ति जनक स्थिति में मिले। घटना की रिपोर्ट छात्रा के पिता ने दबंगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इस मामले में कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, और छात्रा को मेडिकल परीक्षण को जिला अस्पताल भेजा गया है।

### पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को पीटा, पति ने खाया जहरीला पदार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक महिला को अपने एक रिश्तेदार से प्यार हो गया। उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति के साथ मारपीट कर उसे तरह-तरह से प्रताड़ित किया, जिससे परेशान होकर महिला के पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत गम्भीर बतायी जा रही है। कस्बा नवाबगंज से सटे ईंधजागीर गांव के मोहल्ला शक्ति नगर के मोहनलाल के बेटे अजीत कुमार का विवाह जनपद पीलीभीत बरखेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ हुआ है। अजीत अपनी पत्नी के साथ नोएडा में रहता था। उसके पिता का आरोप है कि कुछ समय पूर्व उनकी पुत्रवधू के क्योलड़िया थाना क्षेत्र के बबूरी गांव एक युवक से सम्बंध हो गए। उनके बेटे ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी को आपत्ति जनक हालत में देख लिया था। जिसकी शिकायत बेटे ने उनसे और अपनी पत्नी के पिता से की थी। जिससे गुस्सायी पत्नी और उसके प्रेमी ने उससे मारपीट कर उसे प्रताड़ित किया। जिससे परेशान होकर उसने 15 जुलाई को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे महानगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर अस्पताल पहुंचे नायब तहसीलदार ने उसके बयान दर्ज किए। डाक्टरों ने उसकी हालत गम्भीर देखते हुए उसे बरेली रेफर कर दिया। घटना की तहरीर मोहनलाल की ओर से थाना नवाबगंज में दी गयी है।

### अब कैंसर मरीजों को विशेषज्ञ इलाज मैक्स हॉस्पिटल ने शुरू की ओपीडी सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** दिल्ली के प्रतिष्ठित मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज ने गुरुवार को बरेली गोल्डन हॉस्पिटल के सहयोग से सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। यह सेवा हर माह के दूसरे गुरुवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

इस ओपीडी का संचालन मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. प्रतीक वार्ष्णेय करेंगे। ओपीडी के माध्यम से अब कैंसर पीड़ितों को विशेषज्ञ परामर्श के लिए महानगरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। डॉ. वार्ष्णेय ने बताया कि इस ओपीडी का मकसद कैंसर के शुरुआती लक्षणों की पहचान, परामर्श और सटीक इलाज योजना तैयार करना है। शरीर में गांठ, निगलने में दिक्कत, खून की उल्टी या अचानक वजन घटना जैसे लक्षणों को नजर अंदाज न करें। जागरूकता ही बचाव है। नई ओपीडी में मरीजों को क्लीनिकल जांच, इलाज की विस्तृत योजना और फॉलो-अप सेवाएं मुहैया कराई जाएंगी। इलाज में अत्याधुनिक रेडिएशन थेरेपी तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे बरेली और आसपास के जिलों के मरीजों को समय पर और असरदार इलाज मिलेगा।

# प्लॉट दिखाकर हड़पे एक लाख 32 हजार

**■ एसपी के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के एक कथित कॉलोनाइजर ने एक ग्रामीण को प्लॉट दिखाकर उससे 1 लाख 32 हजार रुपए ऐंठ लिए। पुलिस अधीक्षक उत्तरी के आदेशों पर हाफिजगंज पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव कुंवरपुर बंजरिया के रहने वाले कफील अहमद का कस्बे की नई बस्ती निकट हनुमान मंदिर के रहने वाले कथित कॉलोनाइजर मो. शाकिर पुत्र मुन्ने मिस्त्री से जान पहचान थी, जिसके चलते मो. शाकिर ने कफील अहमद से कहा कि वह नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला में प्लॉटिंग कर रहा है, अगर उसे प्लॉट चाहिए तो वह उसे मुनासिब रेट पर प्लॉट दे देगा। उसकी बातों में आकर उससे 215 वर्ग गज का प्लॉट 13 लाख 50944 में लेते हुए एक लाख रुपए बयाना बतौर भी दे दिया। मो० यासीन ने इसकी नोटरी रसीद लिख दी थी।

आरोप है कि कुछ दिनों बाद मो० शाकिर 32 हजार रुपए और उससे ले गया, और नवम्बर 2024 में बैनामा कराने की बात तय हुई थी। कुछ दिनों बाद पता चला कि उसने प्लॉट किसी दूसरे के हाथ बेच दिया, जब उसने इसका विरोध किया और अपने दिए गए रुपए वापस मांगे तो उसने जल्द देने का वायदा कर दिया।

इसकी भी स्टाम्प पर लिखित की गई थी। रुपए का सारा लेनदेन रिछोला किफायतुल्ला गांव के मो. यासीन पुत्र मुन्ने बख्श के हाथ से किया गया था।

रुपये वापस न किए जाने पर उसे अपने साथ धोखाधड़ी किए जाने का एहसास हुआ, जिसके चलते उसने एसपी देहात उत्तरी को शिकायती पत्र दिया। जिसपर हाफिजगंज पुलिस ने उनके आद. ेशों पर मो. शाकिर और मो. यासीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित होंगे डिजिटल पुस्तकालय

**■ छात्रों को मिलेगी बेहतर अध्ययन सामग्री**
**■ प्रथम चरण में 199 ग्राम पंचायत में डिजिटल पुस्तकालय को कराया जाएगा सक्रिय**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किए जाने के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में अवगत कराया गया कि शासन से एक डिजिटल पुस्तकालय के निर्माण हेतु चार लाख रुपए की धनराशि का आवंटन किया गया है। पुस्तकालय हेतु फर्नीचर, पुस्तकें व अन्य सामग्री जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय किया जाएगा। आईटी सम्बन्धी उपकरणों का क्रय शासन द्वारा नामित यूपीडेस्को से किया जाएगा।

बैठक में अवगत कराया गया कि शासन द्वारा डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना हेतु 398 ऐसी ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है, जिनमें दो या दो से अधिक कक्ष वाले एवं एक हॉल की उपलब्धता है। प्रथम चरण में 199 ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय का निर्माण कराया जाएगा।

जनपद स्तरीय समिति द्वारा पुस्तकालय फर्नीचर-संग्रहण सामग्री का क्रय वित्तीय नियमों को पालन करते हुए जेम पोर्टल से किया जाएगा। उक्त सामग्री आपूर्ति हेतु जनपद स्तर से चयनित संस्था द्वारा सम्बंधित ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में आपूर्ति करते हुए उनकी स्थापना करायी जाएगी।

डिजिटल पुस्तकालय हेतु लगभग 1225 पुस्तकों की सूची निदेशालय स्तर से प्राप्त हुई हैं। अन्य 50 प्रतिशत पुस्तकों का चयन करते कमेटी गठित करते हुए जेम पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

बैठक में अवगत कराया गया कि डिजिटल पुस्तकालय का संचालन पंचायत सहायक, अकाउंटेंट कम डाटा एण्ट्री ऑपरेटर द्वारा किया जाएगा। डिजिटल पुस्तकालय का ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत प्रधान एवं सचिव द्वारा क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण किया जाएगा। पंचायतों द्वारा डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना को अपनी वार्षिक कार्य योजना में लेते हुए ग्राम पंचायत विकास योजना में सम्मिलित किया जाएगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ओवर स्पीडिंग व खतरनाक ढंग से वाहनों के संचालन पर रहेगी कड़ी निगरानी

## कमिश्नर की अध्यक्षता व डीआईजी की उपस्थिति में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कमिश्नर की अध्यक्षता में तथा डीआईजी की गरिमामयी उपस्थिति में गुरुवार को मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कमिश्नरी स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।




बैठक में कमिश्नर ने मण्डल के समस्त जनपदों में मानक के अनुसार निर्धारित जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा की बैठकें कराने हेतु निर्देशित किया। संभाग के समस्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) को दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देश दिए। साथ ही बिना हेलमेट लगाये दो पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही हेतु भी निर्देशित किया। ब्लैक स्पॉट के सम्बन्ध में परियोजना निदेशक, एनएचएआई द्वारा अवगत कराया गया कि ओवरस्पीडिंग एवं खतरनाक ढंग से वाहनों का संचालन रोकने हेतु एटीएमएस कैमरे का क्रय करने हेतु 60 करोड़ रूपए का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है, जल्द ही कार्य शुरू करा दिया जायेगा, जिससे बरेली-मुरादाबाद मार्ग पर दुर्घटनाएं कम हो जायेगी। बरेली-शाहजहांपुर सेक्शन में भी एटीएमएस कैमरों का प्रस्ताव स्वीकृत कराने के निर्देश कमिश्नर द्वारा दिये गये।

डीएम बरेली अविनाश सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि बरेली-शाहजहांपुर सड़क के मध्य में निराश्रित गौवंश बैठे हुये दिखाई पड़ते हैं, और इनका मुख्य कारण मीडियन पर क्रैश बैरियर न होना एवं अपेक्षा से अधिक हरियाली होना है। कमिश्नर द्वारा मीडियन एवं क्रैश बैरियर लगाने हेतु निर्देशित किया गया। डीएम द्वारा निराश्रित गौवंश हेतु हॉट स्पॉट चिन्हित करते हुये उन स्थानों से गौवंश को सुरक्षित गौशालाओं में पहंचाये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। कमिश्नर द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की जिलेवार समीक्षा करते हुये सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा प्रस्तुत डेटा का अनुश्रवण किया गया, जिसके अनुसार जनपद बरेली में दुर्घटनाओं में सर्वाधिक मौतें साइड (पीछे) की टक्कर से व किनारे से हुई टक्कर के कारण हुई हैं।

पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा जनपद बरेली के सभी टोल प्लाजा से पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को आपस में सामंजस्य बनाकर घायलों को त्वरित चिकित्सा हेतु अस्पताल पहुंचाने हेतु निर्देशित किया गया, एवं हाईवे के समस्त टोल पर ट्रामा सेंटर स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। ट्रामा सेन्टर एवं एंबुलेंस के जनपद में उपलब्ध सरकारी एवं गैर सरकारी को एम्बुलेंस को जीपीएस से युक्त करते हुये उनका लोकेशन बेस्ड इंटेलिजेंस के आधार पर सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। कांवड़ यात्रा हेतु परिवहन विभाग द्वारा चारों जनपदों के ब्लैक स्पॉट्स, रूट डायवर्जन प्लान एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता पर बने वीडियो का प्रदर्शन प्रणव झा, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा किया गया, जिसका सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सड़क सुरक्षा जागरूकता के अभियान को जनमानस तक पहुंचाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कराने करते हुये ग्राम सड़क सुरक्षा समिति का गठन एवं परिवहन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये रोड सेफ्टी जागरूकता से सम्बन्धित सामग्री का वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया। विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन एवं ग्राम सड़क सुरक्षा समिति करने में विकास विभाग का अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिये समस्त जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में डीएम अविनाश सिंह, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, पुलिस अधीक्षक (यातायात) बरेली मो0 अकमल खां, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), प्रणव झा, सम्भागीय परिवहन अधिकारी बरेली पंकज सिंह, परियोजना निदेशक एन.एच.ए.आई बरेली सौरभ चौरसिया, अधीक्षण अभियन्ता बदायूँ एवं पीलीभीत के0 के0 सिंह, अधीक्षण अभियंता बरेली एवं शाहजहॉपुर प्रकाश चन्द्र, क्षेत्रीय प्रबंधक (रोडवेज) बरेली दीपक चौधरी, अध्यक्ष बस एसोसिएशन, प्रदेश अध्यक्ष ट्रक वैलफेयर ऐसोसिएशन, अध्यक्ष ट्रक वैलफेयर ऐसोसिएशन सहित सम्बंधित मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भोले के भक्तों चलना संभल के बड़े कंकड़ हैं इस राह में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेश हैं कि कांवड़ यात्रियों के निकलने वाले रास्तों को दुरस्त किया जाये। जिससे जल लेकर आने वाले किसी भी भोले के भक्त को कोई परेशानी न हो। मगर नगर पंचायत में आधे से अधिक मुडिया जागीर-देवरनियाँ मार्ग गड्ढों मे तो पहले से ही तब्दील था, मगर अभी कुछ दिन पूर्व रोड डालने को लेकर उसके पत्थरों को उखाड़ देने से यह रोड कंकड पत्थरों में भी तब्दील हो गया है। गुरुवार को मुडिया जागीर से जल लेने जाने वाले कांवड़ यात्रियों को इसी मार्ग से जाना पड़ा, और इसी कंकड़ पत्थर भरे रास्तों से जल लेकर आना पड़ेगा। हालांकि इस रोड की हालत कई वर्षों से खराब है। मगर नगर पंचायत चेयरमैन मो० कलीम अन्सारी के अथक प्रयास से रोड पड़ना पास हुआ, और कुछ रोड पड़ भी गया मगर आधे से ज्यादा रोड आज भी गड्ढों में तब्दील है।

> किसी कारण वश बीच में काम रुक गया था। शीघ्र ही रोड का निर्माण कराया जायेगा। जिससे आगे आने वाले समय में नगर पंचायत वासियों को कोई परेशानी न हो।
>
> **मो. कलीम अन्सारी**
> **चेयरमैन देवरनियां**

# आधे घंटे की बारिश ने खोली नगर पंचायत के विकास कार्यों की पोल

**■ गलियों में भरा पानी लोग हुए परेशान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** नगर पंचायत के विकास कार्यों की सच्चाई आधे घंटे की बारिश ने साफ कर दिए कि हालात किस तरह के हैं। यहां वार्ड 14 अंसारी मोहल्ला गौसिया मस्जिद वाली गली में कुछ समय पूर्व सीसी रोड़ पड़ा था जिसकी गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध दर्ज कराया साथ ही शिकायत भी की गई थी। यह सीसी रोड़ चंद दिनों में ही उखड़ना शुरू हो गया था जोकि चर्चा का विषय बना।



इस सीसी रोड़ के कारण गौसिया मस्जिद वाली गली में पानी भर जाता हैं जिस कारण लोगों का निकलना मुश्किल हैं पर कोई जिम्मेदार इस तरफ ध्यान देना उचित नहीं समझ रहा है। स्थानीय निवासी छात्र असद अंसारी ने कहा कि सड़क किनारे जो नाली बनी है, वो बहुत ही पतली है। थोड़ी सी बारिश में ही ओवरफ्लो हो जाती है और सारा पानी सड़क पर भर जाता है। नाली की चौड़ाई और गहराई दोनों बढ़ाने की जरूरत है, नहीं तो हर बार हमें इसी परेशानी से जूझना पड़ेगा। स्थानीय निवासी मोहम्मद साजिद ने बताया कि आधे घंटे की वारिश में गली में पानी भर जाता है यहां साफ-सफाई का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। कई कई दिन तक सफाई कर्मी नहीं आते नालियां कूड़े और मिट्टी से जाम पड़ी हैं। जब नाली साफ नहीं होगी तो पानी भरना तो तय है।

## स्मार्ट मीटर लगाने का किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका सभासदों ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव और एक्सियन हैडल को संयुक्त ज्ञापन पत्र सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि नगर में घरों पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन स्मार्ट मीटर में काफी खामियां हैं। जिन घरों पर स्मार्ट मीटर लगे हुए हैं, वे परेशान हैं। एसडीएम व एक्सियन हैडल को दिए गए ज्ञापन में सभासदों ने बताया कि स्मार्ट मीटर अधिक रीडिंग निकालता है, और बिल गलत देता है। मीटर खराब या जलने पर 9000 रुपये का जुर्माना लगाया जा रहा है। गरीब जनता पर मीटर लगवाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, और धमकी दी जा रही है। सभासदों ने एसडीएम व एक्सियन हैडल से मांग करते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य छह महीने के लिए रोक दिया जाए। गरीब जनता को स्मार्ट मीटर की जानकारी दी जाए, और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। स्मार्ट मीटर लगाने से पहले उपभोक्ताओं की सहमति ली जाए।ज्ञापन देने वालों में ताहिर पप्पू, राकेश मिश्रा, सलीम चंदा, ओमप्रकाश गबरू, रमेश सिंह, मो. जाकिर, जाकिर रजा, हसन जाफरी आदि थे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

संख्या-805 /न०पा०प०ब०/ कर/2024-25 दिनांक-07.07.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त एक आराजी-297 (स) वार्ड-11 जो मोहल्ला रामलीला कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री राम पुत्र श्री नोनी राम के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-01.02.2006 के द्वारा श्री राम पुत्र श्री नोनी राम निवासी ग्राम राईनवादा रिछा बरेली कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री मुनीश कुमार रस्तोगी पुत्र श्री भूरा लाल रस्तोगी निवासी मोहल्ला रामलीला कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्री मुनीश कुमार रस्तोगी पुत्र श्री भूरा लाल रस्तोगी निवासी मोहल्ला रामलीला कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न करते हुए आराजी को अपने नाम से दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

संख्या-808 /न०पा०प ०ब०/कर /2025-26 दिनांक-0707.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त एक आराजी-258 वार्ड-2 जो मोहल्ला गौटिया सिंह कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्रीमती कन्यावती पत्नी लक्ष्मण प्रसाद के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-25.04.2025 के द्वारा श्रीमती कन्यावती पत्नी लक्ष्मन प्रसाद निवासी मोहल्ला गौटिया सिंह कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी भागीरथ निवासी मोहल्ला गौटिया सिंह कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी भागीरथ निवासी मोहल्ला गौटिया सिंह कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न करते हुए आराजी को अपने नाम से दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए बाइक व एंबुलेंस रहेंगी तैयार: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से बाइक एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर कांवड़ मार्ग के लिए रवाना किया। कांवड़ यात्र के दौरान श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान मार्गों पर भीड़ अधिक रहती है और कई जगहों पर जाम की स्थिति बन जाती है, ऐसे में सामान्य एंबुलेंस का मौके पर पहुंचना मुश्किल होता है। बाइक एंबुलेंस के माध्यम से तीर्थ यात्रियों को तुरंत प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च



प्राथमिकता है और यह पहल सुनिश्चित करेगी कि कोई भी श्रद्धालु चिकित्सा सुविधा से वंचित न रहे। मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. यशवीर सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल ने बताया कि बाइक एंबुलेंस में प्राथमिक उपचार की सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की गई है। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.यशवीर सिंह ने कहा कि बाइक एंबुलेंस का संचालन ऐसे स्थानों पर किया जाएगा जहां सामान्य एंबुलेंस का पहुंचना कठिन हो। इससे न केवल बीमार यात्रियों को त्वरित राहत दी जा सकेगी बल्कि समय पर इलाज से कई जानें भी बचाई जा सकेंगी। गौरतलब है कि हर वर्ष सावन माह में लाखों श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने-अपने शिवालयों तक कांवड़ यात्रा करते हैं। जिला प्रशासन की यह पहल कांवड़ यात्रा के दौरान आपात चिकित्सा सुविधा को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल सहित उपस्थित रहे।

## परिवार की सुख-शांति के लिए हरिद्वार से पैदल जल लेकर आए शिवभक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हरियाणा के झज्जर से एक परिवार श्रावण मास में कांवड़ यात्रा पर निकला है। सागर अपनी पत्नी नेहा, एक साल की बेटी हीरा और भाई अनिकेत के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गांव की ओर जा रहे हैं।

सागर ने बताया कि उन्होंने पांच दिन पहले हरिद्वार से कांवड़ उठाई थी। वे गंगाजल को अपने गांव के शिव मंदिर में चढ़ाएंगे। परिवार की सुख-शांति के लिए वे हर साल यह यात्रा करते हैं। वर्तमान में यह परिवार बागपत में बड़ौत-मुजफ्फरनगर मार्ग पर कान्हड़ गांव के पास से गुजर रहा है। कांवड़िए बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए अपनी यात्रा जारी रखे हुए हैं। सागर ने बताया



कि गर्मी के कारण यात्रा में कुछ परेशानी हुई, लेकिन कोई बड़ी दिक्कत नहीं आई। परिवार का मानना है कि भगवान शिव की भक्ति से ही उनके घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। इसी विश्वास के साथ वे एक साल की बच्ची को भी इस पवित्र यात्रा में साथ लेकर चले हैं।

## बंदरों ने महिला पर हमला कर किया घायल, बंदरों को पकड़वाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुसार गांव में एक महिला बंदर के हमले का शिकार हो गई। रामपाल की पत्नी कमलेश अपने घर के बरामदे में काम कर रही थी। इस दौरान छज्जे पर बैठे बंदर ने अचानक उस पर हमला कर दिया।

बंदर ने महिला के सिर पर हमला किया और कई जगह से घायल कर दिया। महिला की चीखें सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने लाठी-डंडे दिखाकर बंदर को वहां से भगाया। घायल महिला को पहले बिनौली सीएचसी ले जाया गया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। महिला के बेटे कल्लू के अनुसार, उनकी मां के माथे की सर्जरी जीटीबी अस्पताल में की गई है। पूर्व फौजी शरद तोमर ने बताया कि वे जल्द ही बंदरों को पकड़वाने की मांग को लेकर बागपत के डीएम से मुलाकात करेंगे। क्षेत्र में बंदरों के हमलों से ग्रामीण परेशान हैं और उनकी सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

## हरिद्वार से कंधों पर बैठाकर माता-पिता को लेकर आया कांवड़िया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** हरियाणा सोनीपत पानीपत के कावड़िया पैरों में घुंघरू बांध कर शिव की महिमा का गुणगान करते हुए अपने-अपने शिवालयों की तरफ बढ़ रहे हैं। सड़कों पर जय-जयकार करते हुए बोल बम बोल बम भारत माता की जय शिव शंकर का जयकारा हर हर महादेव के नारे लगाते हुए अपने कंधों पर गंगाजल लेकर कावड़ लेकर केसरिया रंग में रंग कर बडौत नगर के दिल्ली रोड होते हुए चल रहे हैं। कावड़िया हरिद्वार से गंगाजल लेकर 23 जुलाई को जलाभिषेक करेंगे। श्रद्धालु बडौत मुजफ्फरनगर बुढ़ाना बरनावा पुसार दाहा मार्ग पर इस समय कावड़िया का जन सैलाब भारी संख्या में उमड़ना जा रहा है। जगह-जगह शिव भक्तों के लिए



श्रद्धालुओं ने शिविर लगाकर शिव भक्तों को भोजन खिला रहे हैं। शि. विर में कांवड़िया रुक-रुक कर आराम कर रहे हैं। शिविर में भोजन व्यवस्था चिकित्सा व्यवस्था रहने ठहरने की व्यवस्था भोले के पैरों में मालिश करने की व्यवस्था श्रद्धालुओं ने शिविर लगाकर की है। कोई परिवार की सुख शांति के लिए कोई अपने माता-पिता के लिए कोई अपने बच्चों की मुरादे पूरी करने के लिए कावड़ ला रहा है। कई कावड़िया तो गंगाजल के साथ कंधे पर कावड़ में बैठा कर अपने माता-पिता को भी गंगाजल के साथ हरिद्वार से लेकर आ रहे हैं। पानीपत के कावड़िया राकेश प्रताप सिंह सुंदर सिंह चौधरी हरे राम परमवीर सिंह धर्मपाल चौधरी मुकेश चौधरी आदी श्रद्धालुओं ने बताया कि अपने माता-पिता को गंगाजल के साथ कावड़ में बैठकर कावड़ लाने में थोड़ा परेशानी तो आ रही है। मगर भोले शंकर का आशीर्वाद भी बराबर मिल रहा है। माता-पिता से वादा किया था कि उनके हाथों से ही इस बार जलाभिषेक अपने शिवालय में किया जाएगा।

## तेज रफ्तार बाइक सवार ने 8 वर्षीय बच्चे को मारी टक्कर, घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। पुराने कस्बे में मदरसे जा रहे 8 वर्षीय असद को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्चे के सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही बाइक चालक फरार हो गया।

इस दौरान स्थानीय लोगों ने घायल असद को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल से भी उसकी हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना उस समय हुई जब असद मदरसे में पढ़ाई के लिए घर से निकला था। घर से कुछ दूरी पर ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि असद जमीन पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## विकासखंड पिलाना में कार्यशाला आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को उपनिदेशक पंचायत, मेरठ मण्डल, मेरठ के कुशल मार्ग निर्देशन में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स पीएआई संस्करण 1.0 के प्रसार एवं संस्करण 2.0 के क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जनपद बागपत के विकासखंड पिलाना में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक विकास अधिक. ारी पंचायत, प्रतिनिधियों एवं समहू सखी व पंचायत सहायकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 1.0 व 2.0 पर सभी प्रतिभागियों को मास्टर ट्रेनर प्रवीण कुमार, निशा एवं वरिष्ठ फैकल्टी हापुड़, डा. दीपक सिंह द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ फैकल्टी मेरठ चरन जीत मौजूद रहे।

## एक नजर

### 17 जुलाई 1857 ई. के अमर शहीदों को दी श्रृद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** महाक्रांति ग्राम के नाम से प्रसिद्ध जनपद बागपत के गाँव बसौद के 168 वें शहादत दिवस पर युवा चेतना मंच/समिति के सदस्यों ने श्रृद्धांजलि अर्पित की। मंच के महासचिव एडवोकेट समीर अहमद ने बताया कि 17 जुलाई 1857 ई. में गांव की जामा मस्जिद में अंग्रेजी सेना और ग्रामीणों के बीच दो चरणों में आमने सामने का भीषण युद्ध हुआ था जिसमें लगभग पूरा गांव शहीद हो गया था। यह मस्जिद इस क्षेत्र के क्रांतिकारियों का मुख्यालय था जिसके मुखिया बाबा शाहमल सिंह थे। उन्ही के नेतृत्व में यह लडाई लडी गयी थी। अंग्रेजों को भनक लग गयी थी कि बाबा शाहमल बसौद की मस्जिद मे ठहरे हुए है तो गौरी पलटन ने बसौद पर आक्रमण कर दिया लेकिन बसौद के बहादुर लोगों ने अपनी जान पर खेलकर बाबा शाहमल को सुरक्षित गाँव से बाहर निकाल दिया। अंग्रेजों ने शाम को जाते वक्त 15 लोगों को बरगद के पेड पर फांसी लगाकर गांव को आग के हवाले कर दिया। गाँव में इतना नरसंहार हुआ था कि तालाब का रंग खून से लाल हो गया था जो खूनी तालाब के नाम से जाना जाता है, प्रत्येक वर्ष ग्रामवासी इस दिन को शहादत दिवस के रुप में मनाते है। मंच संस्थापक मास्टर सत्तार अहमद ने बताया कि इस बार गांव स्टेज कार्यक्रम कांवड यात्रा के चलते स्थगित कर दिया गया था। सिर्फ कार्यालय पर डा. तसलीम व मास्टर आदिल के नेतृत्व में मंच के सदस्यों ने दो मिनट मौन रखकर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर डा. तसलीम, मंच उपाध्यक्ष आदिल हुसैन, मुबारिक, राशिद, युसुफ, सुभान, आफताब, हर्ष, अर्श, आरिस आदि मौजूद रहे।

### एशियन जूनियर जुडो कप में पफरदीन मलिक ने जीता कास्य पद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ताइवान के ताइपेई में हुई जूनियर एशियन कप प्रतियोगिता में बागपत जनपद के पांची कें फरदीन मलिक ने जूड़ो में कास्य पदक जीत देश का नाम रोशन किया है, जिससे लेकर गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीण युवक के स्वागत की तैयारी में लगे हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तरफ से ताइवान के ताइपेई शहर में 14 जुलाई सें 16 जुलाई तक जूनियर एशियन कप 2025 का आयोजन किया गया जिसमें पांची के फरदीन मलिक पुत्र वकील मलिक ने जुड़ो में हिस्सा लिया और 73 किलोग्राम वर्ग में खेलते हुए कास्य पदक जीता जब यह खबर गांव पहुंची तो गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि युवक ने कास्य पदक जीत देश का नाम रोशन करते हुए अपने गांव का नाम भी रोशन किया है। युवक ने अबसे पहले नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेते हुए भी कई पदक जीते है। युवक ने बताया की वह चंडीगढ में खेल की ट्रेनिंग लेता है। और उसके कोच विवेक ठाकुर ने रात दिन मेहनत कर उसे यहा तक पहुचाया है। वही उसके परिजनों ने भी उसे बहुत स्पोर्ट किया है। गांव के लोग युवक के गांव आने पर उसके स्वागत की तैयारी में लगे है। गांव के प्रधान मोहम्मद नासिर, असलम, सब्बीर, मास्टर असलम कय्यूम मलिक आदि ने कहा कि मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। युवक ने गांव का नाम विदेशों मे रोशन कर देश और जनपद का मान बढाया है। उन्होंने कहा अन्य युवकों को भी उससे प्रेरणा लेनी चाहिए। गांव आने पर युवक का जोरदार स्वागत किया जाएगा।

### कांवड़ियों का फूल मालाओं से किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हरियाणा के नाहरी से गुरुजी अशोक दहिया और उनके शिष्य दीपक दहिया ने हरिद्वार हर की पौड़ी से जल उठाया और सोनीपत अपने गांव के शिव मंदिर तक दंडवत यात्रा कर रहे हैं ताकि उनके साथियों के स्वस्थ जल्द से जल्द अच्छा हो सके और गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा मिल सके जो बहुत ही कठिन तपस्या के साथ आगे बढ़ती हुई गुरुजी अशोक दहिया और उनके शिष्य दीपक दहिया दोनों ही सरल स्वभाव मधुर वाणी और हर बात में विनम्रता के धनी है जो उनके साफ चरित्र और व्यवहार को दिखाता है। गौरीपुर पहुंचने पर उनका फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में परमजीत जांगिड़ ने बताया कि सरकार गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दे और देश में गौशाला की व्यवस्था को सुधारा जाए, सभी सुबह एक रोटी गौ माता के लिए जरूर निकले और घर से बची हुई रोटियां सब्जियां पॉलिथीन में पैक करके ना फेके अगर कोई घायल गोवंश मिले तो उसकी सूचना अपने नजदीकी टीम को दें और गौ माता की सेवा कर पुण्य के भागी बने क्योंकि गौ माता ही भारत की एकता और अखंडता की सूत्रधार है। मौके पर युवराज चौहान, अंकित चौहान, आशीष कश्यप, वरुण पुसार, परमजीत जांगिड, मनजीत दहिया, चेतन पांचाल, यशवीर जांगिड़, रो. हताश कश्यप, हरिओम कुमार आदि साथी मौजूद रहे।

### युवक बोला शिव ने बुलाया, तो सब छोडकर दर्शन करने आया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** धरती पर एक अनूठी श्रद्धा का उदाहरण देखने को मिला। दुबई में पिछले 11 वर्षों से रह रहे रघुवीर सिंह हजारों किलोमीटर का सफर तय कर भोलेनाथ की कांवड़ उठाने पहुंचे। हरियाणा के रेवाड़ी के रहने वाले रघुवीर दुबई में डाइविंग का काम करते हैं। सावन के महीने में उन्होंने अपनी वीजा, छुट्टियां और जिम्मेदारियां एक तरफ रखकर भारत आने का फैसला किया। बड़ौत के बिजरौल गांव में रघुवीर ने अपनी भावनाओं को साझा किया। रघुवीर ने बताया कि दुबई में अच्छी सैलरी के बावजूद आत्मा को सुकून नहीं मिलता था, लेकिन भोलेनाथ की भक्ति में नंगे पांव चलकर जो शांति मिली, वह किसी भी धन से बड़ी है।

## नि:शुल्क शिविर में की 400 मरीजों की आंखों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के कंडेरा गांव में आर्य ग्रामोद्योग संस्थान द्वारा अहलावत चौपाल पर एडीके जैन हॉस्पिटल खेकड़ा के सहयोग से आंखों के नि:शुल्क कैंप का आयोजन किया गया, जिसका आयोजन अंब्रेसिया कंपनी के मालिक व रमाला मिल के उपसभापति जयदेव सिंह का द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपसभापति जयदेव सिंह ने फीता काटकर किया।

इस दौरान नि:शुल्क आई कैंप में लगभग 400 मरीजों की आंखों की जांच की गई तथा दवाई वितरित की गई। इस दौरान 200 मरीजों को चश्मे भी वितरण किए गए तथा 50 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनमें से 22 मरीजों को



ऑपरेशन के लिए अस्पताल की गाड़ी द्वारा खेकड़ा ले जाया गया जिनका वहां पर नि:शुल्क ऑपरेशन किया गया। कार्यक्रम में कैंप इंचार्ज संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हॉस्पिटल द्वारा प्रत्येक गांव में नि:शुल्क कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिन मरीजों में मोतियाबिंद की शिकायत मिलती है उनका ऑपरेशन भी कराया जा रहा है। इस इस दौरान उपसभापति जयदेव सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम की आज हमने शुरुआत की है आगे भविष्य में भी हम खेकड़ा हॉस्पिटल के सहयोग से अपने गांव के साथ-साथ आसपास के गांव में भी नि:शुल्क आई कैंप लगवाने का सहयोग जरुर करेंगे। यह तो बहुत ही पुण्य का काम है। इसके लिए समाज के सभी प्रबुद्ध लोगों को हमेशा अग्रसर रहना चाहिए।

## डीएम कार्यालय पर 27 जुलाई को बुलाई जाएगी समाज की महापंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की पट्टी चौधरान स्थित अपने आवास पर हुई ब्राह्मण समाज की बैठक में प्रेस वार्ता करते हुए 84 ब्राह्मण खाप चौधरी आदित्य भारद्वाज ने कहा बागपत के खिदोडा गांव से ब्राह्मण समाज की एक नाबालिक लड़की लगभग डेढ़ महीने से गायब है। लड़की की बरामदगी को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना भी दिया गया था। इसमें 5 दिन का टाइम पुलिस प्रशासन द्वारा लड़की को बरामद करने के लिए दिया गया था। मगर अभी तक नाबालिक लड़की पुलिस प्रशासन द्वारा बरामद नहीं की गई।

ब्राह्मण समाज लगातार लड़की को बरामद करने की मांग करता आ रहा है। आज ब्राह्मण समाज की लोगों ने बैठक में निर्णय लेते हुए बैठक को अंतिम रूप दिया। इसमें 27 जुलाई को जिला. धिकारी कार्यालय पर भारी संख्या में सर्व समाज की महापंचायत बुलाई जाएगी।

पंचायत तब तक वहां से नहीं उठेगी जब तक प्रशासन द्वारा लड़की को बरामद नहीं किया जाता। वहीं पर पंचायत में भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय भी लिया जाएगा।

ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता आदित्य भारद्वाज का कहना है कि अब लड़की को बरामद करने के लिए प्रशासन से भी आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। महापंचायत में लगभग एक दर्जन संगठन के लोग भाग लेंगे।

बैठक में नगर पालिका परिषद बडौत सभासद रमेश शर्मा, रणवीर सिंह तोमर बृजेश शर्मा आवेश शर्मा मधुसूदन शास्त्री देवेंद्र शर्मा उर्फ बबली शशांक शर्मा बृजपाल तोमर सूरजमल त्यागी दीपक वर्मा आचार्य प्रवीण पुलस्त्य ऋषि कुमार शर्मा आचार्य संजय शास्त्री आचार्य उमेश कौशिक आदि मौजूद रहे।

## गैस एजेंसी के गेट पर ड्यूटी कर रहे गार्ड पर अचानक गीदड़ ने किया हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के टटीरी कस्बे में गैस एजेंसी का गार्ड कृष्णपाल गेट पर डयूटी कर रहा था। इस दौरान एक खेत से अचानक एक गीदड निकला और डयूटी कर रहे गार्ड पर हमला कर घायल कर दिसा। हमले में कृष्णपाल जमीन पर गिर गए। गीदड़ ने उनके चेहरे पर भी हमला किया। गार्ड की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल गार्ड को अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने कृष्णपाल का उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार गार्ड की स्थिति अब खतरे से बाहर है। उनके चेहरे का उपचार जारी है।

## खराब रैंकिंग बर्दाश्त नहीं, विभाग स्वयं का प्रदर्शन सुधारें, वरना होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों को जो लक्ष्य दिए गए हैं, उनके सापेक्ष राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित की जाए।

बैठक में कर-करेत्तर, वाणिज्य कर, स्टांप एवं निबंधन, आबकारी, परिवहन, ऊर्जा, नगर विकास, वन विभाग, खनन, कृषि विपणन/मंडी समिति समेत अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लंबित राजस्व वादों की शीघ्र सुनवाई कर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग लक्ष्य के अनुसार वसूली सुनिश्चित करें, अमीन को वसूली के लिए क्षेत्र में भेजें और तहसीलदार भी स्वयं क्षेत्र में निकले, जिससे राजस्व वसूली में तेजी आए। बैठक के दौरान बड़े बकायेदारों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि आरसी यानि रिकवरी सर्टिफिकेट के सबसे बड़े बकायेदारों पर त्वरित कार्रवाई की जाए। बिजली बिलों में सबसे अधिक बकाया की वसूली के लिए भी निर्देशित किया। वाणिज्य विभाग को कहा कि पुरानी आरसी बार-बार तहसील में न भेजें, इनका निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए। समीक्षा के दौरान सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में लगातार खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों के अधिकारियों को चेतावनी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपने कार्यों में सुधार लाएं और प्रदेश रैंकिंग में अच्छी स्थिति सुनिश्चित करें। जिला उद्योग केंद्र से जीएम की बैठक में अनुपस्थिति पर उनका वेतन रोके जाने का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। फीडबैक असंतुष्ट मिलने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। उपजिलाधिकारी व तहसीलदार शिकायतकर्ताओं से खुद बात करें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के लंबित मामलों में त्वरित कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। आय एवं जाति प्रमाण पत्र समय से बनाए जाएं और लंबित न रहें। जिलाधिक. ारी ने लेखपालों द्वारा कार्य में लाप. रवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। बड़ौत के दो लेखपालों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई क्योंकि उनका कार्य अच्छा नहीं पाया गया। तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि एक वर्ष से अधिक पुराने सभी वादों का शीघ्र निस्तारण करें। मंडी रैंकिंग खराब होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 18 से 70 वर्ष तक के किसानों की आकस्मिक मृत्यु या दिव्यांगता की स्थिति में उनके विधिक वारिसों को आर्थिक सहायता दी जाती है। दुर्घटना में मृत्यु होने पर 5 लाख तथा दिव्यांग होने पर 1.25 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाती है। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र रोबिन उर्फ प्रवीण कुमार से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
मीना पत्नि स्व.तिलकराम निवासी ग्राम खेडा इस्लामपुर थाना बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र प्रशांत से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
ईश्वर सिंह पुत्र अमी लाल निवासी ग्राम फैजलापुर जनपद बागपत।

# ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर राशन डिपो के खिलाफ की नारेबाजी

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी /रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंद्रपुर खुर्द के ग्रामीणों ने डीलर राय सिंह पुत्र राजवीर सिंह निवासी चंदपुरा खुर्द तह. शाहबाद जिला रामपुर के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर की नारे बाजी ग्रामीणों का आरोप है कि राशन डीलर द्वारा मई जून के राशन एक बार वितरण किया गया है जोकि गाँव के कुछ बड़े लोगों को मई जून का राशन पूरा दे दिया गया है और जो गाँव के कमजोर व्यक्ति है उनको मई-जून का राशन एक बार दिया गया है। जब भी गाँव के व्यक्ति डीलर के पास अपना राशन लेने जाता है तो वह कहता है कि मेरे पास मई-जून का



एक राशन आया है मई-जून का दूसरा राशन कहाँ से दूं मेरे पास आया ही नहीं है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि मुरादन जोकि पूर्व समय में इनकी शादी ग्राम चक में कर दी गयी है लेकिन उक्त डीलर ने चंदपुरा खुर्द में इनके यूनिट बरकरार रखे हैं और इन्हें के राशन कार्ड में राशन कार्ड सं. 213640793899 है और इनके राशन कार्ड में अनेक नाम दर्ज हैं जोकि फर्जी हैं। 1. तस्लीम 2. जीशान 3. फातिमा 4. आसमा बी 5. नसीबन ये नाम राशन कार्ड में फर्जी हैं। वही दूसरा मामला गुलिस्ता जिनका राशन कार्ड में नं०- 213640804658 है जिसमे नाम 1. इरफान 2. हिना परवीन 3. सानिया 4. कुमकुम 5. माही 6. हेमवती इस राशन कार्ड में ये नाम फर्जी हैं। तीसरा नाजमीन राशन कार्ड सं०- 213640753925 जिसमें ये नाम 1. कल्लू 2. समीर 3. हसीन 4. रियाज 5. इराय 6. असगरी इस राशन कार्ड में ये नाम फर्जी हैं। डीलर ने इसी तरीके से गाँव के जो व्यक्ति जिनकी शादी हो चुकी है उनके नाम अभी भी दर्ज हैं। और जो लोग मृतक हो चुके हैं उनके भी नाम एक दूसरे के राशन कार्ड में दर्ज है। और अन्य गाँव के भी व्यक्तियों के नाम दर्ज है।।

इसी तरीके से चंदपूरा खुर्द में जो राशन कार्ड धारक हैं उनकी राशन करे आईडी में अन्य फर्जी नाम दर्ज है जो गलत है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त डीलर की मई जून का राशन एक बार जो वितरण किया गया है वो राशन महीने में दो दो बार आया है। जो कि डीलर ने एक बार वितरण कराया है।

गाँव के जो दबंग लोग हैं उन्हें मई-जून का पूरा राशन दे दिया गया है। डीलर की कांटे की मशीन जिसमे डीलर ने अपने हिसाब से सेट कर रखी है जो कि राशन कम तोलती है जिसकी ।जांच कराकर उचित कार्यबाही की जाय इस दौरान रमजान जैनब शेर सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह विशेष कमार पुत्र रमेश पाल शराफत पुत्र मलखे रहीस पुत्र मुंशी दुलारी देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने रामपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के साथ रामपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक कावड़ यात्रा के दृष्टिगत प्रशासनिक स्तर से की गई तैयारी का भी जायजा लिया तथा रामपुर शहर में अजीतपुर क्षेत्र सहित विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया।

अजीतपुर पुलिस चौकी के पास से होकर जाने वाले नाले पर मिट्टी का भराव होने की वजह से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। इसके संबंध में जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया कि वे नाले को खुदवाकर पानी निकासी की व्यवस्था



को दुरुस्त कराएं। इसके साथ ही अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि वे नाले की साइड पटरी पर अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटवाएं।

जिलाधिकारी ने रामपुर से शाहबाद को जाने वाले मार्ग के किनारे वृहद वृक्षारोपण कराने के भी निर्देश दिए।

इसके बाद जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर के साथ डूंगरपुर स्थित उद्यान विभाग की भूमि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर और जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए कि वे इस भूमि को राजस्व अभिलेखों के अनुसार संरक्षित कराएं। जिलाधिकारी द्वारा जिले में अवैध अतिक्रमण और अवैध कब्जे के विरुद्ध अभियान को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## एक अवैध तमंचा व मोटर साइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**स्वार।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर व कोतवाली प्रभारी प्रदीप मलिक के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को चलाये गए अभियान में पुलिस ने गश्त व चे॓. कंग के दौरान मुंशीगंज तिराहा तहसील के पास से अभियुक्त शिवम पुत्र तारा चंद निवासी बागड़ खा का मझरा थाना अजीम नगर के पास एक तमंचा 315 बोर व मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की है। गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0वीरेंद्र शुक्ल, सुग्रीव सिंह, का0राजन चौधरी आदि मौजूद रहे।

## दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में फरार आरोपी को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने ग्राम सैना में दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी सुमित तोमर बताया कि थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा ग्राम सैना में दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में फरार चल रहे एक आरोपी नौशाद पुत्र शाहदत निवासी ग्राम सैना थाना सिम्भावली जनपद हापुड को वैट मोड़ से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बैंक मैनेजर पर जातिगत भेदभाव और दबंगई का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** क्षेत्र के खरसोल गांव में पंजाब नेशनल बैंक के एक शाखा प्रबंधक पर गंभीर आरोप हैं। गांव निवासी धर्म सिंह सागर ने बैंक मैनेजर परवेज अदीब पर जातिगत भेदभाव करने, अपमानित करने और दबंगई से काम करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि मैनेजर केवल मुस्लिम समुदाय के लोगों को ऋण दे रहे हैं और हिंदुओं को जानबूझकर परेशान कर रहे हैं। धर्म सिंह सागर पिछले 17 वर्षों से खरसोल गांव में एक मेडिकल स्टोर चला रहे हैं।

कुछ समय पहले उनका पंजाब नेशनल बैंक में रिकॉर्ड खराब हो गया और वे बीमार पड़ गए, जिसके इलाज में लगभग 9 से 10 लाख रुपये खर्च हो गए। आर्थिक तंगी से जूझते हुए उन्हें श्मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनाश के बारे में पता चला, जिसके तहत




बिना ब्याज के व्यापार के लिए ऋण मिलता है। जानकारी मिलने पर धर्म सिंह पंजाब नेशनल बैंक, खरसोल शाखा पहुंचे और बैंक मैनेजर परवेज अदीब से ऋण के बारे में पूछा। मैनेजर ने उन्हें 8-10 दिन इंतजार करने को कहा। जब धर्म सिंह दोबारा जानकारी लेने गए, तो मैनेजर ने सीधे मना कर दिया कि उनके नाम पर ऋण नहीं हो पाएगा। इस पर पीड़ित ने अपनी पत्नी के नाम से ऋण लेने की बात कही। आरोप है कि मैनेजर ने उनकी जाति पूछी, और जब धर्म सिंह ने अपनी जाति श्जाटवश बताई, तो मैनेजर ने कहा कि वे श्चमारोंश को कोई ऋण नहीं देते। पीड़ित धर्म सिंह का आरोप है कि मैनेजर परवेज अदीब ने उन्हें जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और गार्ड से कहकर बैंक से बाहर निकलवा दिया। धर्म सिंह सागर ने यह भी आरोप लगाया है कि बैंक मैनेजर परवेज अदीब मुस्लिम समुदाय से हैं और केवल मुस्लिम लोगों को ही ऋण दे रहे हैं, जबकि हिंदुओं को कोई ऋण नहीं दिया जा रहा है।

उन्होंने मैनेजर पर लोगों से नाम और धर्म पूछकर ऋण देने और दबंगई व बदमाशी के बल पर बैंक में काम करने का आरोप लगाया है, जिसे उन्होंने गैर-कानूनी और आपराधिक बताया है। इस घटना के बाद धर्म सिंह सागर शिकायत दर्ज कराने के लिए मजबूर होकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले ने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है और निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

## ठाकुर यशपाल सिंह ने फीता काटकर ढाबे का किया उद्घाटन



शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** शाहाबाद बिलारी बिसौली मार्ग पर हिंदू परम्परा नाम से एक नया ढाबा खुला जिसका गुरुवार को ढाबे के स्वामी वीरेश यादव अर्जुन यादव ने हिंदू परम्परा ढाबा का उद्घाटन ठाकुर यशपाल सिंह द्वारा फीता काटकर कराया जिसके उपरांत गणमान्य व्यक्तियों सहित सभी उपस्थित लोगों को मिठाई वितरण कर भोजन कराया भोजन के उपरांत उपस्थित लोगों ने भोजन की तारीफ की जिसमें उपस्थित अमरसिंह,राजा जोशी, विशालवीर तूफानी, दंगलसिंह, जयवीर सिंह आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने भरे 16 नमूने

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर जनपद में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य)।।/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

विशेष छापामार अभियान में तहसील टांडा के बब्बनपुरी स्थित मुस्कान ट्रेडर्स के मो. आसिफ पुत्र मो. साजिद से लाल मिर्च पिसी का 01 नमूना लिया गया। लालपुर ईश्वर स्थित मो.सईद किराना स्टोर के मो. सईद पुत्र मो .हनीफ से खुला सरसों का तेल और लाल मिर्च पाउडर का 01-01 नमूना लिया गया। स्वार स्थित इसरा ट्रेडर्स के काशीम पुत्र अब्दुल अजीज से चायपत्ती, टॉफी और एनिमल जेली का 01-01 नमूना लिया गया। इसके अतिरिक्त एनिमल जेली में प्लास्टिक के खिलौने होने के कारण 08 किलोग्राम सीज



की गयी। स्वार स्थित पहलवान स्वीट हाउस के काशीम पुत्र मोहम्मद अहमद से छेना की मिठाई और मावा का 01-01 नमूना लिया गया और मेतीपुरा स्थित लाला जी किराना स्टोर के राहुल पुत्र शिव कुमार से बेसन, सरसों का तेल और बिनेगर का 01-01 नमूना लिया गया। बिलासपुर स्थित नवल किशोर एण्ड सन्स से बेसन का 01 नमूना लिया गया और मोहम्मद नवी पुत्र कबीर अहमद की फेश जूस की दुकान से अनार के जूस का 01 नमूना लिया गया।

लालावाला बाग स्थित चस्का पंजाब ढांबा से अरहर की दाल और फेट स्प्रेड (इंटलाइट) का 01-01 नमूना लिया गया। ज्वालानगर स्थित स्पेशल डेयरी के उस्मान पुत्र शौकत अली से दूध का 01 नमूना लिया गया। इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 16 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में मामले दर्ज किये जायेंगे। सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण मनोज कुमार, अशोक कुमार, धर्मपाल सिंह, शहाबुद्दीन, देवकान्त, राहुल शुक्ला, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

# सैफनी में लगा नि:शुल्क नेत्र शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** में बरेली के राममूर्ति स्मारक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की ओर से नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। अब्दुल रऊफ एडवोकेट के कार्यालय में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने आंखों का परीक्षण कराया। जवाहर पैथ लैब ने शिविर में नि:शुल्क रक्त जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई। नेत्र रोग सर्जन डॉ. ज्योत्स्ना ने मरीजों का गहन परीक्षण किया। उन्होंने जरूरतमंद मरीजों को दवाइयां भी वितरित कीं। मोतियाबिंद या अन्य नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों को बस से अस्पताल ले जाकर नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।डॉ. ज्योत्स्ना ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। शिविर में डॉ. अजय कुमार, मैनेजर तक्कन अंसारी और जवाहर पैथोलॉजी लैब की संचालिका साहिबा जवाहर मौजूद रहीं। सईद अख्तर और जावेद अनवर समेत कई गणमान्य लोगों ने भी शिविर का निरीक्षण किया।

## भाकियू भानु की बैठक में गन्ना भुगतान की समस्या को लेकर हुई चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**गढ़मुक्तेश्वर।** भाकियू भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप से तहसील क्षेत्र का किसान प्रतिनिधि मंडल उनके आवास पर मिला। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गांव बदरखा निवासी पुष्पेंद्र चौहान को संगठन के किसान मजदूर मोर्चा में प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। इस दौरान पुष्पेंद्र चौहान व अन्य किसानों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से कहा कि जनपद की ब्रजनाथपुर और सिंभावली चीनी मिल के पेराई सत्र समाप्त हुए काफी समय बीत चुका है लेकिन अभी तक दोनों ही मिलों ने किसानों को उनका गन्ना भुगतान पूरा नहीं दिया है जिस कारण क्षेत्र के किसान आर्थिक तंगी में हैं। इसके अलावा उन्होंने निराश्रित पशुओं, घरौनी और खतौनियों में हो रही त्रुटियों के अलावा सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर भी चर्चा की।

## युवाओं को मिलेगी नई उड़ान, एसएफ-व्यापमं कोचिंग सेंटर का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** नगर के मोहल्ला चक स्वार स्थित एसएफ कोचिंग संस्थान नजदीक मदर इंडिया कॉलेज स्वार में अथितियों ने कोचिंग सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं, जैसे क्लास, अध्ययन कक्ष, स्टाफ रूम और कैफेटेरिया का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं पर खुशी व्यक्त की।

कार्यक्रम में उन्होंने प्रतिभागियों और उनके अभिभावकों से संवाद किया। उन्होंने विद्या के उद्देश्यों, सुविधाओं और युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। शहनाज हुसैन ने कहा, श्यह कोचिंग सेंटर केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि स्वार के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने वाला केंद्र है। अब कोचिंग संस्थान(विद्यापीठ)के माध्यम से जिले के युवा अपने ही शहर स्वार में उच्च स्तरीय मार्गदर्शन प्राप्त करने सहित कक्षा 6 से बारहवीं तक को॓. चंग क्लास ले सकेंगे।

युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा, श्सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। लक्ष्य निर्धारण, धैर्य, कठिन परिश्रम और अनुशासन ही इसे प्राप्त करने की कुंजी हैं।

इस अवसर पर रियाज खान,परवेज अख्तर एडवोकेट, आलिया सैफी, नाहिदा मेम, इस्लाम सर,शहनाज हुसैन सहित दर्जनों विद्यार्थी वर्ग आदि मोजूद रहे।

# डीएम ने किया अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण प्रथम कार्यालय का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ रामपुर शहर स्थित अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण प्रथम कार्यालय का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी ''पी.एम.सूर्य घर योजना'' के अन्तर्गत सोलर सिस्टम स्थापित किये जाने हेतु विद्युत विभाग कार्यालय में जमा किये गये आवेदनों के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा



लिया। निरीक्षण में पाया गया कि पीएम सूर्यघर योजना में कुल 745 आवेदन कार्यालय में प्राप्त हुए, जिनमें 715 आवेदनों का अधिशासी अभियंता द्वारा अपने स्तर से निस्तारण करते हुए संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने पुष्टि करने के लिए आवेदनकर्ताओं से दूरभाष पर वार्ता की। सभी के द्वारा घर पर नेट मीटर समय से लगे होने की बात स्वीकार की गयी।

मौके पर सहायक अभियन्ता मीटर के स्तर से भी निर्धारित समय सीमा के उपरान्त कोई आवेदन लंबित नहीं पाया गया। अधिशासी अभियन्ता विद्युत का कार्य सन्तोषजनक पाया गया।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी तालाबों से नहीं हटाए जा रहे अवैध कब्जे

### ग्रामीणों ने डीएम से की तालाबों को कब्जा मुक्त की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी क्षेत्र के कई गांव से तालाबों से अवैध कब्जे नहीं हटाए जा रहे हैं जिसकी वजह से गांवो में पानी का ठहराव नहीं हो पा रहा है और जल संकट की स्थिति पैदा हो रही है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी तहसील के प्रशासनिक अधिकारी तालाबों से अवैध कब्जे हटाने में नाकाम है कई स्थानों पर तालाबों पर अवैध रूप से कब्जे करके घरों का निर्माण कर लिया गया है नगर के मोहल्ला भूवरा चाऊपुरा बिजार खाता खानपुर उत्तरी समेत आसपास के गांव में तालाबों पर अवैध कब्जे कर मकान का निर्माण कर लिया है जिससे बरसात में तालाब के आभाव में पानी का ठहराव नहीं हो पता है। बिजार खाता मैं तो कुछ ग्रामीण तालाब खोद जाने की मांग जिला अधिकारी से कर चुके हैं जिलाधिकारी ने इस मामले में स्वार तहसील प्रशासन से रिपोर्ट भी तलब की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासनिक अधिकारियों के ढुलमुल रवैया को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है तालाब न होने के कारण गांव में जल भराव की स्थिति बरसात के मौसम में बन जाती है और ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उधर स्वार उपजिलाधिकारी अमन देओल ने बताया कि तालाबों की स्थिति की जांच कराई जा रही है शीघ्र ही जांच उपरांत तालाबों की स्थिति स्पष्ट की जाएगी और अवैध कब्जे हटाए जाएंगे।

# सीएमओ ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान को लेकर की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** गुरुवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्यमूर्ति तोमर ने सीएमओ कार्यालय के सभागार में 1 से 31 जुलाई 2025 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई 2025 के मध्य दस्तक अभियान को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सम्बन्धित विभागों को आवश्यक निर्देश दिये। सभी चिकित्साधिकारियों को यह निर्देशित किया कि मलेरिया, डेंगू, जे.ई.एवं अन्य संचारी रोगों से जो भी रोगी ग्रसित हो, उनका निर्धारित समयानुसार फॉलो-अप अवश्य किया जाये। उन्होंने कहा कि



समय-समय पर रोगी के घर जाकर या दूरभाष द्वारा भी उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जाये। अधिशासी अधिकारियों को रोस्टर के अनुसार फॉगिंग, नालियों की साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। पंचायती राज विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में, अभियान के तहत झाडियों की कटाई एवं विशेष साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

श्शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निदेर्शित किया कि छात्र/छात्राओं को संचारी रोग के नियंत्रण हेतु संवेदीकरण करें। पोस्टर प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्विज प्रतिस्पर्धा, निबन्ध लेखन इत्यादि माध्यमों से छात्रों को रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया जाये।

11 जुलाई से प्रारम्भ हुये दस्तक अभियान में फ्रन्ट लाईन वर्कर्स, (आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री) द्वारा बुखार के रोगियों, इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस रोगियों, एक्यूट डायरियल डिजीजेज (दस्त रोग) के लक्षण युक्त बच्चों की सूची, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों, कुष्ठ रोग, फाईलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की सूची तैयार की जायें। सम्बन्धित सभी विभागों को अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

## राष्ट्रीय पंचायत विकास सूचकांक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देशन में एवं परियोजना निदेशक (डीआरडीए) दिग्विजय नाथ तिवारी की उपस्थिति में राष्ट्रीय पंचायत विकास सूचकांक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थू लाल ने राष्ट्रीय पंचायत विकास सूचकांक के बारे में विस्तृत जानक. ारी देते हुए सतत विकास लक्ष्य के बारे में उपस्थित समस्त सदस्यों को अवगत कराया। तत्पश्चात पंचायत रिसोर्स सेंटर अमरोहा से आमंत्रित एवं वरिष्ठ अधिकारी सत्येंद्र शर्मा द्वारा समस्त जनपद स्तरीय



अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

साथ ही जिला परियोजना प्रबंधक वीर कमलेश्वर द्वारा पंचायत इंडेक्स के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## वि.हिं.म. महिला मार्च मातृशक्ति की जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष घोषित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** विश्व हिंदू महासंघ महिला मातृशक्ति की प्रदेश उपाध्यक्ष निशा चौहान के निर्देशानुसार एवं मंडल प्रभारी वीरेंद्र कुमार भारती की संतुष्टि पर महिला मातृशक्ति रामपुर की जिलाध्यक्ष पूनम सिंह के द्वारा अलका गौतम उर्फ (पूजा) को जिला उपाध्यक्ष रामपुर एवं शोभना को ब्लॉक अध्यक्ष महिला मातृशक्ति मिलक बनाया गया।

अलका गौतम व शोभना ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी हमें सौंपी है। उसको हम पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे और क्षेत्र में घर घर जाकर संगठन का प्रचार प्रसार भी करेंगे। जिससे संगठन और भी मजबूत हो सके।

इस अवसर पर क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें व्हाट्सएप फेसबुक एवं फोन के माध्यम से बधाई व शुभकामनाएं दी।

# आदमखोर हुआ बाघ, दो घंटे में तीन बार किया इंसानों पर हमला, एक महिला की मौत






**पीलीभीत।** थाना न्यूरिया इलाके में बाघ के हमले में इंसानों की मौत का सिलसिला जारी है। बृहस्पतिवार को सुबह–सुबह बाघ ने एक महिला की जान ले ली। एक अन्य महिला व किशोर को घायल कर दिया।

दो घंटे के अंतराल में हुई घटनाओं से इलाके में दहशत है। पीलीभीत के न्यूरिया इलाके में दो किसानों की जान लेने वाले बाघों ने फिर आतंक फैला दिया। बृहस्पतिवार सुबह दो घंटे के अंतराल में बाघ ने अलग–अलग जगहों पर दो महिलाओं समेत तीन ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इनमें मंडरिया गांव निवासी 50 वर्षीय तृष्णा की मौत हो गई। वह सुबह–सुबह खेत पर गई थीं, तभी बाघ उन्हें दबोच ले गया। उनका शव खेत से बरामद हुआ। इससे 15 मिनट पहले मंडरिया के ही किशोर नीलेश पर बाघ ने हमला किया। नीलेश करीब 10 मिनट तक बाघ से लड़ता रहा। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ उसे छोड़कर भागा। सहजनिया में महिला को किया घायल। मंडरिया से पहले सहजनिया और अनवरगंज गांवों में दूसरा बाघ देखा गया है। इस बाघ ने सुबह करीब छह बजे सहजनिया गांव निवासी मीना (50 वर्ष) पर हमला कर दिया। वह खेत पर जा रही थीं, तभी गन्ने के खेत से निकले बाघ ने उन्हें दबोच लिया और 20 मीटर तक खींच ले गया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर छोड़कर भाग गया। हमले से मीना गंभीर घायल हो गई। उनकी पीठ में गहरा घाव हुआ है। घायल अवस्था में उनको तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। मंडरिया गांव में महिला की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। सूचना मिलते ही डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और एसपी अभिषेक यादव फोर्स के साथ गांव पहुंच गए। वन विभाग की टीमें भी गांव में मौजूद हैं। इलाके में बाघों की तलाश तेज कर दी गई है, लेकिन बाघ लगातार चकमा दे रहा है।

## फार्मेसी कॉलेज का परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत रहा

**पूरनपुर।** खुटार रोड स्थित पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी पूरनपुर का परीक्षा परिणाम तकनीकी शिक्षा बोर्ड लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा घोषित डी फार्मा 1 और डी फार्मा 2 वर्ष के परिणाम में बेहतर रहा है। इस कॉलेज के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य की राह दिखाई है। पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी के चेयरमैन ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। फार्मेसी कॉलेज का कुल रिजल्ट 80 प्रतिशत रहा है, जो कॉलेज की शैक्षिक गुणवत्ता को दर्शाता है। आशरान रजा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और गुरुजनों को दिया है और भविष्य में फार्मेसी क्षेत्र में शोध कर देश की स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने की इच्छा व्यक्त की है।

# ग्राम प्रधान की करंट लगने से हुई मौत प्रधान संगठन करेगा आर्थिक सहयोग



**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के महाराजपुर निवासी ग्राम प्रधान अर्जुन मंडल की बिजली करंट लगने से मृत्यु हो गई, जिससे उनके परिवार और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को पूरनपुर ब्लॉक स्थित कृषि विभाग सभागार में ब्लॉक प्रमुख पूरनपुर मानसी निर्विकार अपूर्व सिंह एवं ग्राम प्रधान संगठन ने उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। स्वर्गीय प्रधान अर्जुन मंडल के परिवार को ब्लॉक प्रमुख पूरनपुर मानसी निर्विकार अपूर्व सिंह के द्वारा 25 हजार रुपए देकर आर्थिक मदद की गई और प्रधान संगठन द्वारा उनके परिवार की आर्थिक मदद के लिए 3 लाख रुपये एकत्रित किए गए। इस आर्थिक मदद से स्वर्गीय प्रधान अर्जुन मंडल के दो बच्चों की एफडी और उनकी पत्नी को नगद धनराशि दी जाएगी। ग्राम प्रधान संगठन ने आश्वासन दिया है कि उनके परिवार को जो भी सरकारी मदद होगी, वह संगठन भरपूर सहयोग करेगा। ग्राम प्रधान संगठन का यह प्रयास स्वर्गीय अर्जुन मंडल के परिवार के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को दर्शाता है।

# ग्रामीण प्लास्टिक के सामान को न फेंके, घर से ले जाएंगे सफाईकर्मी



**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के अन्तर्गत जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, समस्त ब्लाक मिशन प्रबंधक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी के साथ बीसी के माध्यम से जनपद में चलाये जा रहे प्लास्टिक मुक्त बृज की रज अभियान के अन्तर्गत 183 ग्राम पंचायतों मे डोर टू डोर कूडा कलेक्शन के लिए बोरी लगाये जाने हेतु रोस्टर निर्धारित करते हुये गली मोहल्ले आवंटित किये गये साथ ही सामूहिक जन सहभागिता के माध्यम से ग्राम पंचायत मे सफाई अभियान चलाये जाने के लिए तिथि का निर्धारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सफाई कर्मी द्वारा घर घर से प्लास्टिक संग्रहण के लिए रूट चार्ट बनाने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अभियान के अन्तर्गत जन सहभागिता के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 मे फीडबैक कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिसमें सभी आशा, ऑगनबाडी, कोटेदार, शिक्षक एंव शिक्षिकाओं के माध्यम से स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 फीडबैक में गति प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये जिससे जनपद को राज्य मे अच्छा स्थान प्राप्त हो सकें।

# गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अंतर–विद्यालय उत्सव में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पीलीभीत।** लिटिल एंजल्स स्कूल ने हाल ही में एक रोमांचक अंतर–विद्यालयी उत्सव का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने अपनी प्रतिभा और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन किया। उत्साहपूर्ण प्रतिभागियों में, गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल, पूरनपुर के छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों में जीत और प्रशंसा प्राप्त करके एक महत्वपूर्ण छाप छोड़ी है।

इस उत्सव में काफ्ट चुनौतियां, 'वेव द वॉयस' और रोबोटिक्स जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं, जिन्होंने छात्रों को अपनी रचनात्मकता, नवाच. ार और टीम वर्क कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान किया. इन आयोजनों का उद्देश्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ावा देना था, साथ ही छात्रों को शिक्षाविदों से परे अपनी क्षमता का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करना था।

गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल, पूरनपुर के छात्रों ने असाधारण प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन किया, विभिन्न श्रेणियों में जीत हासिल की.




उनका समर्पण और तैयारी उनके प्रदर्शन में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी, इस प्रतियोगिता में सारिका, सतवीर सिंह, खुशमंत्रीत कौर, रौशनी मसीह, जशदीप कौर जोध्बीर सिंह, जीशान बेग, रिया मिश्र, अवंतिका सिंह, नाज़िया बी और वैष्णवी यादव छात्रों ने भाग लिया।

# ओवर ब्रिज पर आए दिन होते हैं हादसे, जिम्मेदारों को बड़ी घटना का है इंतजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** लिपुलेख भिंड मार्ग पर नौगमा पकड़िया ओवर ब्रिज पर आए दिन घटनाएं होती रहती है अधिकांश कारण है ब्रिज पर साफ सफाई न होना और छोटी गिट्टी पड़ी रहने से मोटर साइकिल वाले अकसर फिसल जाते है। अभी पिछले माह जून में अधिक मात्रा में बजरी गिरी हुई थी जिसकी सूचना पीलीभीत के वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश यादव ने नगर पालिका के जिम्मेदारों को दी थी जिसको गैरजिम्मेदाराना तरीके हटाया गया आधी पड़ी रही। वही खिसक कर पूरे ब्रिज पर फैल गई। आज सुबह वही जनहित में सूचना देने वाले अधिवक्ता कचहरी जाते समय फिसल गए जिसके कारण हाथ और आंख के नीचे चोटें लग गई। कभी सोचा नहीं होगा जो दूसरों के हित के लिए काम करेगा उसका शिकार खुद हो जाएगा। नगर पालिका सफाई निरीक्षक साबिर अली को पुनः सूचना दी गई तो उन्होंने बताया एक घंटे बाद सफाई करा देंगे। अब सोचिए नगर पालिका की निगरानी समिति के लोग क्या कर रहे किस बात की जनता के पैसों की तनख्वाह ले रहे है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 मथुरा वृंदावन नगर निगम ने हासिल किया11 वां स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** 94वें स्थान से छलांग लगाकर मथुरा वृंदावन नगर निगम ने पूरे देश में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में 11 वा स्थान हासिल किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता सर्वेक्षण के मामले में नगर निगम, नगर पालि. का, नगर पंचायत को अलग अलग श्रेणी में प्राप्त केटेगिरी के आधार पर प्रमाण पत्र वितरित किए। मथुरा वृंदावन नगर निगम ने 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों में देश भर में 11 वीं रैंक हासिल की है। वाटर प्लस प्रमाणन और जीएफसी 3 स्टार रेटिंग प्राप्त कर नगर निगम मथुरा वृंदावन देश के अग्रणी नगरों की सूची में शामिल हुआ है।

यह गौरवशाली रैंकिंग नगर निगम के सतत प्रयासों, नागरिक. ों की भागीदारी और स्वच्छता मित्रों की मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विगत वर्ष 2023 की तुलना में नगर निगम ने इस वर्ष असाधारण सुधार किया है। 4589 शहरी स्थानीय निकायों ने इस बार सर्वेक्षण में भाग लिया। इनमें से सिर्फ 209 नगर निकायों को वाटर प्लस प्रमाणन प्राप्त हुआ जिसमे मथुरा–वृंदावन निगम भी शामिल है। नगर आयुक्त जगप्रवेश के अनुसार मथुरा–वृंदावन को 2022 तक कोई जीएफसी स्टार प्राप्त नहीं था। 2023 में 1 स्टार और अब 2024–25 में सीधे 3 स्टार मिला है। इस उपलब्धि पर महापौर विनोद अग्रवाल का कहना है कि नगर निगम मथुरा–वृंदावन ने अब यह सिद्ध कर दिया है कि हम न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं बल्कि स्वच्छता में भी देश के अग्रणी नगरों में हैं। यह सफलता सिर्फ प्रशासन की नहीं बल्कि पूरे महानगर की जनता की जागरूकता सफाई मित्रों की निष्ठा और निगम टीम की कड़ी मेहनत का परिणाम है। नगर आयुक्त जग प्रवेश का कहना है कि 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों में 11वीं रैंक प्राप्त करना हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## योगी सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

**कोसीकलां।** मुख्यमंत्री खेत खलिहान दुर्घटना सहायता योजना के तहत मंडी समिति द्वारा 101 किसानों को अग्निकांड में हुई क्षति के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बृहस्पतिवार को मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने पीड़ित किसानों को एक करोड 40 लाख 9 हजार 676 रूपये की राहत राशि के चेक वितरित किए। इस दौरान मंत्री प्रतिनिधि चौधरी ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

TATA पंजीकृत पताः 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपत राव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 400013. CIN No. U67190MH2008PLC187552

**डिमांड नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रत्यावर्तन) नियम, 2002 (''नियम'') के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रत्यावर्तन अधिनियम, 2002 (''अधिनियम'') की धारा 13(2) के अधीन

जैसाकि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (टीसीएचएफएल) के अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम के अधीन और नियमों के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत अधिकारो का प्रयोग करते हुए नीचे दिए गए विवरण अनुसार इसमें सूचीबद्ध कर्जदारों/सह कर्जदारों/गारंटरों (सभी को अकेले या एक साथ ''बाध्यताधारी'' कहा गया है) कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों को संबंधित नोटिसों की तिथियों से 60 दिन के अंदर मांग सूचना मे निर्दिष्ट राशि का भुगतान करने की अपील करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अधिन विस्तृत मांग सूचना दिनांक जारी किए गए थे. कथित सूचना की प्रतियां पंजीकृत डाक ए. डी. द्वारा तामील की गई हैं और अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध हैं और यदि कथित बाध्यताधारी/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि चाहें तो किसी भी कार्यालय दिवस को सामान्य कार्यावधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त कर सकते है।
उपर्युक्त संबंध में एतद द्वारा कथित बाध्यताधारीयों/कानूनी वारिसों/ कानूनी प्रतिनिधियों को एक बार पुनः सुचित किया जाता है कि कथित बाध्यताधारियों द्वारा निष्पादित ऋण के करार एवं अन्य दस्तावेजों/विलेखों के साथ पठित नीचे कॉलम (डी) में संबंधित तिथि से भुगतान और/या वसुली की तिथि तक आगामी ब्याज सहित इसमें उनके संबंधित नामों के समक्ष निर्दिष्ट राशि संबंधित सूचना की तिथियों से 60 दिन के अंदर टीसीएचएफएल को भुगतान करें. **कथित बाध्यताधारियों द्वारा निम्नलिखित सुरक्षित आस्तियां कर्ज के देय भुगतान की सुरक्षा के रुप में टीसीएचएफएल के लिए गिरवी रखी गई है।**

| ऋण खाता नम्बर | बाध्यताकारी का नाम/ कानूनी उत्तराधिकारी (एस) कानूनी प्रतिनिधि (ओं) | कुल बकाया राशि (रु.) निम्न दिनांक तक | डिमांड नोटिस की तिथि और एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|
| TCHHL0 701000 10007 9525 & TCHIN07 0100010 0082275 | **श्री आशुतोष पाल, (उधारकर्ता) और श्रीमती विमला देवी उर्फ बिमला देवी (सह-उधारकर्ता)** | **08.07.2025 तक देय धनराशि रू. 8,13,388/-** (रूपये आठ लाख तेरह हज़ार तीन सौ अट्ठासी मात्र) **ऋण खाता** TCHHL0 701000100079525 **के तहत देय तथा आपके द्वारा देय धनराशि रू. 76,989/-** (रू. छिहत्तर हज़ार नौ सौ नवासी मात्र) **ऋण खाता** TCHIN07 01000100082275 **के अंतर्गत देय यानी कुल मिलाकर रू. 8,90,377/-** (रू. आठ लाख नब्बे हज़ार तीन सौ सतहत्तर मात्र) | **08-07-2025 & 04-07-2025** |

**सुरक्षित आस्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण गिरवी रखी गई संपत्तियांः** यह सभी टुकड़े और पार्सल पर आवासीय मकान, **क्षेत्रफल 55-1/2 वर्ग गज यानी 46.41 वर्ग मीटर , यह मोहल्ला माधोबाड़ी, तहसील और जिला बरेली (उत्तर प्रदेश) में स्थित और बिक्री विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं के साथ उपलब्ध है।**

संबंधित मांग सूचना दिनांक में विशेष रुप से निदिष्ट दर पर आगामी ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, अदायगी और/या वसूली की तिथि तक उठाया गया आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क इत्यादि. यदि जैसा की ऊपर कहा गया है कथित बाध्यताधारी टीसीएचएफएल को भुगतान नहीं करेंगे तो टीसीएचएफएल खर्च एवं परिणाम के रुप में पूरी तरह से कथित बाध्यताधारीयों/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों के जोखिम पर कथित अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपर्युक्त सुरक्षित आस्तियों / अचल संपत्तियों के लिए कार्यवाही करेगा।
कथित बाध्यताधारी/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि टीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना उपर्युक्त सुरक्षित आस्तियों/अचल संपत्तियो को बिक्री, पट्टा या अन्य किसी भी रुप में हस्तांतरित करने के लिए कथित अधिनियम के अधीन प्रतिबंधित हैं.अधिनियम के प्रावधानों या उसके अधीन बने नियमों का उल्लंघन या उल्लंघन करने के लिए उकसाने वाला व्यक्ति अधिनियम के अंतर्गत यथा विहित सजा और/या दंड का पात्र होगा।

**दिनांकः 18.07.2025,**
**स्थानः बरेली**

**एसडी/-अधिकृत अधिकारी**
**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड।**

**महत्वपूर्ण सूचना**

**कांवड़ मेला-2025 के लिए**
**विशेष व्यवस्था**

**कांवड़ मेला-2025 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा कुछ नामित रेल सेवाओं को हरिद्वार तक विस्तार करने, निम्नलिखित कांवड़ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने और वर्तमान में संचालित की जा रही, कुछ रेलगाड़ियों को अस्थायी तौर पर नये ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–**

**रेलगाड़ी संख्या 74023/74022 दिल्ली जं.-शामली-दिल्ली जं. डीईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार — प्रतिदिन**

| रेलगाड़ी सं.: 74023 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 74022 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:00 | दिल्ली जं. | 09:25 | ---- |
| 22:50 | 22:55 | शामली | 06:25 | 06:30 |
| 23:20 | 23:22 | थाना भवन | 05:25 | 05:27 |
| 23:44 | 23:46 | रामपुर मनिहारान | 05:02 | 05:04 |
| 00:15 | 00:17 | टपरी | 04:46 | 04:48 |
| 00:56 | 00:58 | रुड़की | 04:17 | 04:19 |
| 01:38 | 01:40 | ज्वालापुर | 03:15 | 03:17 |
| 01:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:05 |

**चलने की तिथिः 74023 दिल्ली जं.** से 24.07.2025 तक और **74022 हरिद्वार** से 25.07.2025 तक।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 64557/64558 दिल्ली जं.-सहारनपुर-दिल्ली जं. एमईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार — प्रतिदिन**

| रेलगाड़ी सं.: 64557 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 64558 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 16:25 | दिल्ली जं. | 08:45 | ---- |
| 20:50 | 21:10 | सहारनपुर | 03:40 | 04:20 |
| 21:48 | 21:50 | रुड़की | 02:53 | 02:55 |
| 22:25 | 22:27 | ज्वालापुर | 02:10 | 02:12 |
| 22:50 | ---- | हरिद्वार | ---- | 02:00 |

**चलने की तिथिः 64557 दिल्ली जं.** से 24.07.2025 तक और **64558 हरिद्वार** से 25.07.2025 तक।
**स्थानः** सामान्य।

**मेला विशेष रेलगाड़ियो का निम्न समय सारणी के अनुसार संचालनः**

**रेलगाड़ी संख्या 04311/04312 मुरादाबाद-लक्सर-मुरादाबाद अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — प्रतिदिन**

| रेलगाड़ी सं.: 04311 आगमन | प्रस्थान | ↑ स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं.: 04312 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:15 | मुरादाबाद | 15:15 | ---- |
| 07:15 | ---- | लक्सर | ---- | 12:00 |

**चलने के दिनः 04311 मुरादाबाद** एवं **04312 लक्सर** से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा एवं काँठ स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04314/04313 हरिद्वार–दिल्ली जं.–हरिद्वार अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — प्रतिदिन**

| रेलगाड़ी सं.: 04314 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04313 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:05 | हरिद्वार | 07:55 | ---- |
| 23:10 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 01:10 |

**चलने के दिनः 04314 हरिद्वार** से 24.07.2025 तक एवं **04313 दिल्ली जं.** से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** ज्वालापुर, रुड़की, टपरी, मुज़फ्फरनगर, मेरठ सिटी, गाजियाबाद एवं दिल्ली शाहदरा स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04316/04315 योग नगरी ऋषिकेश-दिल्ली शाहदरा - योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — प्रतिदिन**

| रेलगाड़ी सं.: 04316 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04315 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | ---- |
| 03:50 | ---- | दिल्ली शाहदरा | ---- | 04:20 |

**चलने के दिनः 04316 योग नगरी ऋषिकेश** से 24.07.2025 तक एवं **04315 दिल्ली शाहदरा** से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, टपरी एवं शामली स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04318/04317 योग नगरी ऋषिकेश-आलमनगर - योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — प्रतिदिन**

| रेलगाड़ी सं.: 04318 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04317 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | ---- |
| 10:45 | ---- | आलमनगर | ---- | 12:05 |

**चलने के दिनः 04318 योग नगरी ऋषिकेश** से 09.08.2025 तक एवं **04317 आलमनगर** से 10.08.2025 तक।
**ठहरावः** रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर, बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली एवं शाहजहाँपुर स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04413/04414 दिल्ली जं. – हरिद्वार – दिल्ली जं. अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — प्रतिदिन**

| रेलगाड़ी सं.: 04413 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04414 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 16:45 | दिल्ली जं. | 09:40 | ---- |
| 22:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:30 |

**चलने के दिनः 04413 दिल्ली जं.** से 24.07.2025 तक एवं **04414 हरिद्वार** से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** दिल्ली शाहदरा, नोली, गोटरा हाल्ट, फख़रपुर हाल्ट, खेकड़ा, सुन्हैड़ा हाल्ट, अहेरा हाल्ट, बागपत रोड, सूजरा, बड़ौत, कासिमपुर खेड़ी, एलम, कांधला, शामली, हीन्ड, थाना भवन, ननौता, सोना अर्जुनपुर, रामपुर मनिहारान, टपरी, रुड़की एवं ज्वालापुर स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**दिनांक 24.07.2025 तक रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | आवृत्ति | अस्थाई ठहराव | समय-सारणी आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14113 सूबेदारगंज – देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | रायवाला | 11:14 | 11:16 |
| 14114 देहरादून – सूबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 14:15 | 14:17 |
| | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14309 उज्जैन – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14310 देहरादून – उज्जैन एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14317 इंदौर – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14318 देहरादून – इंदौर एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 19565 ओखा – देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 19566 देहरादून – ओखा एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 22659 कोच्चुवेली – योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 12:08 | 12:10 |
| | | मोतीचूर | 12:45 | 12:47 |
| | | रायवाला | 13:00 | 13:02 |
| 22660 योग नगरी ऋषिकेश – कोच्चुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – योग नगरी ऋषिकेश हेमकुण्ट एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 06:48 | 06:50 |
| | | मोतीचूर | 07:20 | 07:22 |
| 14609 योग नगरी ऋषिकेश – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ट एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 18:31 | 18:33 |
| 54075 बरेली – दिल्ली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 23:36 | 23:38 |
| 54076 दिल्ली – बरेली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 02:40 | 02:42 |

**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा पूछताछ वेबसाइटः www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।**

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मैनचेस्टर में पहली जीत की तलाश में उतरेगा भारत



● भारतीय टीम मैनचेस्टर में इंग्लैंड से 23 जुलाई से भिड़ेगी, भारत को यहां 9 में से 4 मुकाबलों में हार मिली जबकि 5 मैच रहे ड्रा

**मैनचेस्टर, वार्ता।** लॉर्ड्स टेस्ट में मिली रोमांचक हार के बाद भारतीय टीम अब मैनचेस्टर में इंग्लैंड से 23 जुलाई से भिड़ेगी। इस मैदान पर भारतीय टीम का टेस्ट रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है और टीम को यहां नौ में से चार मुकाबलों में हार मिली है, जबकि पांच मैच ड्रॉ रहे हैं।

### आइए डालते हैं यहां के इतिहास पर एक नजर।

**विजय मर्चेंट** और मुश्ताक़ अली का शतक, 1932 भारतीय टीम ने इस मैदान पर पहला मुकाबला 1936 में खेला था, तब टीम के कप्तान विजयनगरम के महाराजा हुआ करते थे। यह मैच ड्रॉ रहा था, लेकिन दूसरी पारी में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाजों विजय मर्चेंट और मुश्ताक अली ने शानदार शतक लगाया था और पहले विकेट के लिए 203 रनों की साझेदारी की थी। यह वही मुश्ताक अली हैं, जिनके नाम पर भारत का घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफी खेला जाता है। यह पहली बार था, जब भारत के दो बल्लेबाजों ने एक ही पारी में शतक लगाए हों।

### लाला अमरनाथ और वीनू मांकड़ का पंजा, 1946

1946 में खेला गया यह मैच भी ड्रॉ रहा था, लेकिन इस मैच को लाला अमरनाथ और वीनू मांकड़ के पंजे के लिए जाना जाता है। यह पहली बार था, जब भारत के किन्हीं दो गेंदबाजों ने एक ही पारी में पंजा हासिल कर पूरी टीम को पवेलियन भेजा हो। भारतीय टीम के इतिहास में ऐसा सिर्फ पांच बार और हुआ है। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने मध्यम तेज गेंदबाज अमरनाथ और बाएं हाथ के स्पिनर मांकड़ की मदद से इंग्लैंड को सिर्फ 294 रनों पर सिमेट दिया था। हालांकि भारतीय टीम सिर्फ 170 रन पर सिमट गई, जिसमें एक बार फिर मर्चेंट और मुश्ताक के बीच शतकीय साझेदारी शामिल थी। दूसरी पारी में दोबारा अमरनाथ ने तीन और मांकड़ ने दो विकेट लिए, लेकिन अंत में यह मैच ड्रॉ रहा।

### टेस्ट में उस समय का भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर, 1952

इस टेस्ट की पहली पारी में भारतीय टीम फ्रेंड ट्रूमैन के घातक गेंदबाजी (8 विकेट) के सामने सिर्फ 58 रन पर सिमट गई थी, जो उस समय का भारत का संयुक्त रूप से न्यूनतम टेस्ट स्कोर था। 1947 में भारत, ऑस्ट्रेलिया के सामने ब्रिस्बेन में भी 58 रन पर ऑलआउट हुई थी। खैर, पहली पारी में 58 पर ऑलआउट होने के बाद दूसरी पारी में भी कुछ खास नहीं कर सकी और 82 रन पर ऑलआउट हो गई, जो उस समय भारतीय टेस्ट क्रिकेट का न्यूनतम तीसरा स्कोर था। इस बार एलेक बेडसर ने इंग्लैंड की टीम की ओर से पंजा लिया और इंग्लैंड की टीम पारी और 207 रनों से यह मैच जीत गई।

### उमरीगर और अब्बास अली का शतक गया बेकार, 1559

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने सुरेंद्र नाथ के पंजे के बावजूद 490 का बड़ा स्कोर खड़ा किया, जवाब में भारतीय टीम पहली पारी में सिर्फ 208 रन ही बना सकी। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में आठ विकेट के 265 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी और भारत को 548 का बड़ा लक्ष्य दिया। भारत की तरफ से दूसरी पारी में पाली उमरीगर (118) और अब्बास अली (112) ने शानदार शतक लगाया, लेकिन दोनों भारतीय टीम को 171 रनों की एक बड़ी हार से बचा नहीं सके।

### बारिश ने भारत को बचाया 1971

पिछले लगातार दो मैचों में मिली हार के बाद मैनचेस्टर का यह मैच ड्रॉ हुआ था। इस मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में कप्तान रे इलिंगवर्थ की शतक की मदद से 386 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारतीय टीम सिर्फ 212 रनों पर ही सिमट गई, जिसमें सुनील गावस्कर और एकनाथ सोल्कर का अर्द्धशतक शामिल था। गावस्कर की यह दूसरी टेस्ट सीरीज थी और उन्होंने 57 रनों की पारी को अपने करियर का टर्निंग प्वाइंट माना था। कारण यह पिच एकदम ग्रीन टॉप विकेट थी और बादल से घिरे ठंडी हवाओं के झोकों में उन्हें जॉन प्राइस और पीटर लीवर जैसे तेज गेंदबाजों की नई गेंद का सामना करना था। लीवर ने पहली पारी में 88 रन बनाने के अलावा पांच विकेट लिए। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 245 रन पर पारी घोषित कर भारत को 420 रन का लक्ष्य दिया, लेकिन भारी बारिश होने और मैदान पर पानी भरने के कारण पांचवें दिन को रद्द घोषित कर दिया गया।

### गावस्कर का इंग्लैंड में पहला शतक लेकिन भारत की हार 1974

गावस्कर ने अपने पहले इंग्लैंड दौरे पर दो अर्द्धशतक तो लगाए थे, लेकिन अंग्रेजी धरती पर उनके नाम कोई शतक नहीं था। यह हुआ उनके दूसरे इंग्लैंड दौरे के पहले मैच में जब उन्होंने मैनचेस्टर में 101 रनों की पारी खेली। दूसरी पारी में भी गावस्कर ने अर्द्धशतक लगाया, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का साथ ना मिलने से भारत यह मैच 100 से अधिक रन के अंतर से हार गया।

### खराब मौसम का शिकार मैच, 1982

1983 विश्व कप से एक साल पहले भारतीय टीम गावस्कर के कप्तानी में इंग्लैंड गई हुई थी। इस टीम के अधिकतर खिलाघी वही थे, जिन्होंने बाद में विश्व कप खेला। यह मैच बारिश और खराब मौसम की भेंट चढ़ गया और दोनों ही टीमें सिर्फ एक ही पारी खेल पाईं। इस मैच को संदीप पाटिल के शतक के लिए जाना जाता है, जब उन्होंने नाबाद 129 रनों की पारी खेली और कपिल देव (65) के साथ सातवें विकेट के लिए 96 और मदद लाल (26) के साथ आठवें विकेट के लिए 97 रन जोड़े।

### तेंदुलकर के पहले शतक का गवाह बना मैनचेस्टर, 1990

सचिन तेंदुलकर ने विश्व क्रिकेट में सर्वाधिक 51 टेस्ट शतक लगाए हैं, लेकिन उनका पहला टेस्ट शतक मैनचेस्टर में आया था। यह तेंदुलकर का नौवां टेस्ट मैच था। उन्होंने कुछ अर्द्धशतक लगाकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी बल्लेबाजी क्षमता की झलक तो दिखाई थी, लेकिन इस पारी से लगा कि यह युवा बल्लेबाज बड़ी पारियां भी खेल सकता है। पहली पारी में 68 रन बनाने के बाद जब तेंदुलकर दूसरी पारी में उतरे तो भारत 408 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी आधी टीम को 128 रनों पर खो चुका था। तेंदुलकर ने इसके बाद कपिल देव (26) के साथ 57 रनों की साझेदारी की और फिर मनोज प्रभाकर (67) के साथ नाबाद 160 रन जोड़ भारत को हार से बचा लिया।

### स्टुअर्ट ब्रॉड की आंधी में उड़ी टीम इंडिया, 2014

यह इस सदी में इस मैदान पर भारतीय टीम का पहला और अभी तक का एकमात्र मैच है। स्टुअर्ट ब्रॉड ने पहली पारी में छह विकेट लिए और भारतीय टीम को सिर्फ 152 पर समेट दिया। भारत के छह बल्लेबाज खाता नहीं खोल पाए और महेंद्र सिंह धोनी (71) ने टीम का सम्मान बचाया। आर अश्विन ने 40 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने जो रूट के 77 और जॉस बटलर के 70 रनों की मदद से 367 रन बना दिए। इस पारी के दौरान वरूण आरोन का एक बाउंसर पुल करने के चक्कर में ब्रॉड चोटिल हुए और दूसरी पारी में गेंदबाजी करने नहीं आए। लेकिन इंग्लैंड का यह स्कोर भारतीय बल्लेबाजों के लिए काफी था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### प्रगनानंदा ने विश्व नंबर-1 कार्लसन को 39 चालों में हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा ने लास वेगास में फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम टूर में दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन को हरा दिया है। 19 साल प्रगनानंदा ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन को केवल 39 चालों में मात दी। कार्लसन को प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के चौथे राउंड में हराया। इस टूर्नामेंट में हर खिलाड़ी को 10 मिनट का समय और हर चाल पर 10 सेकेंड अतिरिक्त मिलते हैं। नार्वे के ग्रैंडमास्टर कार्लसन को हाल ही में भारत के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश भी लगातार दो बार हरा चुके हैं। प्रगनानंदा संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंचे मैग्नस कार्लसन के खिलाफ चौथे राउंड में मिली जीत के साथ आर प्रगनानंदा 4.5 पाइंट्स के साथ आठ खिलाड़ियों वाले टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए हैं। इस जीत के साथ प्रगनानंदा, कार्लसन को तीनों फार्मेट क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में हराने में सफल रहे। चार में से तीन राउंड में जीत चुके हैं प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट की शुरुआत उज्बेकिस्तान के नोदि. रबेक के खिलाफ ड्रा खेलकर की थी। इसके बाद दूसरे राउंड में उनका सामना असाउबायेवा से हुआ था, जिसमें वह जीत हासिल करने में कामयाब रहे थे। भारतीय टीम दूसरी पारी में भी 161 के स्कोर से आगे नहीं बढ़ पाई और पारी व 54 रनों से यह मुकाबला हार गई।

### एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के पदक विजेता सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने अंडर-15, अंडर-17, अंडर-20 और अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के पदक विजेताओं से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। डॉ. मांडविया ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर अंडर-15, अंडर-17, अंडर-20 और अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के पदक विजेताओं से मुलाकात की तस्वीरें साझा की। इस अवसर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। डॉ- मांडविया ने कहा कि पहलवानों के धैर्य, दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम ने देश को गौरवान्वित किया है। मैं उनके खेल जीवन में निरंतर सफलता की कामना करता हूँ। इस दौरान खिलाड़ियों ने डॉ. मांडविया से बातचीत की और खिलाड़ियों ने उनके साथ अपने-अपने अनुभव साझा किए।

## भारत की अंडर-20 महिला टीम ने उज्बेकिस्तान को हराया

**ताशकंद, वार्ता।** भारत की अंडर-20 महिला राष्ट्रीय टीम ने अपने दूसरे मैत्री मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 4-1 से हरा दिया। डोस्टलिक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में हाफ टाइम तक दोनों टीमें 1-1 गोल से बराबरी पर थीं। भारत के लिए सिबानी देवी नोंग्मीकापम ने (28वें, 85वें) मिनट में दो गोल दागे, और सुलांजना राउल ने (65वें) और नेहा ने (71वें) मिनट में एक-एक गोल किए। बुधवार को उज्बेकिस्तान के लिए एकमात्र गोल शखनोजा डेकनबायेवा (37वें) ने किया। पहले मैत्री मैच वाली टीम में उज्बेकिस्तान ने चार बदलाव किए। जबकि भारतीय अंडर-20 टीम के कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने दो बदलाव किए। डिफेंस में निशिमा कुमारी की जगह जूही सिंह, लिंहगदेइकिम की जगह एरीना देवी नामीराकपम ने मिडफील्ड संभाला।

## महिला टीम का सीरीज का जीत के साथ आगाज

● पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया, दीप्ति शर्मा के नाबाद 62 रन

**साउथैंप्टन, वार्ता।** भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में जीत के साथ आगाज किया है। साउथैम्प्टन के रोज बाउल मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने 4 विकेट से जीत दर्ज की।

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर 258 रनों का स्कोर बनाया था, जिसके बाद भारतीय टीम ने इस टारगेट को 48.2 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर हासिल करने के साथ सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड की खराब शुरुआत इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। भारतीय गेंदबाज क्रांति गौड़ ने 8 के स्कोर पर एमी जोंस को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। जोंस केवल एक रन ही बना सकीं। फिर 20 के स्कोर पर दूसरी ओपनर टैमी ब्यूमोंट को भी गौड़ ने एलबीडब्ल्यू कर इंग्लैंड का दूसरा विकेट लिया। क्रांति गौड़ ने 55 रन देकर 2 विकेट लिए। इंग्लैंड की ओर से 50 रन से ऊपर तीन साझेदारी इंग्लैंड की ओर से 50 रन से ऊपर तीन साझेदारी हुईं। टैमी ब्यूमोंट के आउट होने के बाद तीसरे विकेट के लिए स्किवर ब्रंट और एमा लैंब ने 87 गेंदों पर 71 रन की साझेदारी की।

स्किवर ब्रंट ने 52 गेंदों पर 41 रन और एमा लैंब ने 50 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। दोनों को स्नेह राणा ने पवेलियन भेजा। पांचवें विकेट के लिए सोफिया डंकली और एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स ने 142 गेंदों पर 106 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 258/6 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।



दीप्ति शर्मा

## आंद्रे रसेल ने की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा



● रसेल अपने आखिरी दो अंतर्राष्ट्रीय मैच 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क में खेलेंगे

**किंग्स्टन, वार्ता।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्र रेसल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच आगामी पांच मैचों की घरेलू टी-20 सीरीज के शुरुआती दो मैच टीम के लिए उनके आखिरी मुकाबले होंगे। सेंतीस वर्षीय रसेल को पांच मैचों की सीरीज के लिए विंडीज की टीम में शामिल किया गया है। इस सीरीज के शुरुआती दो मैच जमैका के सबीना पार्क में खेले जाएंगे, जो इस ऑलराउंडर का घरेलू मैदान है। विंडीज क्रिकेट ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनके संन्यास की खबर के बारे में जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 सदस्यीय वेस्टइंडीज टीम में शामिल आंद्रे रसेल 20 जुलाई से शुरू होने वाली टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। पिछले साल के अंत में चोट के कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ टीम का हिस्सा नहीं बन पाए थे। दो बार के विश्व चैंपियन और 2012 और 2016 में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे जमैका के रसेल अपने आखिरी दो अंतर्राष्ट्रीय मैच 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क में खेलेंगे। रसेल वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करने के लिए आभारी हैं और उन्होंने एक दशक से भी ज़्यादा समय तक मैरून जर्सी पहनने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने क्रिकेट वेस्टइंडीज से कहा कि शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता कि इसका क्या मतलब था। वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन की सबसे गौरवपूर्ण उपलब्धियों में से एक रहा है। जब मैं बच्चा था, तो मुझे इस स्तर तक पहुँचने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन जैसे-जैसे आप खेलना शुरू करते हैं और खेल से प्यार करने लगते हैं।

## प्रो लीग में खराब प्रदर्शन भारतीय टीम के लिए एक चेतावनी: श्रीजेश



● भारत एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में लगातार सात हार के बाद आठवें स्थान पर रहा था

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व महान हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश का मानना है कि एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में भारतीय टीम का खराब प्रदर्शन अगस्त में होने वाले एशिया कप से पहले एक चेतावनी है।

कल शाम 20वें वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के उद्घाटन समारोह में पत्रकारों से बातचीत में श्रीजेश ने कहा कि मुझे लगता है कि टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए, हमने मैदान पर कड़ी टक्कर दी, लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है कि परिणाम हमारे खिलाफ जाता है। यह परिणाम एशिया कप और अगले साल होने वाले विश्वकप और एशियाई खेलों जैसे अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले हमारे लिए एक चेतावनी है। भारत एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में लगातार सात हार के बाद अंक तालिका में आठवें स्थान पर रहा था। एशिया कप 2025 राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। हॉकी विश्वकप 2026 बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में 14 से 30 अगस्त तक खेला जायेगा। एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर, 2026 तक आयोजित होंगे। श्रीजेश ने इस बात पर खुशी जताई कि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ रहने के लिए दौड़ को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष अधिक लोग इसमें शामिल हो रहे हैं और दौड़ना (दिल्ली हाफ मैराथन में) और भी लोकप्रिय होता जा रहा है, यह रोमांचक है, लोगों को स्वयं को चुनौती देनी चाहिए और लय में आना चाहिए।

भारत की पुरुष राष्ट्रीय अंडर-21 टीम के मुख्य कोच ने कहा कि एक कोच के रूप में उनका मुख्य काम यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी दबाव से निपटना सीखें। उन्होंने कहा कि एक कोच के रूप में मेरा काम खिलाड़ियों पर से दबाव कम करना है। मैं उन्हें बताता हूँ कि जूनियर विश्वकप के दौरान लगभग 10 हजार लोग आपका उत्साहवर्धन करेंगे और चिल्लायेंगे, इन बातों को स्वीकार करें।

## आखिरी दो टेस्ट मैचों के लिए भारत को सुदर्शन को खिलाना चाहिए: दीप



**नई दिल्ली, वार्ता।** आगामी चौथे टेस्ट को ध्यान में रखते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने कहा है कि भारत को आगामी मुकाबले में करुण नायर के बजाए साई सुदर्शन को अंतिम एकादश में खेलाना चाहिए। जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ दीप दासगुप्ता ने भारत की प्लेइंग इलेवन में किसी बदलाव पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, "प्लेइंग इलेवन में, आप एक से ज्यादा बदलाव नहीं चाहते। अगर सिर्फ एक ही बदलाव है, तो वह करुण नायर की जगह साई सुदर्शन को एकादश में शामिल करना होगा क्योंकि करुण नायर ने कोई रन नहीं बनाया है। उन्होंने शुरुआत तो की है, लेकिन उसे बड़े स्कोर में नहीं बदला है। उन्होंने कहा कि मेरा यह भी मानना है कि वह क्रीज पर भी उतने सहज नहीं दिख रहे हैं। और दूसरी बात, साई सुदर्शन एक युवा खिलाड़ी हैं। अगर आप इस इंग्लैंड सीरीज में निवेश करना चाहते हैं, तो आपको किसी युवा खिलाड़ी पर निवेश करना चाहिए। दीपदास ने कहा कि करुण नायर ने दोनों टेस्ट मैचों में शुरुआत की है, लेकिन वह उतने प्रभावशाली नहीं दिखे हैं।

## आईसीसी रैंकिंग: विराट के तीनों फॉर्मेट में 900+ पाइंट्स

● ऐसा करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर, विराट कोहली के टी-20 में बेस्ट पाइंट्स 897 से 909 हुए

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी ने टी-20 रैंकिंग सिस्टम को अपडेट किया। इसी के साथ इस फार्मेट से 2024 में रिटायर हो चुके विराट कोहली ने अनोखा रिकॉर्ड बना दिया। वे तीनों फार्मेट में 900 से ज्यादा रेटिंग पाइंट्स हासिल करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेट बन गए। टी-20 में विराट के बेस्ट रेटिंग पाइंट्स 897 थे, जो अब बढ़कर 909 हो गए।

यह पाइंट्स उन्होंने 2014 में हासिल किए थे, जो रैंकिंग सिस्टम अपडेट होने के बाद बढ़ गए। विराट टेस्ट में 937 और वनडे में 909 रेटिंग पाइंट्स 2018 में ही हासिल कर चुके हैं। विराट ने इसी साल में 12 मई को टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया था। उन्होंने वनडे से संन्यास नहीं लिया, जिसकी बैटिंग रैंकिंग में वे फिलहाल चौथे नंबर पर हैं। टी-20 इतिहास की तीसरी बेस्ट रेटिंग हासिल की 29 जून 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में विराट ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन बनाए। टीम को जीत मिली, जिसके बाद विराट ने टी-20 से संन्यास ले लिया। आईसीसी हर साल अपने रैंकिंग सिस्टम में कुछ बदलाव करता है। इससे कई प्लेयर्स की रैंकिंग में हल्का चेंज आता है। इसी से विराट के पाइंट्स 897 से बढ़कर 909 हो गए, जिससे उनके नाम सबसे छोटे फार्मेट में भी 900 प्लस रेटिंग पाइंट्स का रिकॉर्ड बन गया। विराट के 897 रेटिंग पाइंट्स 7 सितम्बर 2014 को हुए थे। कोहली इस फार्मेट में लगातार 1202 दिन तक नंबर-1 बैटर भी रह चुके हैं। 909 पाइंट्स हासिल करने के बाद वे टी-20 इतिहास में बेस्ट रेटिंग पाइंट्स हासिल करने वाले तीसरे बैटर बन गए।

इंग्लैंड के डेविड मलान 919 पाइंट्स के साथ पहले और भारत के ही सूर्यकुमार यादव 912 रेटिंग पाइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। आईसीसी रैंकिंग अपडेट के बाद विराट के नाम 1202 दिन तक लगातार नंबर-1 टी-20 बैटर बने रहने का रिकॉर्ड बन गया। उनसे ज्यादा नंबर-1 रैंक पर दुनिया का कोई भी प्लेयर नहीं रहा। 2018 में तीनों फार्मेट में एक साथ नंबर-1 बने थे विराट कोहली 2018 में पहली बार टेस्ट फार्मेट में नंबर-1 बैटर बने थे। तब उन्होंने इंग्लैंड में 593 रन बनाए थे। इस दौरे के बाद विराट 937 पाइंट्स के साथ नंबर-1 टेस्ट बैटर बन गए थे। इसी दौरान विराट के वनडे में भी 909 रेटिंग पाइंट्स हो गए थे। 2018 में अपने बेस्ट फार्म के दौरान विराट ने तीनों फार्मेट में एक साथ नंबर-1 रैंक बैटर रहने का रिकॉर्ड भी बना लिया था। कोहली के अलावा आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ही एक समय पर तीनों फार्मेट में नंबर-1 बैटर रह चुके हैं। इन 2 के अलावा आस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन और भारत के जसप्रीत बुमराह ही तीनों फार्मेट में नंबर-1 प्लेयर बन सके।

हालांकि, हेडन और बुमराह अलग-अलग समय पर तीनों फार्मेट में नंबर-1 प्लेयर बने। विराट कोहली टेस्ट में 10 हजार रन नहीं बना सके, लेकिन 2020 में आईसीसी ने उन्हें दशक की बेस्ट टेस्ट टीम का कप्तान बनाया था। टी-20 रैंकिंग अपडेट के बाद एक सवाल फिर खड़ा हो गया कि क्या विराट कोहली दुनिया के बेस्ट आल फार्मेट प्लेयर हैं? आंकड़ों में इस बात का जवाब ढूंढें तो विराट ने वनडे में 14181, टी-20 में 4188 और टेस्ट में 9230 रन बनाए। टेस्ट में वे 19वें टॉप स्कोरर रहे, लेकिन वनडे और टी-20 में तीसरे टॉप रन स्कोरर हैं। विराट अगर किसी एक भी फार्मेट में टॉप स्कोरर बन जाएं तो जरूर बेस्ट आल फार्मेट बनने की रेस में टॉप कर सकते हैं।

## वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में डिविलियर्स की धमाकेदार वापसी होगी

**बर्मिंघम, वार्ता।** इस साल की वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में एबी डिविलियर्स की चार साल बाद वापसी देखने को मिलेगी, साथ ही युवराज सिंह, शिखर धवन, हरभजन सिंह, ब्रेट ली, क्रिस गेल, कीरा. `न पोलार्ड और इयोन मोर्गन जैसे वैश्विक दिग्गज भी खेलेंगे-जो प्रतिद्वंद्विता को फिर से जीवंत करेंगे और उस जादू को फिर से जीवंत करेंगे जिसने उन्हें दिग्गज बनाया। 18 जुलाई से 2 अगस्त तक बर्मिंघम, नॉर्थम्प्टन, लीसेस्टर और लीड्स में आयोजित होने वाला डब्ल्यूसीएल 2025, इंग्लैंड और ईसीबी द्वारा अनुमोदित एक भव्य ग्रीष्मकालीन आयोजन में बीते जमाने के नायकों को एक साथ लाता है।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 18 जुलाई 2025

## ट्रम्प की चाहत

अमेरिकी राष्ट्रपति दुनिया को कैसे चलाना चाहते हैं, उनकी टैरिफ को लेकर देशों को दी जा रही धमकियों से ही पता लग जाता है। उनकी आक्रामकता देखिए कि अभी भारत व अमेरिका के अधिकारियों के बीच ट्रेड व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल ही रही है, इस बीच उनका एक बड़ा दंभपूर्वक बयान भी आ गया।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी उत्पादों की जल्द भारत के बाजारों में पहुंच होने वाली है। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह डील इंडोनेशिया फार्मूले वाली होगी। अमेरिकी उत्पादों पर भारत में जीरो टैरिफ लगेगा। दो दिन पहले ही अमेरिका ने इंडोनेशिया से इस तरह की डील की है, जिसमें इंडोनेशिया पर 19 फीसद टैरिफ लगाया गया है। अब एक अगस्त से इंडोनेशिया से अमेरिका जाने वाले सामानों पर 19 फीसद टैरिफ चुकाना होगा। वहीं अमेरिकी सामानों पर इंडोनेशिया में कोई टैरिफ नहीं देना होगा। ट्रम्प ने अपने ही अंदाज में यह भी कहा कि हमने कई बेहतरीन देशों से समझौते किए हैं हमारा एक और समझौता होने वाला है शायद भारत के साथ। उनका घमंडीपन यहीं नहीं थमता, वह बातचीत के बीच में यह भी बोल गए कि मुझे नहीं पता कि हम बातचीत कर रहे हैं। जब मैं लेटर भेजूंगा तो वह समझौता हो जाएगा।

इस तरह की भाषा वह तब बोल रहे हैं जब भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम अमेरिका पहुंची हुई है। जहां वह ट्रेड व्यापार को लेकर बातचीत करेंगे। बताया जा रहा है कि बातचीत सोमवार से शुरू भी हो गई और इसके गुरुवार तक चलने की उम्मीद है। ऐसे में इस तरह के बयानों का क्या मतलब है। जहां तक बात भारत की है, भारतीय अधिकारी चाहते हैं कि समझौते में भारत के लिए टैरिफ रेट 10 फीसदी से कम हो और इसके बदले में अमेरिका अपने उत्पादों के लिए भारत में रियायत चाहता है, लेकिन भारत स्पष्ट कहता रहा है कि वह अपने कृषि और डेरी क्षेत्रों को विदेशी कंपनियों के लिए नहीं खोलेगा। हां भारत जरूर गैर कृषि क्षेत्रों में समझौता करने को तैयार है। अब यह तो तभी पता चलेगा जब किसी तरह का कोई समझौता सामने आता, लेकिन ट्रम्प का व्यवहार यही बता रहा है कि उन्हें किसी समझौते की परवाह नहीं है और वह अपनी शर्तों पर ही समझौता करना चाहते हैं। यह किसी भी संप्रभु राष्ट्र के लिए कोई सम्मानजनक बात नहीं हो सकती।

हालांकि भारत की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई और यह ठीक ही है, क्योंकि जब तक दोनों देशों के बीच चल रही ट्रेड वार्ता किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती तब तक किसी प्रतिक्रिया का कोई मतलब नहीं है, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प को इससे फर्क नहीं पड़ता कि बातचीत चल रही है या नहीं। गुरुवार को एक तरह से उन्होंने अपना फरमान सुना दिया। डोनाल्ड ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि जो देश रूस के साथ व्यापार करेंगे, उससे तेल व गैस लेंगे वे उसके कोपभाजन का शिकार होंगे और बदले में उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है। लगता है कि ट्रम्प को इस बात की भी कोई परवाह नहीं है कि दुनिया उनके विषय में क्या सोच रही है। यह दुखद है कि ट्रम्प व्यापार को युद्ध के रूप में ले रहे हैं।

## ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है स्वच्छता




वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग है व सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है, हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है। अपने घरों, पूजा स्थलों और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग रही है, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे, स्वच्छता ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है, वे स्वच्छता को धर्म, अध्यात्म और नागरिक जीवन की आधारशिला मानते थे, न्यूनतम संसाधनों का उपयोग करके अपव्यय को न्यूनतम करना और उन्हें अन्य उद्देश्य के लिए पुन: उपयोग करना, हमेशा से हमारी जीवनशैली का हिस्सा रहा है।

**-द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

## नस्लवाद को हराने वाला मानवता का योद्धा

# नेल्सन मंडेला





योगेश कुमार गोयल

नेल्सन मंडेला, एक ऐसा नाम, जो समस्त विश्व समुदाय के लिए मानवता, साहस, सहिष्णुता और संघर्ष का प्रतीक बन गया है। प्रतिवर्ष 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है, जो न केवल इस महान नेता को श्रद्धांजलि देने का दिन है बल्कि यह पूरी दुनिया को यह संदेश भी देता है कि परिवर्तन लाने के लिए केवल शब्द नहीं बल्कि कर्म आवश्यक हैं।

यह दिन हमें स्मरण कराता है कि समाज में बदलाव लाने के लिए हम सभी की भूमिका होती है और प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में दूसरों के लिए कुछ कर सकता है। नेल्सन मंडेला का जन्म 18 जुलाई 1918 को दक्षिण अफ्रीका के म्वेजो नामक गांव में हुआ था। वे थेम्बू कुल की एक शाखा मदिवा जनजाति से थे और उनका मूल नाम रोहिलाहला मंडेला था, जिसका अर्थ होता है शरारती। उन्हें नेल्सन नाम उनके स्कूल शिक्षक ने अंग्रेजी नामों की परंपरा के तहत दिया था। उनका जीवन एक सामान्य अफ्रीकी बच्चे की तरह शुरू हुआ लेकिन उनके भीतर असाधारण नेतृत्व क्षमता और अन्याय के प्रति गहरी संवेदना थी, जिसने उन्हें बाद में एक क्रांतिकारी नेता बना दिया।

नेल्सन मंडेला की शिक्षा की शुरुआत क्लार्कबरी मिशनरी स्कूल से हुई। आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने फोर्ट हेयर यूनिवर्सिटी और जोहान्सबर्ग स्थित विटवाटर स्रैंड विश्वविद्यालय में दाखिला लिया, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने रंगभेद नीति और सामाजिक असमानताओं के विरुद्ध आवाज उठानी शुरू कर दी थी। दक्षिण अफ्रीका में उस समय श्वेत अल्पसंख्यक सरकार द्वारा अपरथाइड नामक नस्लीय भेदभाव की क्रूर नीति लागू थी, जिसके अंतर्गत अश्वेतों को बुनियादी अधिकारों से वंचित रखा गया था। उन्हें वोट देने, जमीन रखने, शिक्षा प्राप्त करने, अस्पतालों में इलाज करवाने और बसों-रेस्तरां जैसी सार्वजनिक सेवाओं का समान उपयोग करने का अधिकार नहीं था।

मंडेला ने इन्हीं अन्यायपूर्ण नीतियों के खिलाफ संघर्ष का बिगुल बजाया। वे 1944 में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस से जुड़ गए और जल्द ही संगठन के युवा विंग के संस्थापक बन गए। अहिंसा और शांतिपूर्ण आंदोलनों के जरिए उन्होंने सरकार पर दबाव बनाना शुरू किया लेकिन जब उन्हें लगा कि सरकार की दमनकारी नीति अहिंसात्मक विरोध को कुचलने पर आमादा है तो उन्होंने उमखोंतो वे सिजवे नामक एक सशस्त्र संगठन की स्थापना की, जो दक्षिण अफ्रीका में क्रांति का आरंभ था।

1962 में मंडेला को गिरफ्तार कर लिया गया और उन पर देशद्रोह, हिंसा भड़काने और विदेशी सहायता प्राप्त करने के आरोप लगाए गए। उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और उन्होंने अपना अधिकांश समय कुख्यात रोबेन द्वीप की जेल में बिताया। यह सजा कुल 27 वर्षों की लंबी यातना बन गई परंतु जेल की कोठरी में रहते हुए भी मंडेला की आत्मा आजाद रही। वे न टूटे, न झुके और न डरे। जेल में उन्होंने पढ़ाई की, दूसरे कैदियों को शिक्षित किया और अपना संघर्ष जारी रखा। इस दौरान दक्षिण अफ्रीका और दुनियाभर में मंडेला की रिहाई की मांग उठने लगी। अंतत: सरकार झुकी और 11 फरवरी 1990 को नेल्सन मंडेला को जेल से रिहा किया गया। यह क्षण इतिहास में आज भी जीवंत है, जब एक अश्वेत नेता, जिसे वर्षों तक आतंकवादी करार दिया गया था, अब स्वतंत्रता और न्याय का प्रतीक बन चुका था। रिहाई के बाद मंडेला ने अपने सभी विरोधियों को माफ कर दिया।

उन्होंने न केवल अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस को फिर से संगठित किया बल्कि देश को भी एकजुट किया। उन्होंने विभाजन नहीं बल्कि मेल-मिलाप की राजनीति की। उनकी इसी दूरदृष्टि और अहिंसा के पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा ने दक्षिण अफ्रीका को नस्लीय संघर्ष से निकालकर लोकतंत्र की ओर अग्रसर किया। दक्षिण अफ्रीका में 1994 में पहली बार बहुजातीय आम चुनाव आयोजित हुए, जिसमें हर नागरिक को मतदान का अधिकार मिला और परिणामस्वरूप नेल्सन मंडेला देश के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने। यह महज एक राजनीतिक जीत नहीं थी, यह एक युग परिवर्तन था। मंडेला ने अपने राष्ट्रपति काल में सुलह, सामाजिक समरसता और आर्थिक पुनर्निर्माण की नीति को अपनाया। उन्होंने जातीय द्वेष के बजाय सहयोग को बढ़ावा दिया। उन्होंने सत्य और मेलमिलाप आयोग की स्थापना की, जहां पीड़ित और अपराधियों दोनों को एक साथ लाया गया ताकि सच्चाई सामने आ सके और समाज नई शुरुआत कर सके। नेल्सन मंडेला की सोच उबुन्टु दर्शन से प्रभावित थी, जो अफ्रीकी संस्कृति में मानवीय संबंधों और सह-अस्तित्व की भावना को महत्व देती है। मंडेला ने यह दिखा दिया कि बदले की भावना से कोई देश नहीं बनता बल्कि माफी और मेल-मिलाप की भावना से स्थाई शांति संभव है।

उनके जीवन के योगदान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला। 1993 में उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। 1990 में उन्हें भारत सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया और वे यह सम्मान पाने वाले पहले विदेशी व्यक्ति बने। इसके अलावा उन्हें संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, रूस, फ्रांस जैसे अनेक देशों और संस्थाओं ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया। 2009 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया ताकि लोग उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के लिए स्वयं को समर्पित कर सकें। इस दिन दुनियाभर में सामाजिक सेवा, मानवाधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र का संदेश है कि हर व्यक्ति इस दिन कम से कम 67 मिनट समाजसेवा को समर्पित करे, जो मंडेला के सार्वजनिक जीवन के 67 वर्षों के प्रतीक हैं।

नेल्सन मंडेला का जीवन केवल दक्षिण अफ्रीका तक सीमित नहीं था। उन्होंने दुनिया को यह सिखाया कि सच्चे नेता वह होते हैं, जो अपने कष्टों को व्यक्तिगत नहीं मानते बल्कि उसे जनकल्याण की प्रेरणा बना देते हैं। उन्होंने यह भी दिखाया कि नेतृत्व का अर्थ अधिकार नहीं, जिम्मेदारी है। वे जब राष्ट्रपति बने तो केवल एक कार्यकाल तक सत्ता में रहे जबकि वे चाहते तो आजीवन शासन कर सकते थे पर उन्होंने सत्ता को साध्य नहीं, साधन माना। 5 दिसंबर 2013 को 95 वर्ष की आयु में नेल्सन मंडेला ने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पूरी दुनिया ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**मानसून की ठंडी बरसाती शामें अपना अलग ही आनंद लेकर आती हैं, और अगर ऐसे मौसम में कुछ गरमागरम खाने को मिल जाए, तो मजा दोगुना हो जाता है। आमतौर पर लोग समोसे, ब्रेड पकोड़े या तरह-तरह के पकौड़े जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इनसे कुछ हटकर खाना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं?**

## बारिश में खाएं ये स्वादिष्ट भारतीय स्नैक्स

आमतौर पर बारिश के मौसम में लोग समोसे, ब्रेड पकोड़े या तरह-तरह के पकौड़े जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इनसे कुछ हटकर खाना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं?

मानसून की ठंडी बरसाती शामें अपना अलग ही आनंद लेकर आती हैं, और अगर ऐसे मौसम में कुछ गरमागरम खाने को मिल जाए, तो मजा दोगुना हो जाता है। आमतौर पर लोग समोसे, ब्रेड पकोड़े या तरह-तरह के पकौड़े जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इनसे कुछ हटकर खाना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं? आइए आपको बताते हैं कुछ ऐसे स्वादिष्ट और देसी स्नैक्स के बारे में, जो बरसात की इन भीगी-भीगी शामों को और भी यादगार बना देंगे।

**आलू टिक्की**- दही, हरी और इमली की चटनी, सेव और अनार के दानों के साथ परोसी जाने वाली गरमा-गरम आलू टिक्की बरसात के मौसम में एक परफेक्ट स्ट्रीट फूड है। चटपटे स्वाद के साथ हर बाइट में मिलेगा ताजगी और मजा।

**भुट्टा**- कोयले पर भुना हुआ भुट्टा, जिस पर नींबू, नमक और लाल मिर्च पाउडर छिड़का हो, मानसून की पहचान बन चुका है। सड़क किनारे भुट्टा खाते-खाते बारिश का आनंद लेना एक अलग ही अनुभव है।

**वड़ा पाव**- मुंबई की शान वड़ा पाव, गरमागरम आलू वड़ा के साथ, हरी और लहसुन की चटनी लगे पाव में मिलकर मानसून का स्वाद और भी बढ़ा देता है।



**साबूदाना वड़ा**- बाहर से क्रिस्पी और अंदर से सॉफ्ट साबूदाना वड़ा मूंगफली और हल्के मसालों के साथ तैयार किया जाता है। चाय के साथ इसका आनंद बरसात में दोगुना हो जाता है।

**कचौरी**- मसालेदार आलू की सब्जी के साथ गर्मागर्म कचौरी, ठंडी बारिश की शाम में दिल और पेट दोनों को सुकून देती है।

**ब्रेड पकौड़ा**- ब्रेड में आलू की मसालेदार स्टफिंग भरकर बेसन में लपेटकर तला जाता है। इसे हरी चटनी और टमैटो सॉस के साथ खाएं और मौसम के मजे लें।

**भुना चना**- हल्का, कुरकुरा और हेल्दी स्नैक, भुना चना प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होता है। जब कुछ हल्का खाने का मन हो, तो ए परफेक्ट विकल्प है।

**मखाना**- हल्दी, सेंधा नमक या अपने पसंदीदा मसालों में भुने हुए मखाने न सिर्फ कुरकुरे हैं बल्कि सेहत के लिए भी अच्छे हैं।

**फ्रूट चाट**- ताजे फलों पर नींबू, काला नमक और चाट मसाला डालकर तैयार की गई फ्रूट चाट स्वादिष्ट और पौष्टिक दोनों होती है, खासतौर पर बच्चों के लिए।

**अंकुरित सलाद**- अंकुरित दालों को प्याज, टमाटर, नींबू और मसालों के साथ मिलाकर एक हेल्दी और एनर्जी से भरपूर स्नैक तैयार किया जा सकता है।

**मसालेदार सेवईं**- सब्जियों के साथ बनी नमकीन सेवईं एक हल्का लेकिन स्वादिष्ट स्नैक है, जो मानसून के दिनों में पेट और मन दोनों को राहत देता है।

**पोहा चीला**- पोहा और बेसन से बना चीला झटपट बनने वाला और हेल्दी स्नैक है, जो चाय के साथ शानदार लगता है।

**-साभार प्रभा**

# ब्रांडेड और जेनेरिक दवाओं के बीच झूलता आम आदमी





रजनीश कपूर

भारत में स्वास्थ्य सेवा एक ऐसा क्षेत्र है, जहां लाखों लोग अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए दवाओं पर निर्भर हैं, लेकिन दवाओं के बाजार में एक बड़ा सवाल हमेशा चर्चा में रहता है, ब्रांडेड दवाएं या जेनेरिक दवाएं? इन दोनों के बीच का अंतर और इनका महत्व समझना न केवल आम जनता के लिए जरूरी है, बल्कि यह भी जानना जरूरी है कि कैसे फार्मास्युटिकल कंपनियां भोले-भाले ग्राहकों का शोषण कर रही हैं। यह एक ऐसा विषय है जिसने दर्द के व्यापार को काफी बढ़ावा दिया है।

सबसे पहले, हमें यह समझना होगा कि ब्रांडेड और जेनेरिक दवाएं क्या हैं? ब्रांडेड दवाएं वे होती हैं, जो किसी फार्मास्युटिकल कंपनी द्वारा अपने ब्रांड नाम के तहत बेची जाती हैं। ये दवाएं आमतौर पर महंगी होती हैं, क्योंकि इनमें कंपनी का ब्रांड वैल्यू, मार्केटिंग लागत और अनुसंधान और विकास का खर्च शामिल होता है। दूसरी ओर, जेनेरिक दवाएं वही दवाएं होती हैं, जिनमें वही सक्रिय रासायनिक तत्व Active Pharmaceutical Ingredient होते हैं, जो ब्रांडेड दवाओं में होते हैं, लेकिन इन्हें किसी ब्रांड नाम के तहत नहीं बेचा जाता। जेनेरिक दवाएं आमतौर पर सस्ती होती हैं, क्योंकि इनमें मार्केटिंग और ब्रांडिंग का खर्च नहीं होता। उदाहरण के तौर पर, क्रोसिन का जेनेरिक विकल्प पैरासिटामोल है, जो उसी तरह काम करता है, लेकिन इसकी कीमत बहुत कम होती है।

भारत जैसे देश में, जहां अधिकांश आबादी मध्यम और निम्न-आय वर्ग से आती है, जेनेरिक दवाओं का महत्व बहुत अधिक है। ये दवाएं न केवल सस्ती होती हैं, बल्कि गुणवत्ता में भी ब्रांडेड दवाओं के समान होती हैं। भारत सरकार ने जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए जन औषधि योजना शुरू की है, जिसके तहत देश भर में जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों पर जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50-90 प्रतिशत तक सस्ती मिलती हैं।

उदाहरण के लिए, एक ब्रांडेड दवा, जैसे कि टेल्मिसार्टन जो उच्च रक्तचाप के लिए उपयोग की जाती है, की 10 गोलियों की कीमत 200-300 रूपए हो सकती है। वहीं, टेल्मिसार्टन की जेनेरिक दवा की कीमत 20-50 रुपए हो सकती है। यह अंतर गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों के लिए बहुत बड़ा है, जो अपनी जिंदगी बचाने के लिए इन दवाओं पर निर्भर हैं।

जानकारों के मुताबिक फार्मास्युटिकल कंपनियों की लूट का सबसे बड़ा कारण उनकी मार्केटिंग रणनीति और ब्रांडिंग है। ये कंपनियां ब्रांडेड दवाओं को बढ़ावा देने के लिए भारी मात्रा में पैसा खर्च करती हैं। डॉक्टरों को मुफ्त नमूने, विदेश यात्राएं और अन्य प्रलोभन दिए जाते हैं ताकि वे मरीजों को ब्रांडेड दवाएं लिखें। इसका नतीजा यह होता है कि मरीज, जो ज्यादातर दवाओं की तकनीकी जानकारी से अनजान होते हैं, महंगी दवा खरीदने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

इसके अलावा, कई फार्मा कंपनियां एक ही दवा को अलग-अलग ब्रांड नामों से भी बेचती हैं, जिससे बाजार में भ्रम पैदा होता है। उदाहरण के लिए, पैरासिटामोल को विभिन्न कंपनियां क्रोसिन, कैल्पॉल वी डोलो आदि नामों से बेचती हैं, लेकिन इन सभी में एक ही सक्रिय तत्व होता है। मरीजों को लगता है कि ब्रांडेड दवा ज्यादा प्रभावी होगी, जबकि हकीकत में जेनेरिक दवा भी उतनी ही प्रभावी होती है।

भारत में जेनेरिक दवाओं के प्रति कई मिथक प्रचलित हैं, जो फार्मा कंपनियों द्वारा फैलाए गए हैं। एक आम धारणा है कि जेनेरिक दवाएं कम गुणवत्ता वाली होती हैं। यह पूरी तरह गलत है। भारत में जेनेरिक दवाओं का निर्माण ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत सख्त नियमों के अधीन होता है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया यह सुनिश्चित करता है कि जेनेरिक दवाएं गुणवत्ता और प्रभावशीलता में ब्रांडेड दवाओं के बराबर हों।

हालांकि, कुछ छोटी दवा कंपनियां, जो जेनेरिक दवाएं बनाती हैं, गुणवत्ता नियंत्रण में कमी कर सकती हैं। लेकिन यह समस्या केवल जेनेरिक दवाओं तक सीमित नहीं है, कुछ ब्रांडेड दवाओं में भी गुणवत्ता की कमी देखी गई है। इसलिए, मरीजों को चाहिए कि वे केवल विश्वसनीय जन औषधि केंद्रों या लाइसेंस प्राप्त फार्मेसी से ही दवाएं खरीदें। भारत सरकार ने जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने, जागरूकता अभियान चलाने और डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। साथ ही, मरीजों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्हें अपने डॉक्टर से पूछना चाहिए कि क्या जेनेरिक दवा उपलब्ध है और क्या वह ब्रांडेड दवा का विकल्प हो सकती है।

फार्मा कंपनियों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। मुनाफा कमाना गलत नहीं है, लेकिन मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करना अनैतिक है। सरकार को ऐसी नीतियां लागू करनी चाहिए, जो फार्मा कंपनियों को जेनेरिक दवाओं के उत्पादन और वितरण में प्रोत्साहित करें। साथ ही, दवाओं की कीमतों पर सख्त नियंत्रण होना चाहिए ताकि मरीजों को उचित मूल्य पर दवाएं मिल सकें। ब्रांडेड और जेनेरिक दवाओं के बीच का अंतर केवल नाम और कीमत का है, प्रभावशीलता का नहीं। भारत जैसे देश में, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही कई लोगों के लिए सुलभ नहीं हैं, जेनेरिक दवाएं एक वरदान हैं, लेकिन फार्मा कंपनियों के लालच और भ्रामक मार्केटिंग के कारण मरीजों को अनावश्यक रूप से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। यह समय है कि हम जागरूक हों, जेनेरिक दवाओं को अपनाएं और सरकार से मांग करें कि वह दवा बाजार में पारदर्शिता और नियंत्रण सुनिश्चित करे। केवल जागरूकता और सही नीतियों के माध्यम से ही हम इस लूट को रोक सकते हैं और हर भारतीय को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### दो सहयोगी दलों का समर्थन वापिस, धार्मिक छात्रों को मिलिट्री सर्विस में छूट से फूटा गुस्सा

# इजरायल में डगमगाया नेतन्याहू का सिंहासन

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अल्पमत में आ गई है। अति-रूढ़िवादी शास पार्टी ने सरकार से समर्थन वापस लेने का ऐलान किया। इससे एक दिन पहले यूनाइटेड टोरा जूडाइज्म (यूटीजे) पार्टी भी इस सरकार से अलग हो गई थी। इजरायल की 120 सीटों वाली संसद (नेसेट-निचला सदन) में सरकार बनाने के लिए 61 सीटें चाहिए।

इन दोनों पार्टियों के अलग होने से सत्तारूढ़ गठबंधन के पास सिर्फ 50 सीटें बची हैं। शास पार्टी ने गठबंधन छोड़ने के मुद्दे पर कहा-भारी मन से हमें यह स्वीकार करना पड़ रहा है कि हम सरकार का हिस्सा नहीं रह सकते। हालांकि, हम इस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश नहीं करेंगे और कुछ कानूनों पर गठबंधन का समर्थन कर सकते हैं।

विवाद की मुख्य वजह रूढ़िवादी धार्मिक छात्रों को मिलिट्री सर्विस से मिलने वाली छूट है। ये छात्र लंबे समय से अनिवार्य मिलिट्री सर्विस से छूट ले रहे हैं। नेतन्याहू सरकार ने हाल ही में इस छूट को सीमित करने के लिए एक बिल लेकर आई थी, जिसकी वजह शास पार्टी और यूटीजे ने सरकार से अलग होने का फैसला किया। दोनों पार्टियों का कहना है कि धार्मिक छात्रों के सेना में भर्ती होने से उनकी धार्मिक जीवनशैली को खतरा होगा। हालांकि, कई अन्य यहूदी इजरायली इसे स्पेशल सुविधा मानते हैं और इस पर नाराजगी जताते हैं। बिल के विरोध में रूढ़िवादी धार्मिक छात्रों का कहना है कि वो जेल जाने के लिए तैयार हैं, लेकिन आर्मी में नहीं जाएंगे। गाजा युद्ध के दौरान यह मुद्दा और गंभीर हो गया है। इस युद्ध में सैकड़ों इजरायली सैनिकों की मौत हो चुकी है, जिसकी वजह से अल्ट्रा-आर्थोडाक्स समुदाय पर आरोप लग रहे हैं कि वे दूसरों के लिए युद्ध में जान देने वालों के मुकाबले पीछे हट रहे हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह गठबंधन विवाद तुरंत नेतन्याहू की सरकार नहीं गिराएगा। हालांकि, यह इजरायल की राजनीति में और अस्थिरता लाएगा, खासकर जब गाजा में युद्धविराम और लेबनान व सीरिया में चल रहे संघर्ष को लेकर नेता आपस में टकरा रहे हैं। इजरायल और हमास के बीच युद्ध को जल्द ही तीन साल पूरे होने वाले हैं। अल जजीरा के मुताबिक इस युद्ध में अब तक 888 इजरायली सैनिक मारे जा चुके हैं। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में शुरू हुए युद्ध के बाद से इजरायली हमलों में गाजा के 58573 लोग मारे गए हैं और 139607 अन्य घायल हुए हैं। गाजा के मीडिया कार्यालय (जीएमओ) ने इजरायल पर आरोप लगाया कि वह गाजा पट्टी से फलस्तीनी आबादी खाली करने की साजिश रच रहा है। आफिस ने कहा कि इजरायली सेना जबरन बेदखली, बमबारी और सहायता रोककर गाजा को तबाह कर रही है। यह नरसंहार है। जीएमओ ने दावा किया था कि गाजा का 70 प्रतिशत से ज्यादा बिल्डिंग्स तबाह हो चुकी हैं और 19 लाख लोग (85 प्रतिशत आबादी) बेघर हो गए हैं।



**इजरायल की 120 सीटों वाली संसद (नेसेट-निचली सदन) में सरकार बनाने के लिए 61 सीटें चाहिए**

## हेग समूह ने की इजरायल के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा

**बोगोटा।** इज़राइल के खिलाफ लगभग 30 देशों वाले 'हेग समूह' ने समन्वित कानूनी और कूटनीतिक लामबंदी करते हुए उसके साथ हथियारों एवं सैन्य वस्तुओं के व्यापार को निलंबित करने और इज़राइली जहाजों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। समूह ने जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि हम इजराइल को हथियारों, युद्ध सामग्री, सैन्य ईंधन, संबंधित सैन्य उपकरणों और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं की आपूर्ति या हस्तांतरण को रोकने, किसी भी बंदरगाह पर उसके जहाजों के पारगमन, डॉकिंग और सर्विसिंग को रोकने, हमारे झंडे वाले जहाजों पर इजराइल को हथियार, युद्ध सामग्री, सैन्य ईंधन, संबंधित सैन्य उपकरणों और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं की ढुलाई को रोकने जैसे प्रतिबंधो की घोषणा करते हैं। बोगोटा में एक मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद हेग समूह के सदस्य देशों ने अपनी सरकारी एजेंसियों और इजरायल के बीच लेन-देन रोकने, सभी सार्वजनिक अनुबंधों की तत्काल समीक्षा करने, सार्वजनिक संस्थानों एवं निधियों को फलस्तीनी क्षेत्र पर इजरायल के अवैध कब्जे का समर्थन करने और उसकी अवैध मौजूदगी को रोकने पर सहमति व्यक्त की।



उत्तर प्रदेश। प्रयागराज में बारिश के बीच छाता लगाकर स्कूल जाती छात्राएं।

## यूक्रेन की प्रधानमंत्री बनीं यूलिया स्विरीडेंको

**कीव।** यूलिया स्विरीडेंको अब यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री बन गई हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उनके नाम की सिफारिश की थी। इसके बाद यूक्रेनी संसद ने उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में चुन लिया। यूलिया पहले डिप्टी पीएम और अर्थव्यवस्था मंत्री थीं। उनकी उम्र 39 साल है और वे पेशे से अर्थशास्त्री हैं। उन्होंने 2020 से पीएम पद पर काबिज डेनिस श्मिहाल की जगह ली है। बतौर डिप्टी पीएम स्विरीडेंको ने इस साल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ खनिज डील कराने में अहम भूमिका निभाई थी, जिसके बाद उनकी बेहद तारीफ हुई थी। नई कैबिनेट में कुछ और बदलाव भी हुए हैं। श्मिहाल अब भी कैबिनेट में रहेंगे लेकिन रक्षा मंत्री नहीं होंगे। उनकी जगह रुस्तम उमरोव पहले से ही रक्षा मंत्री बने रहेंगे। पहले जेलेंस्की ने श्मिहाल को रक्षा मंत्री बनाने की बात कही थी। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक दिन पहले यानी 16 जुलाई को पुरानी कैबिनेट को भंग कर दिया था। इसके बाद उन्होंने नई सरकार के लिए अपने चुने हुए लोगों की सूची संसद को दी। जेलेंस्की की पार्टी 'सर्वेंट ऑफ द पीपल' 2019 से 254 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत में है।

# बलूचिस्तान में 20 पाक सैनिक मारे गए

## सैन्य चौकियों को निशाना बनाया

**क्वेटा।** बलूचिस्तान में पाकिस्तानी आर्मी पर विद्रोहियों के हमले में पाक आर्मी के एक मेजर समेत 20 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत की खबर है। ये हमले पिछले 12 घंटों में अवारान, क्वेटा और कलात जिलों में हुए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ये हमले सैन्य चौकियों को निशाना बनाकर किए गए थे।

हालांकि, इन हमलों की जिम्मेदारी अभी तक किसी ग्रुप ने नहीं ली है, लेकिन इसमें फितना अल हिंदुस्तान और बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के शामिल होने का शक है। वहीं, बलूचिस्तान के कालात में एक यात्री बस पर हमला हुआ, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, हमलावरों ने क्वेटा-कराची हाईवे पर नेमार्ग इलाके में घात लगाकर बस को रोका और अंधाधुंध गोलीबारी की। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि सुरक्षा बलों और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और हमलावरों की तलाश में अभियान शुरू किया गया है।

**■ हमले में बलूच लिबरेशन आर्मी के शामिल होने का शक**

उन्होंने कहा कि हमलावरों ने सड़क के दोनों ओर से हमला किया। मुख्यमंत्री मिर्जा सरफराज बुगती ने इस हमले की निंदा की और इसे फितना अल हिंदुस्तान आतंकी संगठनों का काम बताया। उन्होंने कहा- निर्दोष नागरिकों पर हमला गंभीर अपराध है।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, यह हमला उस दिन हुआ जब सुरक्षा बलों ने अवारन इलाके में फितना अल हिंदुस्तान से जुड़े तीन आतंकवादियों को मार गिराया। इसमें पाकिस्तानी सेना का एक अधिकारी मेजर सैयद रब नवाज तारिक मारा गया। इसी बस पर हमला हुआ था। जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीटयूट फार कान्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी (पीआईसीएसएस) की रिपोर्ट बताती है कि मई 2025 में देश में कुल 85 आतंकी हमले हुए। इनमें बलूचिस्तान सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। यहां अकेले 35 हमले हुए जिनमें 51 लोगों की मौत और 100 से ज्यादा घायल हुए। इनमें नागरिकों की संख्या सबसे ज्यादा है। हमलों में 30 आम लोग, 18 सुरक्षाकर्मी और 3 आतंकी मारे गए।

## इराक के मॉल में भीषण आग से 61 की मौत, 45 झुलसे

**बगदाद।** इराक के अल कुत शहर में एक नए बने मॉल में बुधवार देर शाम आग लगने से कम से 61 लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य झुलस गए। इराकी न्यूज एजेंसी ने जानकारी दी है कि यह पांच मंजिला हाइपरमार्केट मॉल एक सप्ताह पूर्व ही खुला था। इसमें सामान की दुकानों के अलावा खाने पीने की चीजों की भी कई दुकानें थीं। घटना के समय वहां कई परिवार खाना खा रहे थे। आग की जानकारी मिलते ही दमकल कर्मी वहां पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कर दिया। इससे वहां मौजूद कई लोगों को बचा भी लिया गया। सरकार ने तीन दिनों का शोक घोषित किया है और मामले की जांच के लिए एक दल का गठन कर दिया है जो दो दिनों में अपनी रिपोर्ट देगा। मॉल के मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मुझे कुछ हुआ, तो मुनीर जिम्मेदार

## पूर्व पीएम ने कहा: मेरी बीवी के साथ भी बुरा बर्ताव, रिहाई के लिए पांच अगस्त से देशभर में प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो इसके जिम्मेदार सेना प्रमुख आसिम मुनीर होंगे। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पीटीआई के मुताबिक इमरान ने कहा कि हाल के दिनों में जेल में उनके और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के साथ बुरा व्यवहार बढ़ गया है।

उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी के सेल में टेलीविजन भी बंद कर दिया गया है और कैदियों के बुनियादी मानवाधिकार नहीं दिए जा रहे। इमरान ने पाकिस्तानी जनता से इस खराब व्यवस्था का विरोध करने की अपील की। पीटीआई 5 अगस्त से इमरान की रिहाई के लिए प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इमरान के दो बेटे इस प्रदर्शन में खास भूमिका निभा सकते हैं। ये दोनों लंदन में रहते हैं। इमरान खान ने कहा- दोषी ठहराए गए हत्यारों और आतंकवादियों को भी उनसे बेहतर हालात में रखा जाता है। उन्होंने एक दूसरे सैन्यकर्मी का हवाला देते हुए बताया कि वह जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट का आनंद ले रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस बीच, मुझे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। लेकिन वे चाहे कुछ भी करें, मैंने कभी भी उत्पीड़न के आगे घुटने नहीं टेके हैं-और न ही कभी झुकूंगा। इमरान अगस्त 2023 से जेल में हैं और कई आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।



**■ दोषी ठहराए गए हत्यारों और आतंकवादियों को भी उनसे बेहतर हालात में रखा जाता है: इमरान**

इमरान ने लगभग एक महीने पहले किए गए अपने उस दावे को भी दोहराया कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ उत्पीड़न उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल के समय की घटना है। इमरान ने कहा कि जब असीम मुनीर को आईएसआई प्रमुख के पद से हटाया गया, तो उन्होंने जुल्फी बुखारी (पीटीआई नेता) के जरिए बुशरा बीबी को एक मैसेज भेजकर मुलाकात का अनुरोध करने की कोशिश की। जिससे उन्होंने साफ इन्कार कर दिया। इमरान ने दावा किया की असीम मुनीर उनसे निजी दुश्मनी का बदला लेने और भावनात्मक रूप से तोड़ने के लिए ऐसा कर रहें हैं। इमरान खान को रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद रखा गया है। इमरान की पार्टी पीटीआई 5 अगस्त से देशव्यापी प्रदर्शन शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि उनकी रिहाई के लिए शहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान पर दबाव बनाया जा सके। पार्टी ने इसे 'इमरान खान को आजाद करो' अभियान नाम दिया है।

# बांग्लादेश में हिंसा फायरिंग में चार की मौत, 9 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश के गोपालगंज शहर में युवाओं के नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) की एक रैली में हिंसा भड़क उठी। हिंसा के दौरान पुलिस की फायरिंग में चार लोगों की मौत हो गई। 9 लोग घोली लगने से घायल हैं।

गोपालगंज बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का गृहनगर है। बांग्लादेश की प्रोथोम अलो न्यूज एजेंसी के अनुसार, एनसीपी की रैली के दौरान शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के समर्थक पुलिस से भिड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अवामी लीग समर्थकों ने पुलिस पर लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों से पुलिस, सेना और पैरामिलिट्री फोर्स पर हमला कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और स्थानीय प्रशासनिक प्रमुख के वाहनों में भी तोड़फोड़ की। साथ ही एनसीपी के काफिले पर भी हमला किया, जिसके बाद सुरक्षाबलों को गोलियां चलानी पड़ीं।

**■ शेख हसीना के गृहनगर में रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़प हुई**

सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले और साउंड ग्रेनेड भी फेंके। हिंसा में मारे गए लोगों में से तीन की पहचान दीप्तो साहा (25 साल), रमजान काजी (18 साल) और सोहेल मोल्ला (41 साल) के रूप में हुई है। डाक्टरों ने बताया कि मृतकों को घायल अवस्था में गोपालगंज जनरल अस्पताल लाया गया था।

# कोका-कोला में गन्ने की चीनी का होगा इस्तेमाल: डोनाल्ड ट्रम्प

## हमारे कोका-कोला उत्पाद रेंज में नए और अभिनव उत्पादों के बारे में अधिक जानकारी जल्द साझा की जाएगी



**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि अटलांटा स्थित शीतल पेय की दिग्गज कंपनी 'कोका-कोला' देश में अपने सोडा और कोक में असली गन्ने की चीनी का इस्तेमाल फिर से शुरू करेगी। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा मैं अमेरिका में कोक में असली गन्ने की चीनी के इस्तेमाल के बारे में कोका-कोला से बात कर रहा हूं और उन्होंने ऐसा करने पर सहमति जताई है। इस बीच कोका-कोला की ओर से जारी एक संक्षिप्त बयान के मुताबिक हम अपने प्रतिष्ठित कोका-कोला ब्रांड के प्रति राष्ट्रपति के उत्साह की सराहना करते हैं। हमारे कोका-कोला उत्पाद रेंज में नए और अभिनव उत्पादों के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी। गौरतलब है कि कोका-कोला ने लागत में कटौती के प्रयास के तहत 1980 के दशक में 'हाई-फ्क्टोज़ कॉर्न सिरप' अपनाया था। हालांकि उसे यह बताया गया था कि सामग्री में बदलाव से कोक की शेल्फ लाइफ कम हो जाएगी और निर्माण लागत बढ़ जाएगी। इस बीच अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव संबंधी मामलों के मंत्री रॉबर्ट एफ-कैनेडी जूनियर ने उच्च-फ्रुक्टोज़ कॉर्न सिरप जैसे मीठे पदार्थों के इस्तेमाल की आलोचना की है। वर्तमान में कोका-कोला अमेरिका में सोडा का एक ऐसा उत्पाद भी उपलब्ध कराता है जिसमें गन्ने की चीनी का इस्तेमाल किया जाता है। इसे 'मैक्सिकन कोक' के नाम से जाना जाता है।

**कोका-कोला ने लागत में कटौती के प्रयास के तहत 1980 के दशक में 'हाई-फ्क्टोज कॉर्न सिरप' अपनाया था**

## अलास्का में 7.3 तीव्रता का भूकंप

**जूनो।** अमेरिकी राज्य अलास्का में गुरुवार तड़के करीब 2 बजे (भारतीय समयानुसार) भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.3 रही। इसके बाद राज्य के तटवर्ती इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि, कुछ घंटों बाद इसे वापस ले लिया गया। नेशनल सेंटर फार सिस्मोलाजी (एनसीएस) के मुताबिक भूकंप अलास्का के पापोफ आइलैंड पर सैंड पाइंट के पास आया। इसका केंद्र जमीन से 36 किलोमीटर नीचे था। हालांकि, इसमें अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अलास्का भूकंप एजेंसी के मुताबिक यहां एक सप्ताह में, लगभग 400 भूकंप दर्ज किए गए। सबसे बड़ा भूकंप 16 जुलाई को अटका के पास 5.1 तीव्रता का था।

दुबई IMMEDIATE DEPARTURE दुबई
INTERVIEW 19, 21 & 22 JULY AT CHANDIGARH OFFICE
कंस्ट्रक्शन हैल्पर 200 Nos ONLY 25000/- SERVICE CHARGES
दुबई की WADE ADAM कंपनी को निम्नलिखित CATEGORIES तुरंत चाहिए
OPERATORS: JCB, BOBCAT, ROLLER, BACKHOE, EXCAVATOR, MOBILE CRANE, WHEEL LOADER, GRADER BUS DRIVER, LIGHT DUTY DRIVER, HYDRAULIC MECHANIC, PLANT ELECTRICIAN, HEAVY DUTY MECHANIC, RIGGER
नोट ड्राईवरों व ऑपरेटरों के पास UAE Valid/Expire लाईसेंस होना चाहिऐ
Email: chdjobs@ambecs.com Lic No. B-0254/MUM/COM/1000+/5/7295/2005
AMBE CONSULTANCY SERVICES PVT. LTD. 73558-48978
CHANDIGARH:- SCO 15, Sector 20-D. 86578-56477

# हूतियों ने इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर किया हमला

**सना।** यमन के सशस्त्र समूह हूती ने इजरायल के बेन गुरियन हवाईअड्डे पर बैलेस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हमला करने का दावा किया है। समूह ने बुधवार रात कहा कि इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे को एक बैलिस्टिक मिसाइल और दो ड्रोन से निशाना बनाया। यह हमला दिन में गया था।

हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि इस हमले के कारण इजरायली हवाई अड्डे का हवाई संचालन अस्थाई रूप से थम गया और हज़ारों इज़रायली नागरिक आश्रय स्थलों की ओर भागते नजर आये। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा सैटेलाइट टीवी चैनल पर प्रसारित एक टेलीविज़न बयान में सरिया ने कहा कि हमले ने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। उन्होंने कहा कि समूह ने नेगेव रेगिस्तान की ओर दो अन्य बम से लदे ड्रोन दागे और इज़रायली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। समूह ने यह भी संकेत दिया कि वह नेगेव रेगिस्तान में स्थित इजरायली परमाणु प्रतिष्ठान को निशाना बना सकता है। यह ठिकाना डिमोना शहर से लगभग आठ मील दक्षिण-पूर्व में है।

**■ समूह ने नेगेव रेगिस्तान की ओर दो अन्य बम से लदे ड्रोन दागे और इज़रायली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया**

प्रवक्ता ने संकल्प लिया कि सशस्त्र समूह इजरायल से जुड़े जहाजों या इजरायल माल ले जाने वाले जहाजों को निशाना बनाना जारी रखेगा। इस बीच इज़रायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया पर हूती मिसाइल को रोके जाने की खबर दी। किसी नुकसान या हताहत की खबर नहीं है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना- पैरामैडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट